(१९) मीन का वर्गोत्तमी शुक्र चतुर्थ स्थान में हो तो गड़ा हुआ धन या लाटरी द्वारा धनी बनता है ।

(२०) वृष का मंगल छठे स्थान पर हो तो गड़ा धन मिलता है ।

(२१) मकर व कर्क राशि पर गुरु छटे स्थान पर जिसकी कुन्डली में हो तो गड़ा हुआ धन मिलता है ।

(२२) चतुर्थ स्थान में यदि वृष राशि का शुक्र हो तो उसके जमीन जायदाद स्वत: हो जाती है ।

(२३) कर्क लग्न में सूर्य, तुला राशि पर बैठा हो शनि चतुर्थ स्थान पर बुध, शुक्र ५-६ अंक के दूसरे अथवा तीसरे स्थान पर बैठा हो तो वह मनुष्य निश्चय ही बड़ा धनी होता है।

इस प्रकार के ग्रहयोग जिसके हों उस प्राणी को सही सट्टे द्वारा द्रव्य प्राप्त होता है अन्य व्यापारी जिनको सट्टे से लाभ नहीं वह अपना द्रव्य नष्ट कर पीछे पछताया करते हैं। इस कारण व्यापारी को चाहिये कि प्रथम इस बात का विचार करे कि मुझे सट्टे से लाभ है या नहीं ? पूर्ण निश्चय हो जाने पर ही व्यापार सट्टा करे अन्यथा नहीं ।

व्यापार विमर्श सं० २०४१ ई०

'व्यापारे वसति लक्ष्मीः'—यह उक्ति अनुभव के आधार पर खरी उतरती है ; क्योंकि सेवावृत्ति-वाला व्यक्ति कभी लक्षाधीश नहीं देखा गया । हां, व्यापार के माध्यम से व्यक्ति कोट्यधीश बने हैं ।

जीवन के सभी पहलूओं पर विचार करने से यह बात निस्सन्देह सत्य सिद्ध हो चुकी है, कि भाग्य में जितना आपको लाभ होना लिखा है, उतना ही होगा । भाग्य के द्वारा निर्धारित अधिकार से अधिक आपका परिश्रम एवं विद्या भी आपको नहीं दिला सकते—"भाग्यं फलति सर्वत्र न विद्या न च पौरुषम् ।" मनुष्य की बुद्धि भी भाग्य के संकेत पर ही मनुष्य को हानि लाभ की ओर प्रेरित करती है । मनुष्य के भाग्य में हानि लाभ के संकेत को पढ़ने के लिए ग्रहगति का रहस्यात्मक-ज्ञान मनुष्य को ऋषियों से प्राप्त हुआ है । अतः व्यापार बढ़ाने से पहिले संभावित हानि से बचने के लिए अपनी व्यक्तिगत ग्रहगति को ध्यान में रखना परमावश्यक है. अपनी कुण्डली में नेष्टग्रह से सम्बन्धित-वस्तु का व्यापार न करें. आपके लिए इस वर्ष जो ग्रह लाभप्रद है, उससे सम्बन्धित वस्तु के व्यापार से लाभ ले सकते हैं । अतः वर्षारम्भ में ही जन्मपत्र भेजकर व्यापारिक दृष्टि से विचार करा लेना आवश्यक है।

संवत २०४० में गुरु, शनि, राहु, मंगल, यूरेनस, नैपच्यून और प्लूटो आदि के चार एवं युति-प्रतियुति के आधार पर यह स्पष्ट घोषणा की जाती है, कि इस साल व्यापारिक जगत में विशेष उथल-पुथल होगी । अनाजों में भयंकर तेजी मन्दी आएगी, सरसों, तिल, तेल, घी, रूई, गुड़, खाण्ड, एव रेयान चांदी-सोना आदि के भावों में भी ज़बरदस्त उतार-चढ़ाव आयेंगे । कहने का तात्पर्य यह है, कि इस वर्ष व्यापारिक क्षेत्र में रंक से राजा एवं राजा से रंक बना देने वाले विशेष योग हैं । अतः वार्षिक ग्राहक बनकर समय-समय पर ताजा परामर्श प्राप्त करके उत्तम लाभ प्राप्त करें । इस वर्ष ग्रहचाल के खिलाफ चलने वाले व्यापारी भारी हानि में रहेंगे । नोट कर लें ।

'व्यापार विमर्श' में हम ग्रहचाल के मुताबिक सभी व्यापारियों को सावधान करते रहे हैं, गत वर्ष भी हजारों व्यापारी सोना, चांदी एवं अन्य जिन्सों में लाभ उठा चुके हैं । ताजा परामर्श प्राप्त करके हमारे ग्राहक व्यापारी लाखों का लाभ उठा गए हैं । इस वर्ष भी हम सं० २०४१ में ग्रहगति के अनुसार तेजी मन्दी की विशेष लाइनों का संकेत यहां देंगे तथा सामयिक तेजी-मन्दी का भी विवेचन करेंगे । फिर भी व्यापारियों से आग्रह है, कि वे निम्नांकित हिदायतों को ध्यान में रखते हुए अपनी ग्रहचाल के अनुकूल होने पर ही व्यापार करने के लिए आगे बढ़ें ।

वायदा-व्यापारियों के लिए हिदायतें

(१) सदैव उतने ही लाभ की आशा करके व्यापार करें, जितनी साधारणतया हानि उठाने की सामर्थ्य हो । (२) सदैव याद रखो, कि वायदा व्यापार में नुकसान की लिमिट बांध कर काम करें, ज्यादा नुकसान व घबराहट से बच जाओगे, कम नुकसान में सौदा काट देना अक्लमन्दी है । (३) व्यापार करते समय ध्यान रहे कि सबसे पहले अपने मन में व्यापारिक आधार के साथ-साथ ग्रह-गति के आधार पर निर्णय कर लें, कि यह समय इस वस्तु में मोटी तेजी का है या मोटी मन्दी का ? मन में यह धारणा बांध कर बाजार का रुख देखें । यदि व्यापार की लहर तेजी की चल रही हो तो हमारे परामर्श से तेजी का व्यापार करके लाभ उठावें । (४) यदि यह योग भी मन्दे का हो और बाजार में मन्दी के मोटे कारण भी दिखलाई देने लगें और व्यापार के वक्त भी बाजार का रुख मन्दे का हो तो ऐसी स्थिति में हर बढ़े भाव में बेचाव करते रहिए, थोड़ा-थोड़ा सौदा काट कर नफा से मुलटते रहिए ।

(५) व्यापार की लहर तेजी की है या मन्दी की ? यह जानने के लिए 'खास' वस्तु के भावों को देखना चाहिए । यदि उस वस्तु में हर तीसरे चौथे आठवें दिन मन्दी के या तेजी के नए-नए भाव आते चले जाएं, जैसे तीसरे दिन नया भाव मन्दी का आवे तो जान लो, कि वस्तु में अब मन्दे की लहर चल रही है, उसे मन्दे के उछाले में बेच दें । (६) यदि मन्दी के भाव छटते चले जाएं और तेजी के भाव तीसरे या चौथे दिन नए बनते जाएं तो समझ लें कि तेजी की लहर चल रही है, ऐसे समय जब ग्रहचाल से भी तेजी नजर आएं तो तेजी का व्यापार करके प्रायः लाभ उठाया जा सकता है । (७) बाजार के खिलाफ कभी काम न करें । मानलो, आपने तेजी का काम किया, उधर सौदा करते ही बाजार में मन्दे की लहर चल रही हो तो किसी भी समय तेजी का उछाला आते ही सौदा खत्म कर दो, बड़े नुकसान से बच जाओगे । हमेशा ग्रहयोग को आधार मान कर और बाजार के रुख को ध्यान में रखते हुए अपनी पाराशरी शुभदशा में व्यापार से अच्छा लाभ उठाया जा सकता है । इसके विरुद्ध खोटी ग्रहस्थिति वाले व्यापारियों को वायदों का व्यापार भूलकर भी नहीं करना चाहिए, क्योंकि भारी हानि हो सकती है, सट्टा तो सितारे का साथी है । अतः समयानुसार पत्र द्वारा अपनी दशा के अनुसार हमारे सुझावों द्वारा लाभ उठा सकते है ।

इस वर्ष 'ग्रीष्म सस्य जातक' कुण्डली के अनुसार अनाजों में भयंकर तेजी बनेगी, कुछ स्थानों पर प्राकृतिक प्रकोप से खड़ी फसलों को हानि होने से सुखाग्रस्त क्षेत्र घोषित करने पड़ेंगे । परिणामस्वरूप तेजी का बोलबाला रहेगा । ग्रीष्म सस्यजातक कुण्डली में चतुर्थभाव में शनि-मंगल-चद्र का सम्बन्ध कहीं अकाल की स्थिति को बनाएगा, जिससे व्यापारिक क्षेत्र प्रभावित होगा ।

शरत्सस्यजातक कुण्डली के अनुसार ईख, गुड़, खाण्ड आदि रस पदार्थ तेज रहेंगे ।

अप्रैल—शनि-मंगल मासारम्भ से पूर्व ही वक्री चल रहे हैं; २ अप्रैल को नेपच्यून भी वक्री हो जाता है । क्योंकि नेपच्यून बृहस्पति की राशि (धनु) में है तथा बृहस्पति

१५ जुलाई को कर्क संक्रान्ति रविवारी है ; शुक्र बुध के साथ सूर्य का सम्बन्ध रुई, सूत, बादाम, सुपारी, फल, गुड़, खाण्ड, शक्कर, तिल, नारियल, सरसों, चान्दी एवं सोना में अच्छी तेजी का संकेत देता है। अनाजों में कुछ मन्दी के बाद तेजी बनेगी। २० जुलाई तक तिल, तेल, सरसों, गुड़, खण्ड, अनाज, सूत, सण, सोना, चान्दी, तिल, चावल में तेजी रहेगी। २१ जुलाई से गुड़, खाण्ड, शक्कर, रुई आदि मन्दे होंगे गेहूं, चना, जौ, सूत, रुई, वस्त्र, देवदारु में तेजी का रुख रहेगा।

२२ जुलाई को शुक्र के उदय होने पर मासान्त तक बाजार के ट्रेण्ड के खिलाफ़ काम न करें, हानि भय है। बाजार के रुख के अनुसार काम करके अच्छा लाभ ले सकेंगे। घी खाण्ड में मन्दा रहेगा। रुई, वस्त्र, सूत, सण, सोना, चान्दी, तिल, चावल में तेजी रहेगी ; लेकिन फिर भी बाजार का रुख देख कर ही काम करने की सलाह है।

अगस्त—२ अगस्त को शुक्र सिंह राशि में दाखिल हो रहा है ; सिंहस्थ-शुक्र वर्षा में रुकावट डालने वाला माना गया है, लेकिन सिंहस्थ-शुक्र के साथ बुध होने से तथा बृहस्पति की दृष्टि होने से वर्षा में रोक नहीं पड़ेगी, वर्षा अच्छी होगी। इस समय व्यापारी जोरदार तेजी या मन्दी की आशा रक्खें क्योंकि बुध-शुक्र का मेल चलो आ रही लाईन को बढ़ावा देता है। हमारे विचार से चांदी, रुई में पहले मन्दी बाद में तेजी आएगी। गुड़, खाण्ड, कपास, पाट, बारदाना, तिलहन में भी मन्दे की आशा है। बाजार का रुख देखकर तदनुसार ही काम करें। ४-५ अगस्त को वर्षा का योग बनता है। ५ अगस्त को वृश्चिक राशि में मंगल, केतु के साथ सम्बन्ध बनाता है। मंगल तेल-वाना, चांदी-सोना, रुई, कपास, जूट एवं शेयर बाजारों को विशेष रूप से प्रभावित करने वाला ग्रह है। वृश्चिक मंगल की अपनी राशि है, यूरेनस भी वृश्चिक राशि में है, अतः बाजारों में धीरे धीरे तेजी कम हो सकती है, तेजी के बीच बीच मन्दे के झटके आ कर बाजार नीचे जाते नजर आएंगे। ९-१० अगस्त को अनाजों में मन्दे का ट्रेण्ड बनेगा। कपास, रुई, तिलहन में भारी तेजी आएगी, बाजार का रुख देखकर अच्छा लाभ ले सकेंगे। ११ अगस्त को कुलथ, मूंग, मोठ, ज्वार, बाजरा, व सोना-चान्दी में मन्दा रहेगा, रुई में घटाबढ़ी के बाद मन्दी आएगी। १४ अगस्त को बाजार का रुख बदलेगा। गेहूं, जौ, चना आदि अनाज एवं रुई में अच्छी तेजी की उम्मीद है। घी, गुड़, खाण्ड, शक्कर एवं शेयरों में भी तेजी का ट्रेण्ड चलेगा। १८ अगस्त को वक्री बुध-शुक्र एवं २२ अगस्त की मंगल-केतुयुति का प्रभाव व्यापार पर विशेष होगा। बाजारों में विशेष तेजी आएगी। अफवाहों से बाजार टूट टूट कर ऊपर उठेंगे। रुई, चांदी, गुड़, खाण्ड, कपास, जूट, सोना तथा शेयर बाजार गर्म रहेंगे, तिल, तेल, घी, सरसों, तोरिया आदि में भी अच्छी तेजी आएगी।

यह तेजी का ट्रेण्ड उत्तम-मध्यम रूप से २० अगस्त तक चल सकता है। २१ अगस्त को वक्री बुध अस्त होता है। अनाजों में तेजी का ट्रेण्ड रहे तथा रुई में झटके से मन्दी आएगी, चांदी तेज, पाट हैसियन और शेयरों में मन्दा आएगा। २६ अगस्त तक रुई में अच्छी तेजी बन सकती है। इस मास में जलवायु के विचार से कुछ प्रान्तों में वर्षा की कमी रहने से भी तेजी का ट्रेण्ड बना रहेगा।

२७ अगस्त को शुक्र कन्या राशि में आ जाता है। शुक्र अकेला ही कभी-कभी जोरदार मन्दी ला देता है अतः बाजार की चाल पर नजर रक्खें। २८ अगस्त को सूर्य एवं वक्री बुध की युति होगी बाजारों में एक सप्ताह के लिए अच्छी घटाबढ़ी चलेगी, रुई, कपास, तिलहन, बारदाना, अनाज के व्यापारी विचारपूर्वक काम करके अच्छा लाभ ले सकेंगे। हमारे विचार में चांदी में घटाबढ़ी होकर तेजी बनेगी। गेहूं आदि अनाज एवं गुड़, खाण्ड, ऊनी व रेशमी वस्त्र तेज होंगे। चावलों में विशेष तेजी का झटका आ सकता है। २९ अगस्त को गुरु के मार्गी होने पर रुई और चान्दी में जोरदार मन्दा बनेगा। चावल, अलसी, सरसों, गुड़, तमाखू में तेजी का रुख रहेगा। मासान्त में जीरा, सोना, गुड़, खाण्ड, सरसों, तिल, तेल, घी, गेहूं, ज्वार, चावल, ऊनी कपड़ा आदि में तेजी बनेगी।

सितम्बर—४ सितम्बर को हस्त में शुक्र एवं ज्येष्ठा में मंगल आता है। साथ ही मंगल एवं यूरेनस की युति भी हो रही है। इस समय अगर रुई, चांदी, चावल में मन्दा चले तो जी भरकर स्टाक कर लें, २० सितम्बर के बाद अच्छी तेजी से उत्तम लाभ ले सकेंगे। अगर ४ सितम्बर को जोरदार तेजी आए तो तेजी का व्यापार बढ़ावें, अच्छा लाभ मिलेगा। यह चांस चांदी, रुई, चावल, गुड़ खाण्ड, तिलहन वालों को लाभ देगा। हमारे विचार में फसल का नुक्सान होने के समाचार से यह चांस तेजी का ही है, फिर भी बाजार का रुख देखकर ही काम करें।

६ सितम्बर को बुध उदय होगा। तिल, घी, पाट हैसियन एवं लाल मिर्च में तेजी रहेगी। रुई में पहले मन्दी बाद में तेजी रहे। ७ सितम्बर को बुध एवं १० सितम्बर को नेपच्यून मार्गी हो रहा है, वायदा व्यापार की लाईन बदल सकती है, बाजार के रुख को जांच कर काम करें। रुई में पहले मन्दी फिर तेजी, चान्दी में घटाबढ़ी के बाद तेजी रहे। रेशम, तेल, अलसी, एरण्ड, गुड़, बिनौला, मूंगफली, कपूर, चन्दन, अगर आदि सुगन्धित चीजों में मन्दे का रुख रहेगा। १२ से १६ सितम्बर तक रुई, कपास, रेशम, सूत, सोना, चान्दी, लोहा, घी, तिल, तेल, अलसी, सरसों, एरण्ड, चावल, उड़द, ज्वार, सुपारी, नारियल, में तेजी का वातावरण रहेगा। १७ सितम्बर को गुड़, खाण्ड, गेहूं आदि अनाज मन्दे होंगे।

२० सितम्बर को शुक्र अपनी राशि तुला में आकर शनि के साथ राशि सम्बन्ध करता है ;—तुला राशि विशेषतया कपास, रुई, चांदी, सोना, गुड़, खाण्ड से सम्बन्धित है। शनि प्रधानतया तिलहन बाजारों को प्रभावित करता है। शुक्र स्वाती नक्षत्र में है ; स्वाती नक्षत्र तेलवाना और रुई, कपास का प्रतिनिधि नक्षत्र है। अतः व्यापारी नोट कर लें कि इस समय रुई, चांदी, चावल, तिल, सरसों, तोरिया, तेल, घी, गुड़, खाण्ड, सोना में जबरदस्त तेजी आएगी। बाजार का रुख देखकर उत्तम लाभ की आशा रक्खें; ताजा परामर्श के लिए पत्र व्यवहार करें। इस समय भाव उत्तम बनेंगे। २४ सितम्बर के बाद चांदी में कुछ मन्दा बनेगा। छोटे-मोटे अनाजों के भाव तेज ही रहेंगे। रुई में घटाबढ़ी के बाद तेजी रहेगी।

२६ सितम्बर को शुक्र प्लूटो की युति हो रही है, रुई, कपास, तेलवाना, गुड़, खाण्ड, चान्दी आदि में तेजी की प्रधानता रहेगी। २७ सितम्बर को बुध के कन्या राशि में आने पर तेजी का बल और बढ़ेगा, तिलहन, गुड़ खाण्ड, सोना-चान्दी, रुई, कपास के व्यापारी मासान्त तक तेजी से लाभ ले सकेंगे।

अक्तूबर—३ अक्तूबर को मंगल-नेपच्यून की युति के परिणामस्वरूप तांबा, सोना आदि धातु तथा गुड़, खाण्ड, तेल, तिलहन में कुछ देर की तेजी के बाद मन्दा रहेगा। धनु राशि के मंगल-यूरेनस का गुरु के साथ सम्बन्ध होने से बाजार टूट कर मन्दे की ओर रहेगा। शुक्र-शनि एक राशिस्थ होने से भी तिलहन, गुड़-खाण्ड, चान्दी आदि के बाजारों में अच्छी घटाबढ़ी रहेगी, अतः मन्दे में खरीदें और तेजी में बेचने से ही लाभ रहेगा। ६ अक्तूबर के लगभग रुई व अनाज मन्दे रहेंगे।

८ अक्तूबर को शुक्र-शनि की अशांत्मकयुति बहुत महत्त्वपूर्ण है। दालवाना एवं सभी प्रकार के अनाजों के व्यापारी इस समय उत्तम तेजी से अच्छा लाभ लेंगे तथा सोना, चान्दी, गुड़, घी, तिलहन के व्यापारी भी अच्छा लाभ लेंगे। तेजी में रहने की सलाह है। ११ अक्तूबर को सूर्य-बुध एवं १४ अक्तूबर को मंगल-गुरु की अंशात्मक युति एव शुक्र के वृश्चिक में आने पर भी रुई, गुड़, खाण्ड, सोना, चान्दी, छोटे-मोटे अनाजों में उत्तम तेजी से लाभ उठा सकेंगे। लेकिन ध्यान दें यह तेजी अधिक देर ठहरेगी नहीं, जब भी अच्छा लाभ मिले तुरन्त लाभ ले लें। १४ अक्तूबर सांय ही मन्दे का वातावरण बन सकता है, अतः विचारपूर्वक काम करें।

१६ अक्तूबर को मंगलवारी संक्रान्ति चावल, चना, गेहूं, जौ, ज्वार, गुड़, खाण्ड, चान्दी-सोना में तेजी लाएगी। १८ अक्तूबर को बाजार मन्दे रहेंगे।

१९ अक्तूबर को व्यापारी नोट करें, कि इस दिन शुक्र-केतु और सूर्य-बुध की युति होगी, अतः तेल, घी, गुड़, खाण्ड, सरसों, तोरिया, एरण्ड, खल, बिनौला एवं अनाजों में तेजी रहेगी, बाजार के रुख को ध्यान में रखकर काम करें।

२५ अक्तूबर को सूर्य-प्लूटो और २९ अक्तूबर को बुध-शनि तथा ३० अक्तूबर को बुध-केतु की अंशात्मक युति को भी व्यपारी ध्यान में रखें। इन तारीखों में प्रत्येक व्यापारी चान्दी-सोना, तेल-तिलहन, गुड़-खाण्ड, दालें, अनाज एवं रुई कपास के व्यापारी तेजी का ध्यान करके काम करें तो लाभ मिलेगा। बीच में २६ से २७ अक्तूबर तक बाजारों में मन्दे का झटका भी आ सकता है। अतः सावधानी से काम करें।

नवम्बर—२ नवम्बर को बुध वृश्चिक राशि में आकर शुक्र और केतु के साथ योग करेगा। इस समय अगर बाजार तेजी का है तो तेजी में रहें। यदि बाजार में मन्दी है तो मन्दे में रहने से लाभ रहेगा। हमारा विचार तेजी आने का है। अतः चावल, कपास, गुड़ खाण्ड, तिलहन, दालें व अन्य अनाजों में विशेषतः रुई, चांदी में तेजी का ही विचार है। ५ नवम्बर को बुध केतु की युति भी तेजी ही करेगी, तेजी में ही रहें। ६ नवम्बर को मंगल मकर राशि में आ जाता है, रुई, सोना, चान्दी, ताम्बा, गुड़, खाण्ड घी, तेल, अलसी एवं ऊन में तेजी एवं अनाजों में कुछ मन्दी रहे। ८ नवम्बर को धनु राशि में गुरु-शुक्र का मेल मन्दे पर रोक लगा सकता है। बाजार के रुख को देखकर काम करें। रुई, सूत, कपास, तिलहन में अच्छी घटाबढ़ी चलेगी। ११ नवम्बर को सूर्य-शनि की युति का प्रभाव विशेषतया अरहर, मूंगी, मोठ, माह, चना, चावल, गेहूं, जौ, ज्वार, बाजरा तथा तेल, घी, तिलहन पर पड़ेगा, तेजी को ध्यान में रखकर काम करें। १३ नवम्बर को शुक्र-नेपच्यून की युति एवं १५ नवम्बर को बुध यूरेनस की युति एवं वृश्चिक संक्रान्ति के प्रभाव के कारण खड़ी फसलों को हानि पहुंचेगी। झटके के साथ बाजारों में मन्दे एवं कुछ तेजी के रिएक्शन आएंगे। अतः इस समय एक तरफ व्यापार करके लाभ नहीं ले सकेंगे, बाजार के रुख को देखकर मन्दे में खरीदें तेजी में बेचने से लाभ मिलेगा। १९ नवम्बर तक मन्दे के अच्छे रिएक्शन आने की उम्मीद है। २० नवम्बर को श्रवण नक्षत्र में बुध आने पर गेहूं जौ, चना, ज्वार, बाजरा में भारी तेजी आएगी, तिल, धातु, सोना चान्दी भी तेज रहेंगे। नवम्बर २२ तक तेजी रहेगी।

२३ नवम्बर को धनु राशि के गुरु बुध मन्दे का वातावरण बनायेंगे। इस समय घी तेल, सरसों, तोरिया, सोना चान्दी एवं अन्य बाजारों में मन्दा बनेगा; तेजी में न रहें। २५ नवम्बर को गुरु-शुक्र के युद्ध में शुक्र परास्त हो जाता है, अतः वर्षा की कमी से तथा अन्य राजनैतिक गतिविधि के कारण पैट्रोल, तेल, चान्दी, सोना एवं तेलवाना में अच्छी तेजी या अच्छा मन्दा आएगा; अतः सूझबूझ से काम करें।

२८ नवम्बर के बाद मासान्त तक तेजी का रुख रहेगा!

दिसम्बर—३ दिसंबर को शुक्र मकर राशि में आकर उच्च मंगल साथ के सम्बन्ध करेगा। गुड़, खाण्ड, घी, गेहूं, चना आदि सब अनाजों में तेजी आती है, रुई और चान्दी में पहले घटाबढ़ी होकर फिर तेजी आएगी। ४ दिसम्बर को रुई और चान्दी में झटके के साथ तेजी के बाद मन्दा आएगा। शेयर, सूखा मेवा, फल एवं चान्दी में ४ से ६ दिसम्बर तक अच्छी तेजी आएगी, उत्तम लाभ ले सकते हैं। इसी बीच ५ दिसम्बर को सूर्य-यूरेनस युति का प्रभाव अनाजों पर पड़ेगा, अनाजों में तेजी आएगी। ८ दिसम्बर को अनाजों में तेजी ही चलेगी लेकिन रुई में झटके के साथ जल्दी ही मन्दा आने के योग हैं, चांदी तेज, पाट, हैसियन, और शेयर मन्दे रहेंगे। १२ दिसम्बर को भी बाजार मन्दे में रहेंगे। ध्यान दें, कि—नवम्बर के अन्तिम सप्ताह एवं दिसम्बर के पूर्वार्ध में अनाज, दालवाना, गुड़, खाण्ड, शक्कर, तिल, तेल, घी, रुई, कपास का स्टाक करने पर आगे जनवरी १९८५ ई० तक भयंकर तेजी से व्यापारी उत्तम लाभ प्राप्त करेंगे। इस बारे में ताजा एवं अन्तिम निर्णय प्राप्त करने के लिए अपने जन्म पत्र के साथ 25 रुपये फीस भेजकर पत्र व्यवहार करें, फीस आने पर अन्य लाभप्रद चांस भी लिखेंगे।

१४ दिसम्बर को सूर्य और बुध की युति होगी। 20 दिसम्बर को शनि वृश्चिक राशि में दाखिल होकर बुध और केतु के साथ सम्बन्ध बनाएगा। ध्यान दें, कि बुध वक्री होकर वापस पुनः वृश्चिक राशि में आया है। इस मास में शनि-केतु का सम्बन्ध तथा शनि केतु पर राहु की दृष्टि को ध्यान में रखें। यह योग २९ जनवरी १९८५ ई० तक चलेगा। गेहूं, जौ, चना, ज्वार, बाजरा, मसूर, आजवायन, मेवा, रुई, चान्दी, तिल, तेल, सरसों, तोरिया, घी, गुड़, खाण्ड में जबरदस्त तेजी या मन्दे की लाईन बनेगी, हमारे विचार से तेजी आने का विचार है, फिर भी बाजार के रुख को जाचकर उत्तम लाभ प्राप्त किया जा सकेगा। यह चांस उत्तम लाभ का है; विचारपूर्वक काम करें।

२३ से २५ दिसम्बर तक रुई कपास, सोना, चान्दी के व्यापारी होशियारी से काम करें; मन्दे के रिएक्शन आ सकते हैं। २६ दिसम्बर से खाण्ड एवं गुड़ में भारी तेजी रहेगी।

पौष संक्रान्ति शनिवारी है, माघ संक्रान्ति रविवारी एवं फाल्गुन संक्रान्ति मंगलवारी पड़ती है—यह खप्पर योग बन जाता है। इस योग का प्रभाव मौसम एवं जलवायु पर होगा। राजनैतिक उलझनें सामने आएंगी, खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचेगा।

इसके साथ ही विशेष विचारणीय बात यह है कि २२ दिसम्बर के लगभग मंगल अतिचारी हो रहा है, मंगल, जब भी अतिचारी हुआ है तब बाजारों में जबरदस्त तेजी या जबरदस्त मन्दी आई है। अतः इस समय हाजर एवं वायदा के व्यापारी असाधारण

घटाबढ़ी को ध्यान में रखकर काम करें, बाजार के रुख के विरुद्ध काम भूलकर भी न करें, लम्बी तेजी या मन्दे की लाईन बनेगी ;—हमारा विचार मासान्त तक उत्तम तेजी का ही है।

जनवरी (१९८५ ई०)—४ जनवरी को शुक्र शतभिषा नक्षत्र में आ जाता है, इसी दिन शनि-केतु की अंशयुति भी बहुत महत्त्वपूर्ण है, शनि-केतु के साथ बुध का सम्बन्ध भी है; इस समय विशेष ध्यान देने योग्य बात है, कि बृहस्पति ५ जनवरी को अस्त हो रहा है अतः ४ जनवरी को तेलवाना, सोना-चान्दी, गुड़, खाण्ड में तेजी का उछाला आने के बाद जल्दी ही मन्दे का रुख बनेगा। बाजार के रुख को देखें अगर मन्दा है तो ६ जनवरी से और मन्दा बन जाने की उम्मीद रक्खें, अन्यथा तेजी में रहें। हमारा विचार सामान्यतः मन्दे का ही है।

१० जनवरी को बृहस्पति मकर राशि में आ जाता है—यह तूफानी तेजी या मन्दी का अवसर है, इस समय बाजार के रुख के विरुद्ध काम करने वाले व्यापारी जबरदस्त हानि में रहेंगे। ध्यान दें कि गुरु की अस्तावस्था में राशि बदली है; अत एक-दो दिन बाजार के रुख देख कर व्यापार बढ़ावें, **हमारे विचार से मकर संक्रान्ति के लगभग ही गुड़ और खाण्ड में भारी तेजी आएगी। रुई में पहले मन्दी और बाद में तेजी बनेगी। नोट करें, कि मई १९८५ ई० के बाद रुई में भयंकर तेजी की लम्बी लाईन बनेगी, रुई में व्यापारी लाखों का लाभ लेंगे। मकर का गुरु गेहूं, जौ, चना आदि में एकाएक तेजी करेगा, इस समय स्टाकिस्ट भारी लाभ में रहेंगे।** कपूर, चन्दन, मूंगफली, तांबा, सोना, चांदी, सरसों भी तेज रहेंगे। **व्यापारी सावधान—बाजार के रुख के मुताबिक काम करें। तेजी के हालत में, इस तेजी का लाभ गुरु के मकर-राशि प्रवेश से १५ दिन के अन्दर ही ले लें, अन्यथा पीछे मन्दा होने से हानि की सम्भावना है।**

१५ जनवरी को अस्त गुरु की सूर्य से अंशात्मक-युति का प्रभाव बाजारों पर जबरदस्त तेजी के रूप में देखेंगे। लेकिन चांदी-सोना में अच्छा मन्दा आ सकता है, प्राकृतिक-प्रकोप या किसी अन्य कारणों से फसल को हानि पहुंचेगी। मकर एवं कुम्भ राशि के सूर्य-शुक्र-मंगल है, २० जनवरी के लगभग चन्द्रमा का इन से सम्बन्ध कहीं भयंकर दुर्भिक्ष का संकेत देता है—

"मार्कभौमो भृगुश्चैव शनिक्षेत्रे समाश्रिताः
यदा निशापतिस्तत्र तदा दुर्भिक्षतो भयम्।"

२५ जनवरी को मीन राशि का मंगल-शुक्र से सम्बन्ध करके रुई, अनाज, सरसों, तिल, तेल, अलसी, गुड़, खाण्ड में तेजी आएगी। सब तरह के अनाजों में उत्तम तेजी बनने का योग है। **यह तेजी ('आगे की फसल खराब होना, आदि अफवाहों से) मासान्त तक चलेगी। बारदाना, गेहूं, चना, जौ, ज्वार, बाजरा, तेल, तिलहन एवं गुड़, खाण्ड के व्यापारी तेजी से अच्छा लाभ लेंगे।** २७ जनवरी को मकर का बुध रुई, सोना, चांदी में भारी तेजी बनाएगा।

३१ जनवरी को बुध-गुरु युति का प्रभाव भी सभी बाजारों पर तेजी का होगा।

फरवरी—मासारम्भ में ही गुरु के उदय होने पर बाजार का रुख बदल सकता है, अतः सावधानी से काम करें। चान्दी एवं अनाजों में तेजी तथा सोना में मन्दा रहे। ५ फरवरी के लगभग गुड़, खाण्ड, अलसी चना चावल तेज रहेंगे। ११ फरवरी तक अनाजों एवं गुड़ खाण्ड में अच्छी तेजी रहेगी, लेकिन सोना चान्दी और रुई में मन्दे का रुख रहे।

१२ फरवरी को कुम्भ संक्रान्ति मंगलवार को है। घी, तेल, नमक, सरसों, मूंगफली एवं राई में तेजी आएगी। रुई, पाट, अलसी, एरण्ड गेहूं आदि अनाज व गुड़, खाण्ड, शक्कर के व्यापारी बाजार के रुख के अनुसार काम करें।

१५ फरवरी को कुम्भ राशि का बुध घी, तेल, रस, गुड़-खाण्ड, में अच्छी तेजी आएगी। १९ फरवरी को अस्त-बुध की सूर्य के साथ युति होगी, सर्वविध अनाज, सरसों, तोरिया, तेल, घी, गुड़, खाण्ड में झटके की तेजी बनेगी। वर्षा की कमी से कृषक वर्ग चिन्तित रहेगा। फरवरी के मास में विशेष तेजी या मन्दे के विशिष्ट योग नहीं बनते लेकिन बाजार के रुख को ध्यान में रखकर मन्दे में खरीदकर तेजी में बेचने के सिद्धान्त से अच्छा लाभ ले सकेंगे। २१, २२, २३, फरवरी को अनाजों में अचानक अच्छी तेजी आने की उम्मीद है। २२ फरवरी से २६ फरवरी तक गुड़, खाण्ड, सोना, चान्दी, रुई में बाजार अनिश्चित रहेंगे, मन्दे का ट्रेण्ड रह सकता है, अतः विचारपूर्वक काम करें।

मार्च—३ मार्च को बुध मीन में आकर शुक्र के साथ मेल करेगा, ७ मार्च को वृश्चिक-राशि में शनि वक्री है तथा बुध अतिचारी चल रहा है, राहु और मंगल एक साथ मेश राशि में है। सभी प्रकार के अनाज, रुई, गुड़, खाण्ड, शक्कर में मन्दी एवं तेजी के जोरदार झटके आएंगे, मन्दे में खरीदें तेजी में बेचें। सोना चान्दी में घटाबढ़ी के साथ पहले तेजी फिर बाद में उतनी ही मन्दी आएगी। **व्यपारी नोट करें—मार्च के पहले सप्ताह में सोना-चान्दी आदि धातु मूंगा, मोती आदि रत्न, ऊन, रुई, कपास, पाट बारदाना गुड़ आदि रस पदार्थों में जोरदार तेजी भी बनेगी ; यह तेजी उत्तम-मध्यम रूप से 15 दिन तक चल सकती है।** इस मास की ग्रह चाल के अनुसार राजनैतिक वातावरण एवं विश्व के प्रमुख देशों की व्यापारिक-नीति का प्रभाव बाजारों पर पड़ेगा; अतः बाजार के रुख को अच्छी तरह समझ कर ही काम करना बुद्धिमता है। ७ मार्च को चली आ रही लाईन बदल सकती है।

१० मार्च को श्रवण नक्षत्र के गुरु में गुड़, खाण्ड, सोना, चान्दी आदि अनाजों में मन्दी हो। १८ मार्च को शुक्र के वक्र होने पर घी, तेल, गुड़, खाण्ड, शक्कर, गेहूं, जौ, चना, आदि अनाजों में एवं रुई में अच्छी तेजी की आशा रक्खें, अच्छी तेजी के बाद जल्दी ही मन्दा आएगा नोट कर लें। मीन संक्रान्ति एवं अमावस दोनों गुरुवारी होने से अनाजों में, तेलवाना, गुड़ खाण्ड एवं सोना-चान्दी में तेजी आएगी।

मासान्त तक बाजारों में अच्छे उतार-चढ़ाव आएंगे अतः आप बाजार के रुख के अनुसार काम करके अच्छा लाभ ले सकते हैं।

नोट :—इस वर्ष व्यापारियों के लिए उत्तम लाभ के चांस आ रहे हैं; इस विषय में यदि आप हमारा परामर्श चाहते हैं तो आज ही २५ रुपए भेजकर अपना नाम हमारे रजिस्टर में दर्ज करा लें। हम अपने उन व्यापारियों को समय-समय पर चांस भेजते हैं, जिनका नाम हमारे पास दर्ज होता है।

पता—
ज्योतिभूर्षण पं० इन्दु शेखर शास्त्री एम० ए०
मार्तण्ड कार्यालय,
मु० पो० कुराली (जि० रोपड़) पंजाब

आकाशी कौंसिल का विचार (सं० २०४१ वि०)

विश्व की सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक स्थिति पर ग्रहों का प्रभाव

समय परिवर्तन के साथ ही विश्व की परिस्थितियां करवट लेती रहती हैं, जिससे विश्व की घटनाओं को साक्षित्वप्रदान करने वाले इतिहास का जन्म हुआ करता है। विश्व में घटित होने वाली घटनाओं में सफलता-असफलता के परिणाम-स्वरूप मनुष्य अनेकत्र भाग्य को कोसता भी देखा गया है। आखिर इस घटनाक्रम को जन्म देने वाली एवं इस विश्व की गतिविधि को संचालित करने वाली कौन सी अदृश्य-शक्ति है ? इस बारे में हम 'ईश्वरीय प्रेरणा' किंवा 'भवितव्यता' को स्वीकार करते हैं। गीता में भगवान् ने इस गतिविधि के हेतु कालरूप में स्वयं को स्वीकार किया है :—
"कालः कलयतामहम् ।"

आज विज्ञानयुग में हम बिनातर्क के किसी भी बात को स्वीकार करने को उद्यत नहीं हैं। तर्कसंगत-विश्लेषण एवं अनुसंधान के परिणामस्वरूप कालविधान-शास्त्र, ज्योतिषशास्त्र ने अघटित-घटनाक्रम को जन्म देने में ग्रहों के आकर्षण विकर्षण एवं युतिप्रतियुति को ही कारण बताया है। ग्रह कोई निष्क्रिय-पिण्ड नहीं हैं, इनमें क्षणिक-स्पन्दन भी विश्व के मानचित्र को बदल देने की क्षमता रखता है। इसमें सन्देह नहीं, कि—भूकम्प, भयरोग-विग्रह आदि सभी विश्वजनीन-घटनाओं को जन्म देने में ईश्वरीय-प्रेरणा से संचालित 'ग्रहों की गति' भी एक महत्त्वपूर्ण कारण है।

अनन्तकाल से महर्षियों द्वारा उपलब्ध इसशास्त्र पर मनन होता रहा है। इस शास्त्र के आधार पर अपनी बुद्धि के अनुसार सूक्ष्म ग्रह गति से प्राप्त 'संकेतग्रह' को ही 'भविष्यवाणी' के रूप में प्रतिफलित करके विश्व में घटित होने वाली घटनाओं का चित्र आपके समक्ष उपस्थित करते हुए ५६ वर्ष व्यतीत हो चुके हैं। इस पंचाग में प्रकाशित आश्चर्यजनक अव्यभिचरित-भविष्यवाणियों में सर्वसाधारण व्यक्ति से लेकर भारतरत्न श्री जवाहरलाल नेहरू जैसे महान् ऐतिहासिक महापुरुषों की अभिरुचि रही है; परिणामस्वरूप आज भी यह पंचांग अपनी सफल, भविष्यवाणियों के लिए गण्यमान्य नेताओं एवं अन्य सभी पाठकों के लिए विशेष आकर्षण का विषय है।

सूक्ष्मातिसूक्ष्म ग्रहगणित एवं विशिष्ट लेखों के कारण भारत के विद्वद्वर्ग एवं धर्माचार्यों के आशीर्वाद के रूप में जो श्रेय-सम्मान आपके इस पंचांग को प्राप्त हुआ है, वह गौरव का विषय है एवं हमारे लिए बड़ी उपलब्धि है।

'श्रीमार्तण्ड पंचांग' की गतवर्षों की भविष्यवाणियों का दिग्दर्शन इस प्रकार है—

भारत के स्वतन्त्र होने की घोषणा, श्रीगांधी एवं श्री नेहरू के निधन की भविष्य-वाणी, रूस के बुल्गानिन-ख्रुश्चेव के अपदस्थ होने की भविष्यवाणी, चीन में माऊ-माऊ युगान्त की घोषणा, श्री रीगन की सफलता, पाक के विभाजन की भविष्यवाणी एवं समय-समय पर सत्ता परिवर्तन की घोषणा, कांग्रेस का विभाजन, जनता पार्टी की विजय एवं पतन की आश्चर्यजनक भविष्यवाणी पुनः श्रीमती गांधी के नेतृत्व की घोषणा, ईरान-ईराक युद्ध एवं ऐतिहासिक भूकम्पों की भविष्यवाणी, इसके अतिरिक्त भारत एवं अन्य देशों में घटित होने वाली असंख्य सफल भविष्यवाणियां करने का गौरव आपके इस पंचांग को प्राप्त है। स्थानाभाव के कारण यद्यपि सभी सफल भविष्यवाणियों को यहां अंकित करना सम्भव नहीं, पुनरपि नमूने के तौर पर कुछेक आश्चर्यचकित करने वाली सफल भविष्यवाणियां सं० २०४० के पंचांग से यहां अंकित कर देना उचित समझते हैं—

(१) पृ० ३६ कालम १, पंक्ति २० से २४ तक लिखा है—

"किसी मुस्लिम देश में जनता एवं शासक में परस्पर व्यवहार अशान्तिमय होने से शासक को सत्ता से च्युत होना पड़ेगा या रक्तपात के बाद क्रान्ति आएगी। अगर शासक ने विवेक से काम न लिया तो भारी जनधन हानि के बाद आगे देश को भारीक्षति का सामना करना पड़ेगा।"

पाकिस्तान के घटनाक्रम को ध्यान में रखकर इस भविष्यवाणी का मूल्यांकन कर सकते हैं।

(२) आगे 'पाकिस्तान' शीर्षक के अन्तर्गत पृष्ठ ३९ पर स्पष्ट लिखा था—

"कन्या राशि से शनि निकाल चुका है। वहां पर निरंकुश शासन सत्ता में परिवर्तन अवश्य होगा। लोकतन्त्र का स्वप्न शीघ्र पूरा होने वाला नहीं, दिसम्बर ८३, से मार्च ८४ के अन्दर विशेष घटनाक्रम जारी होगा। इसवर्ष वहां पर राजनैतिक विद्रोह, उलट-फेर से एकबार अशान्ति का वातावरण बनकर पुनः शान्ति बनेगी।"

इस भविष्यवाणी के अनुसार घटनाचक्र चल रहा है। इस आश्चर्यजनक भविष्यवाणी की सफलता शतप्रतिशत सम्भावित है।

(३) मुस्लिम राष्ट्रों की कुण्डली की चर्चा में लिखा था—

"मुस्लिम राष्ट्रों में शत्रुभाव बढ़ेगा। परस्पर ईरान-ईराक में शत्रुता चरमसीमा पर पहुंचेगी एवं एक दूसरे को हानि पहुंचाने में कसर न छोड़ेंगे।"

स्पष्ट है, कि उक्त देशों में कितना संघर्षमय वातावरण रहा है।

(४) सं० २०४० में पृ० ३७ पर कालम २, पंक्ति २८ से ३७ तक भारत में घटित हो रही क्षेत्रीय साम्प्रदायिकता की भविष्यवाणी इन शब्दों में की गई थी—

"क्षेत्रीयता एवं साम्प्रदायिकता का उन्माद इस वर्ष के उत्तरार्ध में ज्यादा बढ़ेगा। किसी प्रान्त में धर्म को राजनीति में समाविष्ट करने की प्रवृत्ति आगे बढ़ कर शासन के लिए विषम समस्या को जन्म देगी। पंजाब, आन्ध्र प्रदेश आदि में ये तत्त्व अधिक सक्रिय रहेंगे।

(५) आन्ध्र प्रदेश आदि निर्वाचनों में कांग्रेस (इ) के पराजय की घोषणा स्पष्ट शब्दों में (पृष्ठ ३८, कालम ९, पंक्ति ८ से १२ तक) इस प्रकार की गई थी—

"पदारूढ़ पार्टी को कुछ प्रान्तीय निर्वाचन क्षेत्रों में जनमानस को जीतने में भारी कठिनाई होगी। परिणामस्वरूप पश्चिमी बंगाल, केरल, तमिलनाडु, आन्ध्रप्रदेश एवं कर्नाटक तथा अन्य दक्षिणी भारत में विपक्ष पृथक्तावाद एवं साम्प्रदायिकता का

आश्रय लेकर केन्द्र में पदारूढ़ पार्टी के प्रभाव को इन प्रान्तों में नगण्य बनाने का प्रयत्न करेगा, सफलता भी मिलेगी।

(२) पृष्ठ [illegible] पर पंजाब शीर्षक में, पंजाब की [illegible] का चित्रण इस प्रकार किया गया था —

"प्रधान नेता को कठिन परिस्थिति का सामना करना पड़ेगा। कुछ विदेशी शक्तियां प्रान्त में साम्प्रदायिकता को गुप्त रूप से बढ़ावा देंगी, समस्या का समाधान शान्तिपूर्ण ढंग से संभव न होगा।"

(३) पृ० [illegible] पर 'हिमाचल' शीर्षक के अन्तर्गत यहां के प्रधान पद परिवर्तन की भविष्यवाणी गतवर्ष इन शब्दों में की गई थी—

प्रधान शासक (श्री रामलाल जी) की नामराशि के आधार पर शनि इनके समक्ष नानाविध राजनैतिक समस्याओं को खड़ा कर देगा। विरोधी पक्ष राजनैतिक गतिरोध पैदा करेगा। सत्तारूढ़ पार्टी में भी प्रधान शासक के प्रति असन्तोष रहेगा; अन्तत: यहां प्रधान पद में मई से पूर्व ही परिवर्तन का योग है।"

इस भविष्यवाणी के अनुसार श्री रामलाल जी का मई से पूर्व ही (लगभग ८ अप्रैल को) पद त्याग करना पड़ा।

पाठको! सभी भविष्यवाणियों की सफलता को अंकित करना स्थानाभाव के कारण संभव नहीं। अस्तु, भविष्यवाणियों की सफलता का श्रेय मुझे नहीं, उन महर्षियों को ही है जिन्होंने असम्प्रज्ञात स्थिति में सब अनुभव करके ग्रहों के संकेतों को समझने का मार्ग बताया है। इस सफलता के श्रेयभागी हमारे लाखों पाठक हैं जो समय-समय पर भविष्यवाणियों की सत्यता का मूल्यांकन करके पत्र द्वारा हमें प्रतिवर्ष विचारपूर्वक कुछ न कुछ भविष्यकथन के लिए प्रेरित करते रहते हैं।

अब हम सं० २०४१ की ग्रहगति को ध्यान में रखकर आगे घटित होने वाले घटनाक्रम को संक्षेप में प्रस्तुत करते हैं —

संवत् २०४१ वि. की ग्रहस्थिति का विश्व पर प्रभाव

इसवर्ष-ग्रहपरिषद के निर्वाचन में प्रधानपद क्षीणचन्द्र को एवं मन्त्रीपद दैत्य गुरु शुक्र को प्राप्त हुआ है। सूर्य को नीरसेश एवं सस्येश दो पद प्राप्त हैं, गुरु को भी मेघेश-फलेश ये दो पद प्राप्त हुए हैं। भौम एवं शनि को क्रमश: रसेश एवं धान्येश का पद प्राप्त हुआ है। पद विभाजन से स्पष्ट है कि सत्ता में सन्तुलन है लेकिन राजा एवं मन्त्रीपद पर आसीन ग्रहों की दृष्टि से यह ज्ञात होता है, कि विश्व के कुछ देश प्रधान राजनीतिज्ञों के कुचक्र (कुनीति) के कारण पतनोन्मुख होंगे। विकासशील देश इस कुचक्र के विशेष शिकार होंगे। गल्फ देशों में युद्ध की ज्वाला तीव्र होगी, कहीं अराजकता कहीं हिंसा, रक्तपात से पड़ोसी देश भी चिन्तित होंगे।

जगतलग्न कुण्डली के अनुसार चतुर्थ स्थान में मं० केतु है, तीसरे उच्च शनि है, अत: दक्षिणी अफ्रीका, दक्षिण-पश्चिमी देशों के लिए एक विशेष कानून व्यवस्था का प्रयास करेगा, कुछ सफलता भी मिलेगी। इस वर्ष का प्रतिरक्षामन्त्री गुरु, जगत्कुण्डली में वक्री है, अत: अफगानिस्तान, फ्रांस, काबुल बलोचिस्तान एवं बंगला देश में सैन्यबल बढ़ेगा, कहीं सेना को राष्ट्रहित में प्रयोग किया जाएगा।

विकासशील देशों की स्थिति

इसवर्ष की ग्रह स्थिति के अनुसार समृद्ध देशों में हथियारों की दौड़ लगी रहेगी, जबकि विकासोन्मुख देशों को भी अपनी रक्षा के लिए व्ययभार वहन करना पड़ेगा। परिणामस्वरूप विकास पर व्यय कम होगा।

वर्षारम्भ में ही शनि मंगल वक्री हैं। २९ अप्रैल से ६ ग्रह वक्री हो जाते हैं, २ मई को मंगल वक्री अवस्था में राशि परिवर्तन करके शनि के साथ राशि सम्बन्ध बनाता है, यह शनि-मंगल का राशि-सम्बन्ध ५ अगस्त तक लगातार बना रहता है—

इस ग्रह स्थिति के आधार पर विश्व में निरस्त्रीकरण की समस्याएं और भी जटिल होती दिखाई देती हैं। समृद्ध एवं सशक्त देशों में शस्त्र-प्रणालियों की नई तकनीक सामने आएगी। नई तकनीकियों से आगे नई रणनीतियों को बढ़ावा मिलेगा। अणुशस्त्रों के परीक्षण.प्रतिबन्ध सम्बन्धी वार्ताएं विफल रहेंगी, परिणामस्वरूप परमाणु युद्ध का आतंक आगे विश्व के लिए भारी समस्या बनेगा। इस प्रकार छोटे विकासशील देश किंकर्तव्य विमूढ़ होकर निर्गुट न रह पाएंगे युद्ध विभीषिका के परिणामस्वरूप छोटे विकासोन्मुख देश समृद्ध देशों की गोद में जा लगेंगे।

भय रोग-उपद्रव—2 मई से अगस्त तक का समय विश्व के समक्ष अभूतपूर्व घटनाओं को जन्म देगा। शनि-मंगल का राशि सम्बन्ध किसी मुस्लिम राष्ट्र में भयंकर रक्तपात या आन्तरिक क्रान्ति को जन्म देगा। किसी पड़ोसी देश से उलझने की प्रवृत्ति से विश्व-शान्ति भंग होगी। लेकिन इस अवधि में कोई बड़ा भयंकर युद्ध होने वाली ग्रहस्थिति नहीं है। पश्चिम एशिया की स्थिति बिगड़ती जाएगी। इजराइल एवं अरब देशों में आगे भीषण युद्ध होगा। फ्रांस में, विशेषत: दक्षिण पूर्वी क्षेत्र में अशान्ति उत्पन्न होगी। इस वर्ष सितम्बर तक प्राकृतिक प्रकोप एवं अकाल की स्थिति से कुछ देश विशेष उलझन में फसेंगे। वर्ष के पूर्वार्ध में आगजनी किंवा यान दुर्घटनाओं में भारी जन धन हानि के योग हैं। दुर्घटनाएं अधिकतर शनिवार या मंगलवार को होंगी। शनि-मंगल यूरेनस नेपच्यून आदि ग्रहों की स्थिति के अनुसार इसवर्ष कुछ विशेष प्रकार के रोग पनपेंगे जनहानि के समाचार मिलेंगे।

२० दिसम्बर १९८४ को शनि वृश्चिक में आकर केतु के साथ सम्बन्ध करेगा। यह योग २१ जनवरी १९८५ ई० तक चलेगा। इस अवधि में दुर्घटना, बीमारी एवं प्राकृतिक प्रकोप भूकम्प तूफान आदि से कहीं भारी हानि होगी। कहीं दुर्भिक्ष की स्थिति बनेगी। मंहगाई बहुत बढ़ जाएगी, शासन का अंकुश व्यापार पर लगेगा।

६ मार्च १९८५ ई० से संवत् के अन्त तक का समय भी कष्टप्रद है। इस अवधि में कहीं सत्ता में परिवर्तन एवं कहीं आंतरिक अशान्ति बढ़ेगी। अग्निकाण्ड, वायुयान दुर्घटना, किंवा रोग विशेष से जनधन हानि संभव है। जहां तक अणुयुद्ध (महायुद्ध) का प्रश्न है, हम स्पष्ट कर देना उचित समझते हैं कि विश्वव्यापी विनाश की स्थिति अभी बहुत दूर है, छोटे मोटे देशों में जंग तो होते ही रहेंगे लेकिन व्यापक विनाश का भयावह चित्र अभी १५ वर्ष से पूर्व अर्थात् सन् १९९९ से पूर्व किसी भी स्थिति में संभव नहीं है। इस अवधि के बाद ईश्वर समृद्ध देशों को सद्बुद्धि दे तभी कल्याण है।

यूरोप के देश—यूरोपीय देशों की ग्रह स्थिति के अनुसार धनस्थान में शनि-मंगल प्लूटो की स्थिति यूरोपीय देशों में व्यापारिक स्थिति को विशेष उलझनपूर्ण बना देगी। कुछ देशों से व्यापारिक सम्बन्ध टूटेंगे एवं कुछ से नए सम्बन्ध स्थापित होंगे। वाणिज्य व्यवसाय की नीति में विशेष परिवर्तन आएंगे। यूरोप के देश आर्थिक समस्या में उलझेंगे, विकास के लिए उपयोगी धन का प्रयोग शस्त्र-भण्डार के लिए होगा।

यूरोप के देशों की कुण्डली



(१ जन० १९८४ ई०)

यहां के ब्रिटेन, कनाडा, आदि में प्रवासी लोगों की समस्या उभर कर सामने आएगी रंगभेद-नीति भी कहीं विषमरूप धारण करेगी, परिणामस्वरूप प्रवासी लोगों को विषम स्थिति में से गुजरना होगा।

पाठक नोट करें, कि १९८८ तक का समय यूरोप के देशों के लिए बहुत भयावह है इन वर्षों में यहां के कुछ देशों को युद्धमय वातावरण में उलझने को विवश होना पड़ेगा। इस वातावरण में रूस का हस्तक्षेप रहेगा।

यूरोप के देशों की कुण्डली में कालसर्प योग एवं तुला राशि में शनि-मंगल की स्थिति आगामी वर्षों में भयावह स्थिति को जन्म देगी। उत्तर-दक्षिणी कोरिया-जर्मनी में विशेष परिवर्तन एवं सन्धियां होंगी।

पश्चिमी यूरोप के देश अन्तर्राष्ट्रीय मामलों में एक-दूसरे का सहयोग अवश्य देंगे। इस प्रकार यूरोप की समाजवादी बिरादरी में भी प्रगति होगी। दक्षिणी यूरोप में फ्रांस, ग्रीस, स्पेन में समाजवाद जोर पकड़ेगा। यहां के शासकों को कठिन परिस्थिति का सामना करना होगा। वर्षारम्भ से जुलाई एवं नवम्बर से जनवरी, १९८५ ई० तक विशेष ऐतिहासिक घटनाएं घटेंगी। लेबनान की समस्या का हल निकलेगा। इजराइल, सीरिया और फिलिस्तीन को अपनी-अपनी सेनाएं वापिस बुलाने पर विवश होना पड़ेगा। अरब देश—अप्रत्यक्ष रूप से इजराइल को मान्यता देंगे।

मुस्लिम राष्ट्रों की कुण्डली—इस कुण्डली का दायां भाग कालसर्प योग से ग्रस्त है जोकि समय भयावह घटनाओं का संकेत देता है। संवत् के शुरू से अगस्त तक के समय में यावन राष्ट्रों में कहीं भयानक स्थिति बनेगी, किसी देश में प्रधान नेता के विरुद्ध क्रान्ति से जन-धन हानि होगी, किसी देश के मानचित्र में ऐतिहासिक परिवर्तन आने का योग भी है। पाक में सिन्ध एवं बलोचिस्तान में भयंकर क्रान्ति रक्तपात सम्भव है। इराक-इरान युद्ध में पाक एवं सऊदी अरब का हस्तक्षेप

मुस्लिम देशों की कुण्डली



८ अक्तूबर १९८३ ई०
(इष्ट २८।५३)

होगा। पाक की कुनीति उसे विनाश की ओर ले जाएगी। २७ सितम्बर, १९८४ से आगे का समय मुस्लिम देशों के लिए इतना भयावह नहीं। इस वर्ष पाक, बंगला देश, तुर्की, यूनान, ईराक, ईरान, केन्या आदि में आन्तरिक अशान्ति से स्थिति उलझनपूर्ण बनेगी। उपरोक्त मुस्लिम देश पड़ोसी देशों की शान्ति को भी भंग कर सकते हैं। ईश्वर उन्हें सद्बुद्धि दे।

भारत एवं भारत सरकार

स्वतन्त्र भारत का ३८वां वर्ष प्रवेश



१५ अग. १९८४

भारतीय गणतन्त्र का ३५वां वर्ष



२६ जन. १९८४

इससे पहले कि हम भारत के ३८वें वर्ष की कुण्डली का परिशीलन करें। हमें ३७वें वर्ष की कुण्डली पर भी ध्यान देना होगा, क्योंकि १४ अगस्त, १९८४ से पूर्व तक ३७वें वर्ष के ग्रह अपना प्रभुत्व रखते हैं।

३७वें वर्ष की ग्रह स्थिति के अनुसार अगस्त से पूर्व का समय भारत के लिए अग्नि-परीक्षा का है। वर्षारम्भ में ही शनि. मंगल वक्रगति से चल रहे हैं। २ मई को वक्री मंगल अपनी राशि बदल कर वक्री शनि के साथ मेल करेगा—यह ग्रहस्थिति भारत में कई अघटित घटनाओं को जन्म देगी। ५ अगस्त तक भारत के समक्ष राजनैतिक उलझनें विषम रूपेण चिन्तनीय होंगी। इस अवधि में किसी दुर्घटना किंवा अकस्मात् किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति का विछोह सहना पड़ेगा। संवत् के प्रारम्भ से अगस्त तक की अवधि में प्रान्तीय-साम्प्रदायिकता का उन्माद भी विषमरूप धारण करेगा। प्रान्तीय समस्याओं को सफलतापूर्वक सुलझाने में शासन निरुत्तर सा मालूम देगा। कुछ प्रान्तों में कलह से असुरक्षा एवं अराजकता का सा वातावरण बन सकता है। अतः इस अवधि में राष्ट्रनायकों को विवेक एवं सन्तुलन-प्रज्ञा से काम लेना होगा। विशेषतः १९ जून तक के समय में भारत को अपने सैन्य-बल को सीमा प्रान्तों पर सबल बनाना पड़ेगा। कहीं किसी पड़ोसी देश की कुनीति से सीमा प्रान्तों पर शान्ति भंग होने का योग है। अगस्त तक के समय में भूकम्प, किंवा तूफान आदि प्राकृतिक प्रकोप से किसी प्रान्त में भीषण जन-धन

पं० प्रेम दत्त शास्त्री
जहांगीराबाद २०२३९४
बुलन्दशहर (उ०प्र०)

आश्रय लेकर केन्द्र में पदारूढ़ पार्टी के प्रभाव को इन प्रान्तों में नगण्य बनाने का प्रयत्न करेगा, सफलता भी मिलेगी।

(२) पृष्ठ [illegible] पर पंजाब शीर्षक में, पंजाब की स्थिति का चित्रण इस प्रकार किया गया था—

"प्रधान नेता को कठिन परिस्थिति का सामना करना पड़ेगा। कुछ विदेशी शक्तियां प्रान्त में साम्प्रदायिकता को गुप्त रूप से बढ़ावा देंगी, समस्या का समाधान शान्तिपूर्ण ढंग से संभव न होगा।"

(३) पृ० [illegible] पर हिमाचल' शीर्षक के अन्तर्गत यहां के प्रधान पद परिवर्तन की भविष्यवाणी गतवर्ष इन शब्दों में की गई थी—

प्रधान शासक (श्री रामलाल जी) की नामराशि के आधार पर शनि इनके समक्ष नानाविध राजनैतिक समस्याओं को खड़ा कर देगा। विरोधी पक्ष राजनैतिक गतिरोध पैदा करेगा। सत्तारूढ़ पार्टी में भी प्रधान शासक के प्रति असन्तोष रहेगा; अन्ततः यहां प्रधान पद में मई से पूर्व ही परिवर्तन का योग है।"

इस भविष्यवाणी के अनुसार श्री रामलाल जी का मई से पूर्व ही (लगभग ८ अप्रैल को) पद त्याग करना पड़ा।

पाठकों! सभी भविष्यवाणियों की सफलता को अंकित करना स्थानाभाव के कारण संभव नहीं। अस्तु, भविष्यवाणियों की सफलता का श्रेय मुझे नहीं, उन महर्षियों को ही है जिन्होंने असम्प्रज्ञात स्थिति में तब अनुभव करके ग्रहों के संकेतों को समझने का मार्ग बताया है। इस सफलता के श्रेयभागी हमारे लाखों पाठक हैं जो समय-समय पर भविष्यवाणियों की सत्यता का मूल्यांकन करके पत्र द्वारा हमें प्रतिवर्ष विचारपूर्वक कुछ न कुछ भविष्यकथन के लिए प्रेरित करते रहते हैं।

अब हम सं० २०४१ की ग्रहगति को ध्यान में रखकर आगे घटित होने वाले घटनाक्रम को संक्षेप में प्रस्तुत करते हैं—

संवत् २०४१ वि. की ग्रहस्थिति का विश्व पर प्रभाव

इसवर्ष-ग्रहपरिषद के निर्वाचन में प्रधानपद क्षीणचन्द्र को एवं मन्त्रीपद दैत्य गुरु शुक्र को प्राप्त हुआ है। सूर्य को नीरसेश एवं सस्येश दो पद प्राप्त हैं, गुरु को भी मेघेश-फलेश ये दो पद प्राप्त हुए हैं। भौम एवं शनि को क्रमशः रसेश एवं धान्येश का पद प्राप्त हुआ है। पद विभाजन से स्पष्ट है कि सत्ता में सन्तुलन है लेकिन राजा एवं मन्त्रीपद पर आसीन ग्रहों की दृष्टि से यह ज्ञात होता है, कि विश्व के कुछ देश -प्रधान राजनीतिज्ञों के कुचक्र (कुनीति) के कारण पतनोन्मुख होंगे। विकासशील देश इस कुचक्र के शिकार होंगे। गल्फ देशों में युद्ध की ज्वाला तीव्र होगी, कहीं अराजकता कहीं हिंसा, रक्तपात से पड़ोसी देश भी चिन्तित होंगे।

जगतलग्न कुण्डली के अनुसार चतुर्थ स्थान में म० केतु है, तीसरे उच्च शनि है, अतः दक्षिणी अफ्रीका, दक्षिण-पश्चिमी देशों के लिए एक विशेष कानून व्यवस्था का प्रयास करेगा, कुछ सफलता भी मिलेगी। इस वर्ष का प्रतिरक्षामन्त्री गुरु, जगत्कुण्डली में बली है, अतः अफगानिस्तान, फ्रांस, काबुल बलोचिस्तान एवं बंगला देश में सैन्यबल बढ़ेगा, कहीं सेना को राष्ट्रहित में प्रयोग किया जाएगा।

विकासशील देशों की स्थिति

इसवर्ष की ग्रह स्थिति के अनुसार समृद्ध देशों में हथियारों की दौड़ लगी रहेगी, जबकि विकासोन्मुख देशों को भी अपनी रक्षा के लिए व्ययभार वहन करना पड़ेगा। परिणामस्वरूप विकास पर व्यय कम होगा।

वर्षारम्भ में ही शनि मंगल वक्री हैं। २९ अप्रैल से ६ ग्रह वक्री हो जाते हैं, २ मई को मंगल वक्री अवस्था में राशि परिवर्तन करके शनि के साथ राशि सम्बन्ध बनाता है, यह शनि-मंगल का राशि-सम्बन्ध ५ अगस्त तक लगातार बना रहता है—

इस ग्रह स्थिति के आधार पर विश्व में निरस्त्रीकरण की समस्याएं और भी जटिल होती दिखाई देती हैं। समृद्ध एवं सशक्त देशों में शस्त्र-प्रणालियों की नई तकनीक सामने आएगी। नई तकनीकियों से आगे नई रणनीतियों को बढ़ावा मिलेगा। अणुशस्त्रों के परीक्षण-प्रतिबन्ध सम्बन्धी वार्ताएं विफल रहेंगी, परिणामस्वरूप परमाणु युद्ध का आतंक आगे विश्व के लिए भारी समस्या बनेगा। इस प्रकार छोटे विकासशील देश किंकर्त्तव्य विमूढ़ होकर निर्गुट न रह पाएंगे युद्ध विभीषिका के परिणामस्वरूप छोटे विकासोन्मुख देश समृद्ध देशों की गोद में जा लगेंगे।

भय रोग-उपद्रव—2 मई से अगस्त तक का समय विश्व के समक्ष अभूतपूर्व घटनाओं को जन्म देगा। शनि-मंगल का राशि सम्बन्ध किसी मुस्लिम राष्ट्र में भयंकर रक्तपात या आन्तरिक क्रान्ति को जन्म देगा। किसी पड़ोसी देश से उलझने की प्रवृत्ति से विश्व-शान्ति भंग होगी। लेकिन इस अवधि में कोई बड़ा भयंकर युद्ध होने वाली ग्रहस्थिति नहीं है। पश्चिम एशिया की स्थिति बिगड़ती जाएगी। इजराइल एवं अरब देशों में आगे भीषण युद्ध होगा। फ्रांस में, विशेषतः दक्षिण पूर्वी क्षेत्र में अशान्ति उत्पन्न होगी। इस वर्ष सितम्बर तक प्राकृतिक प्रकोप एवं अकाल की स्थिति से कुछ देश विशेष उलझन में फसेंगे। वर्ष के पूर्वार्ध में आगजनी किंवा यान दुर्घटनाओं में भारी जन धन हानि के योग हैं। दुर्घटनाएं अधिकतर शनिवार या मंगलवार को होंगी। शनि-मंगल यूरेनस नेपच्यून आदि ग्रहों की स्थिति के अनुसार इसवर्ष कुछ विशेष प्रकार के रोग पनपेंगे जनहानि के समाचार मिलेंगे।

२० दिसम्बर १९८४ को शनि वृश्चिक में आकर केतु के साथ सम्बन्ध करेगा। यह योग २९ जनवरी १९८५ ई० तक चलेगा। इस अवधि में दुर्घटना, बीमारी एवं प्राकृतिक प्रकोप भूकम्प तूफान आदि से कहीं भारी हानि होगी। कहीं दुर्भिक्ष की स्थिति बनेगी। मंहगाई बहुत बढ़ जाएगी, शासन का अंकुश व्यापार पर लगेगा।

६ मार्च १९८५ ई० से संवत् के अन्त तक का समय भी कष्टप्रद है। इस अवधि में कहीं सत्ता में परिवर्तन एवं कहीं आंतरिक अशान्ति बढ़ेगी। अग्निकाण्ड, वायुयान दुर्घटना, किंवा रोग विशेष से जनधन हानि संभव है। जहां तक अणुयुद्ध (महायुद्ध) का प्रश्न है, हम स्पष्ट कर देना उचित समझते हैं कि विश्वव्यापी विनाश की स्थिति अभी बहुत दूर है, छोटे मोटे देशों में जंग तो होते ही रहेंगे लेकिन व्यापक विनाश का भयावह चित्र अभी १५ वर्ष से पूर्व अर्थात् सन् १९९९ से पूर्व किसी भी स्थिति में संभव नहीं है। इस अवधि के बाद ईश्वर समृद्ध देशों को सद्बुद्धि दे तभी कल्याण है।

यूरोप के देश--यूरोपीय देशों की ग्रह स्थिति के अनुसार धनस्थान में शनि-मंगल प्लूटो की स्थिति यूरोपीय देशों में व्यापारिक स्थिति को विशेष उलझनपूर्ण बना देगी। कुछ देशों से व्यापारिक सम्बन्ध टूटेंगे एवं कुछ से नए सम्बन्ध स्थापित होंगे। वाणिज्य व्यवसाय की नीति में विशेष परिवर्तन आएंगे। यूरोप के देश आर्थिक समस्या में उलझेंगे, विकास के लिए उपयोगी धन का प्रयोग शस्त्र-भण्डार के लिए होगा।

यूरोप के देशों की कुण्डली



(१ जन० १९८४ ई०)

यहां के ब्रिटेन, कनाड़ा, आदि में प्रवासी लोगों की समस्या उभर कर सामने आएगी रंगभेद-नीति भी कहीं विषमरूप धारण करेगी, परिणामस्वरूप प्रवासी लोगों को विषम स्थिति में से गुज़रना होगा।

पाठक नोट करें, कि १९८८ तक का समय यूरोप के देशों के लिए बहुत भयावह है इन वर्षों में यहां के कुछ देशों को युद्धमय वातावरण में उलझने को विवश होना पड़ेगा। इस वातावरण में रूस का हस्तक्षेप रहेगा।

यूरोप के देशों की कुण्डली में कालसर्प योग एवं तुला राशि में शनि-मंगल की स्थिति आगामी वर्षों में भयावह स्थिति को जन्म देगी। उत्तर-दक्षिणी कोरिया-जर्मनी में विशेष परिवर्तन एवं सन्धियां होंगी।

पश्चिमी यूरोप के देश अन्तर्राष्ट्रीय मामलों में एक-दूसरे का सहयोग अवश्य देंगे। इस प्रकार यूरोप की समाजवादी बिरादरी में भी प्रगति होगी। दक्षिणी यूरोप में फ्रांस, ग्रीस, स्पेन में समाज़वाद जोर पकड़ेगा। यहां के शासकों को कठिन परिस्थिति का सामना करना होगा। वर्षारम्भ से जुलाई एवं नवम्बर से जनवरी, १९८५ ई० तक विशेष ऐतिहासिक घटनाएं घटेंगी। लेबनान की समस्या का हल निकलेगा। इज़राइल, सीरिया और फिलिस्तीन को अपनी-अपनी सेनाएं वापिस बुलाने पर विवश होना पड़ेगा। अरब देश—अप्रत्यक्ष रूप से इज़राइल को मान्यता देंगे।

मुस्लिम राष्ट्रों की कुण्डली—इस कुण्डली का दायां भाग कालसर्प योग से ग्रस्त है जोकि समय भयावह घटनाओं का संकेत देता है। संवत् के शुरू से अगस्त तक के समय में यावन राष्ट्रों में कहीं भयानक स्थिति बनेगी, किसी देश में प्रधान नेता के विरुद्ध क्रान्ति से जन-धन हानि होगी, किसी देश के मानचित्र में ऐतिहासिक परिवर्तन आने का योग भी है। पाक में सिन्ध एवं बलोचिस्तान में भयंकर क्रान्ति रक्तरंजित सम्भव है। इराक-इरान युद्ध में पाक एवं सऊदी अरब का हस्तक्षेप होगा। पाक की कुनीति उसे विनाश की ओर ले जाएगी। २७ सितम्बर, १९८४ से आगे का समय मुस्लिम देशों के लिए इतना भयावह नहीं। इस वर्ष पाक, बंगला देश, तुर्की, यूनान, ईराक, ईरान, केन्या आदि में आन्तरिक अशान्ति से स्थिति उलझनपूर्ण बनेगी। उपरोक्त मुस्लिम देश पड़ोसी देशों की शान्ति को भी भंग कर सकते हैं। ईश्वर उन्हें सद्बुद्धि दे।

मुस्लिम देशों की कुण्डली



८ अक्तूबर १९८३ ई०
(इष्ट २८।५३)

भारत एवं भारत सरकार

स्वतन्त्र भारत का ३८वां वर्ष प्रवेश



१५ अग. १९८४

भारतीय गणतन्त्र का ३५वां वर्ष



२६ जन. १९८४

इससे पहले कि हम भारत के ३८वें वर्ष की कुण्डली का परिशीलन करें। हमें ३७वें वर्ष की कुण्डली पर भी ध्यान देना होगा, क्योंकि १४ अगस्त, १९८४ से पूर्व तक ३७वें वर्ष के ग्रह अपना प्रभुत्व रखते हैं।

३७वें वर्ष की ग्रह स्थिति के अनुसार अगस्त से पूर्व का समय भारत के लिए अग्नि-परीक्षा का है। वर्षारम्भ में ही शनि, मंगल वक्रगति से चल रहे हैं। २ मई को वक्री मंगल अपनी राशि बदल कर वक्री शनि के साथ मेल करेगा—यह ग्रहस्थिति भारत में कई अघटित घटनाओं को जन्म देगी। ५ अगस्त तक भारत के समक्ष राजनैतिक उलझनें विषम रूपेण चिन्तनीय होंगी। इस अवधि में किसी दुर्घटना किंवा अकस्मात् किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति का बिछोह सहना पड़ेगा। संवत् के प्रारम्भ से अगस्त तक की अवधि में प्रान्तीय-साम्प्रदायिकता का उन्माद भी विषमरूप धारण करेगा। प्रान्तीय समस्याओं को सफलतापूर्वक सुलझाने में शासन निरुत्तर सा मालूम देगा। कुछ प्रान्तों में कलह से असुरक्षा एवं अराजकता का सा वातावरण बन सकता है। अतः इस अवधि में राष्ट्रनायकों को विवेक एवं सन्तुलन-प्रज्ञा से काम लेना होगा। विशेषतः १९ जून तक के समय में भारत को अपने सैन्य-बल को सीमा प्रान्तों पर सबल बनाना पड़ेगा। कहीं किसी पड़ोसी देश की कुनीति से सीमा प्रान्तों पर शान्ति भंग होने का योग है। अगस्त तक के समय में भूकम्प, किंवा तूफान आदि प्राकृतिक प्रकोप से किसी प्रान्त में भीषण जन-धन

पं० प्रेम दत्त शास्त्री
जहांगीराबाद २०२३९४
बुलन्दशहर (उ०प्र०)

हानि का योग भी है। ३७वें वर्ष में कालसर्प योग भारत के शासकों के लिए अग्नि-परीक्षा का है। अतः इस अवधि में थोड़ी भूल भी हानिकारक होगी।

श्रीमती गांधी की ग्रहस्थिति के अनुसार शनि की महादशा में राहु का अन्तर जुलाई, १९८३ से मई, १९८४ तक रहेगा। इसी अवधि में शनि वृश्चिक राशि में एवं बृहस्पति धनु एवं मकर राशियों में भ्रमण करेगा। अतः अगस्त तक गोचर में शनि-मंगल का दृष्टि सम्बन्ध एवं २० दिसम्बर १९८४ के बाद शनि-केतु का राशि सम्बन्ध (जोकि २९ जनवरी १९८४ तक चलेगा) श्रीमती गांधी के लिए अग्नि-परीक्षा का है। मन्त्रिमण्डल में एवं कुछ प्रान्तों के मुख्य मन्त्रियों में परिवर्तन करने होंगे। इसी बीच श्रीमती गांधी अनेक समस्याओं को सुलझाने में सफल भी होंगी। प्रभाव बढ़ेगा, विरोधी हतप्रभ होंगे। श्रीमती गांधी अपनी पार्टी को सशक्त बनाने के लिए अकस्मात् विशेष पग उठाएंगी। श्रीमती गांधी को अगस्त, १९८४ तक तथा दिसम्बर से फरवरी १९८४ तक के समय में अनेकों पेचीदा समस्याओं से विशेष विवेक से निपटना होगा अन्यथा पार्टी की प्रतिष्ठा को हानि पहुंचेगी। वृश्चिक राशि का शनि स्वास्थ्य की दृष्टि से चिन्ताप्रद है, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा की दृष्टि से सतर्क रहना चाहिए। भगवती मां इन्हें दीर्घतम आयु प्रदान करे ताकि देश को कुशल नेतृत्व प्राप्त होता रहे।

३८वें वर्ष की ग्रहस्थिति इतनी उलझनपूर्ण नहीं। फिर भी दिसम्बर एवं जनवरी १९८५ तक का समय सावधानी का है। ३८वें वर्ष की ग्रह चाल के अनुसार प्रधान नेताओं का प्रभाव बढ़ेगा, समस्याओं का समाधान भी निकलेगा। विपक्ष अपना सशक्त विकल्प बनाने में सक्रिय पग उठाएगा।

राष्ट्रपति श्री ज्ञानी जैल सिंह जी ने बुध की महादशा एवं सूर्य की अन्तर्दशा में पद शपथ ग्रहण की थी जो कि नवम्बर, १९८३ तक प्रभाव करेगी, इसके बाद का समय स्वास्थ्य की दृष्टि से सावधानी का है। प्रतिष्ठा एवं देश-गरिमा की दृष्टि से इनकी ग्रह स्थिति अच्छी है। महामहिम राष्ट्रपति एवं अन्य देश के कर्णधारों को ईश्वर स्वस्थ एवं सकुशल रखे ताकि देश को उत्तम नेतृत्व प्राप्त होता रहे।

भारतीय गणतन्त्र कुण्डली पर विचार करने) पर ज्ञात होता है, कि चतुर्थ भाव में शनि, मंगल, चन्द्र प्लूटो के एक साथ होने से वर्ष में विकट समस्याओं, चुनौतियों का सामना करना होगा। देश के सर्वोच्च नेता के लिए अग्नि परीक्षा का समय है। देश की आन्तरिक समस्याएं इस तरह पेचीदा बनेंगी कि उन्हें सहज में सुलझाना सम्भव न होगा। देश में कहीं दुर्भिक्ष की चुनौती कहीं साम्प्रदायिकता का विष, कहीं शत्रु देश की गति-विधि की चिन्ता ये सब मिलकर शासकों को चिन्तित करेंगी। राष्ट्रीय जीवन के हर पहलू पर भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए विशेष व्यवस्था बनेगी। इस वर्ष भारत के व्यापारिक सम्बन्ध कुछ देशों से टूटकर नये बनेंगे। देश का कुशल नेतृत्व इन सभी समस्याओं को बड़ी बुद्धिमता से हल कर देगा। ऐसा ग्रहस्थिति से संकेत मिलता है।

ग्रह गति से प्राप्त संकेतों से ज्ञात होता है, कि आगामी दो वर्षों में संविधान में नये संशोधन एवं परिवर्धन होंगे। दलीय प्रणाली का विकास भी सम्भव है।

निर्वाचन की दृष्टि से विचार करने पर ग्रह गति से यह संकेत मिलता है, कि निर्वाचन अपने सुनिश्चित समय पर नहीं हो पाएंगे, अवधि से पूर्व या पीछे हटकर ही यह समय आएगा। राष्ट्र के वातावरण एवं कार्य प्रणाली के सुव्यवस्थित होने पर ही अकस्मात् घोषणा होगी। ग्रह गति के अनुसार सम्वत् २०४० के अन्त तक यदि निर्वाचन हो जाए तो देश में विपक्षी दल अपना बहुमत नहीं बना सकेगा, अन्ततः कांग्रेस (ई) की विजय सुनिश्चित है। ध्यान दें, अभी मिली-जुली एक सरकार का स्वप्न पूरा होने वाला नहीं। क्योंकि सभी विपक्षी नेताओं में एक ताल-मेल का पूरी तरह अभी योग नहीं नहीं रहा। सन् १९८५ मध्य तक पार्टी में विलक्षण उलट-फेर होंगे, जोकि कांग्रेस (ई) को और भी मजबूत बना देंगे।

प्लूटो आदि की गति के आधार पर ज्ञात होता है, कि भारत अणु ऊर्जा में आत्म-निर्भर होगा, अन्तरिक्ष विज्ञान में नाम ऊंचा उठेगा।

भारत का अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार

व्यापारिक क्षेत्र पर विचार करने पर ज्ञात होता है, कि इस वर्ष व्यापार क्षेत्र में विशेष परिवर्तन एवं परिवर्धन होंगे ब्रिटेन, रूस, जापान एवं कनाडा आदि देशों से सम्बन्ध बढ़ेंगे। भारत से ऊनी व रेशमी कपड़े, इंजनीयरिंग सामान एवं तम्बाकू, चमड़ा, औषधियों का निर्यात होगा। व्यापारिक दृष्टि से भारत प्रगति करेगा।

भारत की जलवायु और वर्षा

यह वर्ष वर्षा की दृष्टि से बड़ा ही अनिश्चित है। क्योंकि वर्षा ऋतु में शनि-मंगल का योग ५ अगस्त तक रहता है, यह स्थिति भारत के अनेक प्रान्तों में कहीं भयंकर सूखा या कहीं भयंकर वर्षा से बाढ़ आदि का संकेत देती है। हां, इस अवधि में कड़ककर बिजली गिरकर अनेकत्र जन-धन हानि के समाचार भी मिलेंगे। वर्षा आवश्यकतानुसार बहुत कम या बहुत अधिक मात्रा में होगी। वर्षा ठीक समय पर न होने से भी हानि होगी।

जून में सू. बु. शु. तीनों आर्द्रा नक्षत्र में आकर बम्बई और गोआ की ओर बाढ़ की स्थिति बनाएंगे। अन्य स्थानों पर भी वर्षा होती रहेगी।

जुलाई १८, १९, २०, एवं ५, ६ अगस्त को वर्षा होगी।

आगे दिसम्बर १९८४ से जनवरी १९८४ के अन्त तक पुनः वर्षा में अनिश्चितता बनी रहेगी। कहीं सूखा, कहीं अधिक वर्षा से हानि होगी। इस अवधि में शीत लहर से जन-हानि के समाचार भी मिलेंगे।

भारत के कुछ प्रान्त

पंजाब—इस प्रान्त की प्रभाव राशि मीन है, जब तक शनि वृश्चिक में प्रवेश नहीं करता तब तक यहां की स्थिति चिन्तनीय रहेगी। शासन को यहां शांति स्थापित करने के लिए यहां के विशिष्ट व्यक्तियों का विश्वास प्राप्त करना होगा। अन्यथा केन्द्र सरकार से वैमत्य बना रहेगा। स्थिति और विषम बन सकती हैं। अगस्त तक का समय तथा दिसम्बर जनवरी तक का समय केन्द्र के लिए चिन्तनीय है।

हरियाणा—प्रभाव राशि मिथुन है। दिसम्बर १९८६ के बाद यहां की राज-नीति में विशेष परिवर्तन होंगे। मार्च तक प्रधान पद में परिवर्तन होगा। प्रधान शासक

के समक्ष विशेष समस्याएं उपस्थित होंगी। क्षेत्रीय प्रगति एवं सम्पन्नता के लिए नये नियम लागू होंगे।

हिमाचल प्रदेश—प्रभाव राशि मीन है। दिसम्बर के बाद का समय राजनैतिक दृष्टि से उलझनपूर्ण है। राजनीतिक अस्थिरता रहेगी। मन्त्रिमण्डल में विशेष परिवर्तन होंगे। जंगल-वन्य संपदा के प्रसार पर विशेष बल देगा। नई जलविद्युत् योजनाएं बनेंगी। जिससे प्रान्त की समृद्धि एवं तरक्की होगी।

उत्तर प्रदेश—वर्षारम्भ से अगस्त तक शनि-मंगल के सम्बन्ध के समय विशेष घटनाएं घटित होंगी। प्रधान वर्ग के लिए समय उलझनपूर्ण है। दिसम्बर १९८४ से जनवरी १९८५ तक का समय भी नेष्ट है। प्रधान नेता अपनी कार्यकुशलता का परिचय देंगे, समस्याओं का हल निकलेगा। यहां के मन्त्रिमण्डल में अचानक कुछ आवश्यक परिवर्तन होंगे।

राजस्थान—प्रभाव राशि तुला में शनि-मंगल का योग अगस्त तक यहां की कृषि सम्पदा के लिए नेष्ट है, तथा शासकवर्ग के समक्ष चुनौती का समय है। कहीं प्राकृतिक प्रकोप से हानि हो। यहवर्ष राजनीतिक दृष्टि से निस्सदेह उलझनपूर्ण है। प्रधान पद में परिवर्तन होगा।

बिहार—यहां इसवर्ष प्राकृतिक प्रकोप से हानि होगी.। केन्द्र से सहायता लेनी पड़े।

महाराष्ट्र—यहां स्थानीय कांग्रेस के नेताओं में परिवर्तन होने से कांग्रेस की स्थिति में सुधार होगा। ग्रह गतिवश शासनसत्ता में भी परिवर्तन नहीं होगा।

मध्यप्रदेश—प्रभाव राशि वृष है, वृश्चिक में स्थित शनि की वृष राशि पर नजर है, यहां की शासन सत्ता में अचानक परिवर्तन आएगा। अगस्त तक का समय इस प्रान्त के लिए विशेष उलझन पूर्ण है।

काश्मीर—प्रभाव राशि मीन है। विशेष नए कर लगेंगे, अभी दो वर्ष तक "विशेष दर्जा" देने की समस्या विवादास्पद रहेगी। साम्प्रदायिक राजनीति के आधार पर जम्मू काश्मीर को एक इकाई के रूप में रखना कठिन होगा। सत्तारूढ़ पार्टी के अन्दरूनी मामले उलझेंगे, प्रधान नेता उलझन में पड़ेंगे। सीमा प्रान्तों पर सीमा सुरक्षा की दृष्टि से सतर्क रहना होगा। मन्त्रिमण्डल मे परिवर्तन होगा।

विश्व के प्रमुख कुछ राष्ट्र

अमेरिका—प्रभाव राशि मिथुन के अनुसार धन राशि का वृहस्पति इस देश के लिए शुभ है। विज्ञान में प्रगति एवं सर्वोच्चशक्ति के रूप में प्रतिष्ठा बनाए रखेगा। छोटे एवं परस्पर शत्रु देशों में युद्धाग्नि को हवा देगा। अणुशस्त्र भण्डारण में सबसे आगे रहेगा। अंतरिक्षयुद्ध की तैयारी करेगा। शान्ति स्थापना के लिए सभी योजनाएं प्रदर्शनमात्र होंगी। २० नवम्बर तक यहां विशेष परिवर्तन संभव है। भारत से सम्बन्ध अच्छे रहेंगे।

रूस—प्रभाव राशि तुला होने से अगस्त तक का समय विशेष उलझन पूर्ण है। विदेश नीति में परिवर्तन आएगा। कुछ देशों से व्यापारिक सम्बन्ध बिगड़ेंगे। यहां के प्रधान शासक के समक्ष शनि मंगल योग में अगस्त तक विशेष अन्तर्राष्ट्रीय समस्याएं उपस्थित होंगी। मई १९८४ में अन्तरिक्ष यात्रा में भारत की सहायता करेगा। भारत से सम्बन्ध मधुर रहेंगे परन्तु भारत के अन्दरूनी मामलों में हस्तक्षेप होने से सम्बन्ध पूर्ववत् न रहें। फ्रांस ब्रिटेन एवं अमेरिका आदि से किसी विषय पर वैमत्य रहेगा। अफगानिस्तान की समस्या प्रधान शासक के लिए आगे सर दर्द बनेगी। एन्टार्कटिक क्षेत्र में युद्धमय वातावरण उपस्थित होगा।

चीन—प्रभाव राशि तुला में शनि-मंगल अगस्त तक रहेंगे। इस समयावधि में चीनी क्षेत्र तिब्बत में भयंकर अशान्ति रहेगी। इस समय चीन की नीति में एवं शासन सत्ता में विशेष परिवर्तन सम्भव है। कहीं भयंकर सूखा कहीं जनधनहानि होगी। सीमावर्ती क्षेत्रों पर कुदृष्टि से किसी क्षेत्र में अशान्ति व्याप्त रहेगी। जनवरी १९८५ ई० के बाद चीनशासित तिब्बतक्षेत्र के बारे में देश की नीति में विशेष परिवर्तन होंगे। भारत से सीमा विवाद हल न होगा। व्यापारिक सम्बन्ध बनेंगे।

ब्रिटेन—प्रभाव राशि मेष है। दिसम्बर १९८४ से जनवरी १९८५ तक मेष में मंगल राहु का योग यहां की शासन सत्ता के लिए परेशानी वाला है। आयरलैंड आदि में तथा कुछ अन्य भागों में असन्तुष्ट तत्त्व उभरेंगे। अग्निपरीक्षा का समय है। शेष समय अनुकूल रहेगा।

पाकिस्तान—यहां अगस्त तक का समय उलझनपूर्ण है, इस अवधि में ही सत्ता परिवर्तन अनिवार्य है आगे वृश्चिक के शनि में बलोचिस्तान की समस्या पेचीदा बनेगी। प्रजातन्त्र बहाली का संघर्ष सफल होगा। राजतन्त्र को नई दिशा मिलेगी। सिन्ध पंजाब बलूचिस्तान में सैनिक शासन का विरोध संवत् आरम्भ होने से पूर्व ही फलदायक सिद्ध होगा।

पाठको! अतर्क्य भविष्य देखने की क्षमता तो इस कलियुग में कठिन ही है। पुनरपि ज्योतिर्विज्ञान दृष्ट्या एवं प्रभुकृपा से राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय जो शुभाशुभ घटनाएं अल्पविषया मति में स्फुरित हुई हैं, आपके समक्ष प्रस्तुत कर दी है। उस प्रभु की प्रबल मायाशक्ति के सम्मुख मुझ जैसे अल्पज्ञ की भविष्य-लेखन में प्रवृत्ति बालचापल ही तो है :—

"तत्त्वं वागीश्वरो वेत्ति नाहं वेद्मि कदाचन।"

श्री मार्त्तण्ड भवन, कुराली।
ता० ११ सितं० १९८३ ई०

शुभचिन्तक—
इन्दुशेखर शर्मा

प्रसूति-लग्न विचार

मेष—जन्म समय मेष लग्न हो, तो माता का पूर्व या पश्चिम में सिर, उपसूतिका दो या तीन, प्रसव में माता को कष्ट अधिक, पाद से प्रसव, भूमि में घर के पूर्व भाग में जन्म हुआ, बालक जन्मोपरान्त दीर्घ शब्द से रोया। माता ने लाल एवं मीठा भोजन किया था। वस्त्र लाल मलिन। ४।११।१६।४४।५८ वर्षों में बालक कष्ट पावे, इन वर्षों के प्रारम्भ में तुलादान, गोदान, मृत्युञ्जय जप करवाना श्रेष्ठ है। इन वर्षों से बचे तो १०० वर्ष जीवे।

वृष—माता का दक्षिण में सिर, उपसूतिका ३ या ४, जन्मोपरान्त दो और आईं, जन्मते ही बालक दीर्घ शब्द से रोया, गौरवर्ण, अधोमुख, पाद से प्रसव, घर के पूर्व हिस्से में सूतिका स्थान, श्वेत-स्वच्छ वस्त्र, जन्म से पहले माता ने शुष्क शाकादि भोजन किया, १।२८।३३।४४।६१ वर्षों में बालक कष्ट पावे। इन वर्षों के प्रारम्भ में महामृत्युञ्जय का जप और ब्राह्मण भोजन करवाना श्रेष्ठ है। यदि इन वर्षों से बचे तो ९० वर्ष जीवे।

मिथुन—माता का सिर पश्चिम में उपसूतिका ३ या ५, माता का हरा या जीर्ण वस्त्र, शिर से प्रसव, मुख ऊपर को, जन्मते ही दीर्घ शब्द किया, नाल छूटा था, घर के आग्नेय भाग में जन्म, माता ने पहले लवणयुक्त विचित्राल्प भोजन किया, दूध कम उतरे, ४।१०।१४।३८।५८ वर्षों में बालक कष्ट पावे, इन वर्षों के आरम्भ में शिवार्चन और मृत्युञ्जय का जप करवायें। यदि इन वर्षों से बचे तो ८६ वर्ष जीवे।

कर्क—माता का उत्तर में सिर, उपसूतिका ५ या ४, बालक जन्मते ही छींका, नाल छूटा, भूमि पर जन्म, घर के दक्षिण भाग में प्रसवस्थान, माता के वस्त्र श्वेत व लाल, माता ने प्रसव के पहले मधुर व शीतल भोजन किया था, दीपक उठाया गया, बालक के वामांग में लहसन आदि का चिन्ह, देर से रोया, ५।२५।४०।५८।६२ इन वर्षों में बालक कष्ट पावे। इनसे बचे तो १०० वर्ष जीवे। कष्टकारक वर्षों में प्रवेशसमय तुलादान, छायादान और मृतसञ्जीवनी मन्त्र का जाप करवाना-कल्याणप्रद है।

सिंह—माता का पश्चिम या पूर्व में सिर, मलीन सा लाल वस्त्र, शुष्क कसैला या खट्टा भोजन किया था, जन्म समय स्त्री ३, पीछे से १ आई, दीपक स्थिर रहा, बालक जन्मते ही तुरन्त रोया, घर के दक्षिण भाग में प्रसवस्थान, ५।१३।२८।३६।४८ इन वर्षों में बालक कष्ट पावे। इनसे बचे तो ६७ वर्ष जीवे। कष्टकारक वर्षों के प्रवेश होते ही श्रीसूर्य नारायण के मन्त्र का जाप या आदित्यहृदय का पाठ और मीठा भोजन करावे तो कल्याण रहेगा।

कन्या—माता का दक्षिण में सिर, रक्त जीर्ण वस्त्र, मिष्टान्न बासी-चीज या बड़े आदि का भोजन, जन्म समय स्त्री २ या ५, दीपक हाथ में उठाया गया, बालक ने जन्मते ही अर्द्ध शब्द किया। घर के नैऋत कोण में सूतिका-स्थान, ४।१६।२३।३६।५५ वर्ष कष्टकारक हैं। यदि इन वर्षों से बचे तो १०० वर्ष जीवे।

तुला—माता का सिर पश्चिम या पूर्व को, श्वेत जीर्ण वस्त्र, भुना हुआ अन्न, ठंडा जल या कोई मामूली चीज क्रोधपूर्वक खाई थी, जन्म समय स्त्री ३ या ६, वहां एक कन्या भी हो, दीपक उठाया गया, बालक जन्म समय कुछ ठहर कर अर्द्ध शब्द करके रोया, घर के पश्चिम भाग में सूतिका-स्थान, ८।१५।३१।३५।६२।६४ इन कष्टकारक वर्षों के प्रारम्भ में नवग्रह का दान, हवन, जप करवाना श्रेष्ठ है। यदि इन वर्षों से बचे तो ७५ वर्ष जीवे।

वृश्चिक—माता का दक्षिण या उत्तर में सिर, रक्त वा दग्ध वस्त्र, कष्ट अधिक अमधुर मामूली क्रोधपूर्वक भोजन, जन्म समय स्त्री २ या ३, पीछे से भी दो आई, दीपक स्वस्थान में टिका रहा, बालक जन्मोत्तर देरी से रोया, छींक भी किया, दीर्घकेश, घर के पश्चिम भाग में प्रसवस्थान, ११।२८।३८।५२।६२ इन कष्टकारक वर्षों के प्रारम्भ में मृत्युञ्जय जप और तुलादान कराना श्रेष्ठ है। यदि इन वर्षों से बचे तो १०० वर्ष जीवे।

धनु—माता का सिर पश्चिम या पूर्व को, पीत वा रक्त वस्त्र, पक्वान्नादि भोजन, जन्म समय स्त्री १ या ५, दीपक हाथ में उठाया गया, बालक जन्मोत्तर तत्काल दीर्घ शब्द से रोया, और छीक भी किया, घर के वायव्यकोण में सूतिकास्थान, २।१०।१८।३१।३८।४२।६७ इन वर्षों के आरम्भ में शिवार्चन, महामृत्युञ्जय जप, ब्राह्मण भोजन श्रेष्ठ है, यदि इन वर्षों से बचे तो ८१ वर्ष जीवे।

मकर—माता का सिर दक्षिण में, ऊपर काला वा जीर्ण कमजोर वस्त्र, गुड़, दुग्ध, कसैला भोजन, ठण्डा जल पान किया था। जन्म समय स्त्रियां २, पीछे से १ आई, दीपक हाथ में उठाया गया, बालक जन्मोत्तर अर्द्ध शब्द से रोया और छीक भी किया, घर के उत्तर भाग में पुराना सूतिकास्थान, ५।१३।२७।३६।५७।६३।८७ इन कष्टकारक वर्षों से बचे, तो ९५ वर्ष जीवे।

कुम्भ—माता का शिर पश्चिम को, जीर्ण, धूम्रवर्ण वा कुरूप वस्त्र, मधुर शीत शाकादि कुभोजन, कष्ट अधिक, जन्म समय पास स्त्रियां ४, दो स्त्री पीछे से आई। उनमें एक स्त्री गर्भिणी भी हो। दीपक स्वस्थान में टिका रहा, बालक जन्मोत्तर अर्द्ध शब्द से रोया, वामांग में कोई चिह्न भी हो, घर के उत्तर भाग में सूतिका-गृह, २।२८।३३।४८।६४ इन कष्टकारक वर्षों के प्रारम्भ में तुलादान, गोदान, मृत्युञ्जय जप हितकारक है, इन वर्षों से बचे तो ९० वर्ष जीवे।

मीन—माता का सिर उत्तर में, पीत या मलिन वस्त्र, विचित्र सा अल्प भोजन, जन्म समय स्त्री २ या ५, दीपक हाथ में उठाया व जलाया गया था, बालक जन्मोत्तर देरी से रोया, घर के ईशान में सूतिका-स्थान, १।८।१३।३६।४८ इन कष्टकारक वर्षों के प्रारम्भ में ग्रह-शान्ति हवन मृतसञ्जीवनी मन्त्र का जप कराना श्रेष्ठ है, यदि इन वर्षों से बचे तो ८३ वर्ष जीवे।

स्मरण रहे, कि अधिकांश जिस लग्न के लक्षण मिलें-वही बालक का जन्मलग्न जानना, क्योंकि यह साधारण लग्न के फल बलाबल के कारण सभी नहीं मिल सकते।

सुता जन्म सिंहराशि में, धन-मृग जन्मे बाल। अर्ध-शब्द शिशुकरत भयो भाषत बुद्धि रसाल॥

पितृपरोक्ष ज्ञान—(१) जन्म लग्न को चन्द्रमा न देखे, (२) बुध-शुक्र के मध्य में चन्द्रमा हो, (३) लग्न में शनैश्चर चन्द्रमा से अदृष्ट हो, (४) भौम सप्तम, चन्द्रमा लग्न को न देखता हो, इन चार योगों में से एक भी योग में उत्पन्न हुए बालक का पिता के परोक्ष में जन्म कहना।

जहां राहु शैय्या तहां भय जहां कुज होय। रविस्थान में दीप कही शनी लोह कही सोय?

जन्म कुण्डली में दिशा ज्ञान—प्रथम भाव पूर्व, द्वितीय, तृतीय—ईशान। चतुर्थ—उत्तर। पञ्चम, षष्ठ—वायव्य। सप्तम—पश्चिम। अष्टम, नवम—नैऋत। दशम—दक्षिण। एकादश तथा द्वादश भाव को आग्नेय समझना।

प्रसूति-स्थान से पाकशालादि विचार

जन्मकुण्डली में सूर्य मंगल जिस दिशा में हों, वहां अग्निस्थान (पाकगृह) जानना, इसी तरह चन्द्रमा से जलस्थान, बुध से भण्डार, गुरु से धनस्थान, शुक्र से देवस्थान और

शनि से अशुभ (बैसा) स्थान जानना चाहिए। दोहा—लग्ननाथ जो केन्द्र में तीन दिशा को द्वार। या लग्नपं दिशि जानिए कहत बुद्धि आगार ॥ केन्द्र (१।४।७।१०) स्थान में एक से अधिक ग्रह हों तो उनमें जो बली (स्वराशिमित्रोच्च व मूल त्रिकोण राशि का) केन्द्र स्थान में स्वमित्र शुभ के नवांश में स्थित ग्रह हो उसकी दिशा में वा-लग्नपति की दिशा में सूतिकागृह का द्वार होता है। ग्रहों की दिशा—सूर्य की पूर्व, चन्द्र की वायव्य, भौम की दक्षिण, बुध की उत्तर, गुरु की ईशान, शुक्र की आग्नेय, शनैश्चर की पश्चिम, राहु केतु की नैऋत्य।

चन्द्रातैल-ज्ञानम्—चन्द्रमा से दीप के तैल का ज्ञान होता है, जैसे रात्रि का जन्म है और जन्मकाल पर चन्द्रमा के कम अंश व्यतीत हुए हैं, तो दीपक में तेल ज्यादा कहना यदि चन्द्रमा आधी राशि भोग कर चुका हो, तो दीपक में आधा तेल कहना, यदि चन्द्रमा शीघ्र ही दूसरी राशि पर बदलने वाला हो तो बहुत ही कम तेल कहना। सो० तनुस्थान शशि आई, दां शशि षष्टे भवन में, शिशु जन्म तब आई, तब कहि दीपक तैल नहिं। सित शनिदशमें धाम, पंचम तनुपै चन्द्रमा, शिशु जन्मे तब वाम, दीपक तैल सों युक्त कहि।

लग्नाद्दीपवर्ति-ज्ञानम्—जन्म लग्न के कम अंश हो तो बड़ी बत्ती कहना, अधिक अंश हों तो छोटी कहें।

चन्द्रलग्नांतर्गतग्रहैः स्युरुपसूतिकाः—यदि लग्न की निर्बलता के कारण लग्न फलानुसारउपसूतिका का पूरा पता न लगे तो जन्मकाल में लग्न से चन्द्र पर्यन्त जितने ग्रह उतनी ही उपसूतिका कहना। परन्तु जब कोई ग्रह चन्द्रमा के साथ हो तो उसके अंश देखें। यदि उसके अंश चन्द्रमा से कम हों, तो उसकी गणना करें अन्यथा उसे नहीं जोड़ें। इस प्रकार जो ग्रह लग्न में हों और उसके अंश लग्न से अधिक हों तब ही उसकी संख्या जोड़ें अन्यथा नहीं जोड़ें। लग्नचन्द्रांतर्गत कोई ग्रह वक्र या उच्च का हो तो तीन गुणा करना और स्वराशि स्वनवमांश स्वद्रेष्काण में हो तो द्विगुण करना, इसी प्रकार जितने ग्रह नीचे राशि के अस्त के होवें उनका आधा करके उपसूतिकाओं में जोड़ने से ठीक उपसूतिका स्त्रियों की संख्या का ज्ञान होगा। इस में भी विशेष यह ध्यान में रखने योग्य है कि वह लग्न चन्द्रांतर्गत ग्रहलग्न के भोग्यांश से सप्तम भाव पर्यन्त होवे तो सूतिका ग्रह से बाहर समीप में, और सप्तम भाव से लग्न के भुक्तांश पर्यन्त हों तो सूतिका के समीप में अन्दर जानना। उन ग्रहों में जो शुभग्रह हों वहां धर्मशील सौभाग्यवती स्त्रियां कहना, अशुभ ग्रहों में विधवा व दुश्चरित्रा कहें।

शय्या—शिर व पाद विचार

लग्नदिशि शय्या शिरस्त्रिषड्कान्त्येषु पादाः। लग्न की दिशा की तरफ पलंग का सिरहाना कहना, अर्थात् १।२ लग्न में पूर्व, ३ में अग्निकोण, ४।५ में दक्षिण, ६ में नैऋत्य, ७।८ में पश्चिम, ९ में वायव्यकोण, १०।२२ में उत्तर और १२ लग्न में ईशानकोण की तरफ जानना। तीसरा, छठा, नौवां, बारहवां स्थान पाये जानना। इन स्थानों में से जिस स्थान में पाप ग्रह युक्त हो वहां सूतिका के पलंग का पाया फटा टूटा समझना।

दो०—मीन-मिथुन-सिंह-तुला, मेष होय तत्काल। अन्तरिक्ष भयो बालक, शेषे भूमि विशाल ॥

अथ चिह्नज्ञानम्—दोहा षट्त्रिकोण वा लग्न रवि बुध भाषे धरि ध्यान। वामें कुछ लहसन अहै गर्गवचन परमाण ॥ भानु तथा सौरी तनधन कुज कण्टक चन्द। बालक के षट् अंगुली भाषत कविकुलवृन्द। तनु स्थान में शुक्र हो अष्टम जावे राहु। वाम कर्ण या मस्तके अवश चिह्न दरशाह ॥ सुहृद भाव मे कवि तब भौम वा सौरी लग्न। वाम पाद के चिह्न को भाषत ज्योतिषमग्न ॥ नौमें पांचे भृगु बसे तनु का चौथे मन्द। मृत्यु जावे बुध गुरु उदरे चिह्न भणंद।

प्रसवकष्ट दूर—प्रसवकाल में पहले शुक्लपक्ष की चतुर्दशी को प्रातः सूर्योदय से पहले सहदेवी या अपामार्ग (पुठकंडा) की जड़ें लाकर घृतयुक्त गुग्गुल की धूनि देकर कटि में बांधे और साथ ही "ओंमुक्ताः आशा विपाशाश्च मुक्ताः सूर्येण रश्मयः। मुक्ताः सर्वभयाद् गर्भमेहि माचिर माचिर स्वाहा ॥" इस मंत्र से सात बार शुद्ध जल अभिमन्त्रित करके गर्भिणी स्त्री को पिलावे तो सुख से शीघ्र प्रसव होगा। अगर तीस का यन्त्र भी अनार की कलम से कांसे की थाली में लिख धोकर पिला देवें तो गर्भिणी को कोई भय न होवे, बच्चा बिना कष्ट पैदा होवे। स्मरण रहे कि पहले उपरोक्त मन्त्र तथा तन्त्र ग्रहण के समय या दीपमाला की रात्रि को मन्त्र का जाप करके तथा यन्त्र को लिखकर चलता कर लेवें, तब कष्ट को मिटाता है।

बालक के लिए अरिष्ट

दो०-द्यूनाष्टमतनु पाप खग, बरहे शशी जो खीन। कण्टक शुभ खगना असैं, वेगि ताहि यमलीन।
बसै चन्द्रा द्वादसै अष्ट भवन २ पाप। एक मास में शिशु मरे मातु पिता संताप ॥
लग्नाष्टम शशि राहुयुत जन्म समय जो पाप। एक मास मे शिशु मरे मातु पिता संताप।
लग्नाष्टम शशि राहुयुत जन्म समय जो पाव। बालक दशवासर जिये कहत बुद्धि गुण भाव ॥

अथ काणयोगा—तनु धन व्ययपतियुक्त भृगु आई बसे त्रिकधाम। वा शशि धन कवि पाप युत, ताहि नेत्र बेकाम। सार्कशुक्र तनुनाथयुत भवन बसै त्रिक जाय। जन्म अन्ध यह योग है भाषत बुध समुदाय ॥ तात मात भ्राता तनय मातुल त्रियधर नाथ ॥ चन्द्र भौम जो द्वादशे वाम नैन की हान ॥ भानु राहु दहनो नयन, बुधजन कहत बखान ॥

मूकयोगा—पञ्चमेश गुरु युक्त त्रिक मूक बाल तब होय। जौन भौमपतियुक्त गुरु त्रिकहि मूक कहि सोय ॥ शुक्र त्रिके गुर्वसिंह अज, दशम भानु कुज वास। मूक होय संशय नहीं बुधजन करत प्रकाश।

दुःखवयोगा—रिपु मृत्यु द्वादश गेह में पाप युक्त लग्नेश। जन्म समय जाके परे ताकी अंग कलेश ॥ पाप युक्त तनु भवन में रिपु मृत्युप के ईश। यथा जोग जाके परे तनु मुख विश्वावीस ॥ पापग्रहयुत लग्नपति परै लग्न में आय। बीर्य्यहीन नर होंय तो अधिक व्याधि रुजताय ॥

बन्धनयोगा—क्रूर रहै धन नवम व्यय, और पञ्चम आगार। सो नर सूर कसूरं करि निवसै कारागार ॥

सर्पवेष्टितयोगा—यदि अष्टमेश लग्न में राहु सहित हो तो बालक सर्पवेष्टित अर्थात् सर्प जैसे नाल से वेष्टित होता है।

यमल जन्मयोगा—चतुष्पद राशि (मेष, वृष, सिंह, मकर का पूर्वार्द्ध और धन के उत्तरार्द्ध) का सूर्य होवे, शेष ग्रह बलवान् होकर द्विस्वभावराशि के लग्न में स्थित हों तो यमल अर्थात् दो बच्चों का इकट्ठा जन्म कहना। अथवा आधान लग्न (गर्भ वाले दिन का लग्न) का स्वामी लग्न में हो तो यमल का जन्म होता है।

माता बच्चे को त्याग दे—शनि मंगल से ५।७।९ स्थान में चन्द्रमा हो तो माता बालक को त्याग दे, यदि गुरु देखता हो तो त्याग देने पर भी दीर्घायु हो।

मृत्यु-समय-विचार—जिन अरिष्ट योगों में मरण काल नहीं कहा गया, उन अरिष्ट योगकारक ग्रहों में जो ग्रह बली हों, वह जन्मकाल में जिस राशि में स्थित हो उस राशि में जब चन्द्रमा आता है तब कहना। अथवा—जन्मकाल में जिस राशि में चन्द्रमा स्थित हो जब फिर उसी राशि में चन्द्रमा आता है, तब मरण कहना। अथवा चन्द्रमा जब लग्न राशि में आता है, तब मरण कहना। अथवा, वर्ष के भीतर जब जिस योग युक्त स्थान में जाकर चन्द्रमा बली हो और पापग्रहों द्वारा देखा जाता हो, तब मरण कहना चाहिए। किन्तु जब तक आयु का विचार न हो सके तब तक अन्य विचार करना निरर्थक है, इस वास्ते आयु का प्रथम विचार कर फिर मृत्यु कहे।

सुखदयोगा:—अंगधीश निज लग्न में बुध गुरु कवि के संग। या केन्द्र गृह २ परे तो जानो सुख संग ॥ जन्मलग्न में उच्च ग्रह जो काहू के होय। मित्र दृष्टि ता पर परे सर्व सुखी नर होय ॥

क्लीब (नपुंसक) योगा:—दशम भवन भृगु मन्द दोउ क्लीब योग तब जान। शुक्र भवन ते रिष्फ पट बसे विलब भानु ॥

कुष्ठयोगा:—लग्नप बुध कुज शशि युते राहु युक्त या केतु। श्वेत कुष्ठ को योग यह वरणत गुणी सचेतु ॥ भौम भास्कर मन्दयुत रक्तकृष्ण कहू कुष्ठ। लग्नाधिप रविसाथ त्रिक तापगण्ड अति रुष्ट ॥ जलगंडयुत चन्द जो ग्रन्थिगंडे कुज साथ। पित्त रोग तब जानियो बुध त्रिकयुत तनु नाथ ॥ आमरोग गुरुयुक्त त्रिक क्षयी रोग भगसून। यमतम शिखि वा युक्त त्रिक, दिन प्रति रुजि कहि दून।

केमद्रुम:—आगे पीछे चन्द्र के जो न परैं ग्रह कोय। केमद्रुम यह योग है सब धन डारे खोय ॥ उच्च चन्द्र शुभयुक्त दृग केन्द्रधाम में होय। तब केमद्रुम शुभ कहे दोष न मानो कोय ॥

स्त्रीजातक

क्रूरलग्नयुक्त क्रूर जो, स्वामी दृष्टि नहीं होय। सो कन्या कुल गरल है, भूलि न व्याहेउ कोय ॥ जाके कुज दशमे बसै ऋणी होय पति तासु। लग्न राहु शनि सातवें पति जीवे नहीं जासू। क्रूर युक्त लग्नेश जो पापग्रहों के बीच। सो कन्या व्याभिचारिणी बुधवर कहैं कुज नीच। राहु शुक्र जो लग्न में कन्या को पति और। पाप दृष्टि शनि सातवें कन्या वास कुठौर। लग्न बीच शनि कुज तमसि निर्धन स्वेच्छाचारि। सप्तम कुज राण्ड कहे पति को तजे तमारि ॥ छठे आठवें चन्द्र जो क्रूर पर निज अङ्ग। भौम आठवें भवन में सो पति करै है भंग ॥ राहु सातवें लग्न कुज कंटक शुभ सो तेन ताको पति जीवित रहे वर्ष दोय या तीन ॥ द्वादशाष्ट कुज क्रूरयुत राहु बसै त्रिकधाम। राण्ड होय कुछ दिवस में कहत गणक गुणग्राम ॥ पाप ग्रहों के बीच में लग्न होय वा चन्द। सो त्रिय नाशे कुल दुबो भाषत कविकुल वृन्द ॥ सप्तम भृगु जाके बसै सो कुल दोषी नारि। रूपवती तनु भृगु बसै बुधजन कहत विचारि ॥

वैधव्य विषकन्यायोगा:—चौ० रविवार द्वितीया जो होय। श्लेषा ताहि दिन में जोय ॥१॥ कृतिका होय शनिश्चर वार ॥ साते तिथि का करो विचार ॥२॥ होय शतभिषा मंगलवार। कहो द्वादशी तिथि निर्धार ॥३॥ इन योगन में कन्या होय। निश्चय विधवा जाने सोय ॥४॥ जन्मलग्न द्वै शुभग्रह होय। एक पापग्रह नभ १० में जोय ॥५॥ शत्रु क्षेत्र में द्वै ग्रह मानो। ता कन्या को विधवा जानो ॥६॥ अश्लेषा द्वितीया को होय ॥ मन्दवार युत लीजो जोय ॥७॥ परे शतभिषा मंगलवार। साते तिथि लीजो निर्धार ॥८॥ रविवार द्वादशी जो होय। नक्षत्र विशाखा जानो होय ॥९॥ ऐसो योग लखी जो परे। तो कन्या को विधवा करे ॥१०॥ दो०—सदन में भूमिसुत जन्म सबन शनि जान। सूर्य होत सुत सदन में कन्या विधवा मान ॥११॥

वैधव्य विषकन्याभंगयोगा:—जन्मलग्न वा चन्द्र ते शुभग्रह सप्तम होय। अथवा सप्तम लग्नपति सुभगा कन्या होय ॥

काकवन्ध्यावियोग:—शे अष्टमे काकबन्ध्या। मन्दाकविष्टमे वन्ध्या। अष्टमे जीवे वा शुक्रे नष्टगर्भा वा मृतापत्या ॥

स्त्रीणां राजयोगा:—चौपाई-केन्द्रघात नभगा शुभ होई। नरतनु पाय कलत्र समोई। रानी होय बहुत धन ताके। मन प्रसन्न होई है सुत ताके—चन्द्रज तुंग बसे तनु जाई। लाभ धन गुरु आवे धाई ॥ सो तिय होय नृपति की नारी। जन विख्यात होय सुकुमारी ॥ जो षट्वर्ग शुद्ध गुरु होई। शशि दृग केन्द्र भवन में होई ॥ ऐसे योग जन्म सुकुमारी ॥ रानी होय सदन धनभारी ॥ दोहा......कर्क चन्द्रमा सातवें जीव दृष्टि परिपूर। पुत्र पौत्र धन भूरि युत ताको पति नृप शूर ॥ लाभ भवन सित चन्द्र जो सोमज सप्तम भौम। सुरगुरु परिपूर्ण लखे रानी होई है तौन ॥

स्त्रीणां पुत्रभावविचार:—पञ्चमे शुभदृष्टे च पञ्चमाधिपतावपि। केन्द्रकोणे तदा नारी बहुपुत्रवती भवेत ॥

अशुभ प्रसव मास—कातिक में स्त्री, भाद्रपद में गौ, मागशीर्ष में हथिनी, श्रावण में गधी वा घोड़ी, माघ में भैंस, ज्येष्ठ में बिल्ली, वैशाख में ऊंटनी, पौष में बकरी, चैत में कुत्तिया के बच्चे जन्में तो ६ मास में पिता वा घर वाले की मृत्यु अथवा महाभय होता है। माघ में बुधवार को भैंस, श्रावण में दिन में घोड़ी प्रसूति हो तो महाभय शीघ्र होवे। स्मरण रहे, कि यहां सर्वत्र सौरमास का ग्रहण है, प्रसूता गौ आदि का तत्क्षण दानकर व्याहृति मन्त्रों से घृतक्त श्वेत सरसों का हवन करे, बच्चा जन्मे तो कातिक शान्ति करने से शुभ है।

त्रिखलजन्म फल—यदि तीन कन्याओं के पश्चात् पुत्रोत्पत्ति हो अथवा तीन पुत्रों के पश्चात् कन्या का जन्म हों तो त्रिखल नामक दोष के कारण कन्या माता को, लड़का पिता को भय, धनहानि आदि कष्ट होते हैं, कृपणता छोड़कर त्रिखल शांति करे तो शुभ होता है। तीन अन्न, तीन वस्त्र, तीन धातु (चांदी, सोना, तांबा) दान करे।

बालक की दन्तोत्पत्ति का फल

बालक के जन्मते ही दांत निकले हों तो माता-पिता, को अरिष्ट, ऊपर की पंक्ति में दांत से युक्त जन्म ले तो अधिक अरिष्ट, पड़ोसियों को एवं टेवा बनाने वाले ज्योतिषी को भी भय होता है। ऊपर की प्रथम पंक्ति में दांत निकले तो मातृपक्ष को भय हो, मामा शान्ति करे। पहिले मास में दांत निकले तो शरीर नष्ट, द्वितीय में छोटा भ्राता नष्ट, तृतीय में भगिनी नष्ट, चतुर्थ में भाई नष्ट, पांचवें में ज्येष्ठबन्धु नष्ट, छठे में बहुभोग, ७वें में पितृसुख, ८वें में पुष्टि, ९वें में धनी, १०वें में सुख, ११वें में सुख, १२वें में धनी।

अर्थकनक्षत्रजनन-फलम:—वृद्धगर्ग कहते हैं कि यदि भ्राताओं वा पिता पुत्र माता वा कन्या का एक नक्षत्र हो तो दोनों की अथवा एक की अवश्य मृत्यु होती है। स्वर्णदान से कल्याण होता है।

जन्म-कुण्डली से विशेष विचार

लघु-भ्राता का जन्म समय जानना—(१) जन्मलग्न स्पष्ट में दशम भाव का स्पष्ट जो जोड़ें राशि हो उस पर जब गोचर में गुरु ग्रह आवे तो भाई या बहन का जन्म होता है।

(२) तृतीयेश तृतीयस्थग्रह तृतीयस्थ राशि की दशा में छोटे भ्राता का जन्म होता है यदि भ्रातृ-प्रतिबन्धक योग न हो तो।

भ्राता के कष्ट (खतरे) का समय जानना—(१) जन्मलग्न के स्पष्ट में से तृतीयेश के स्पष्ट को घटावे, शेष राश्यादि का जो नक्षत्र हो उस नक्षत्र पर जब गोचर में शनि आता है तब भाई या बहन को कष्ट होता है।

(३) लग्नेश स्पष्ट में से तृतीयेश स्पष्ट घटावे, शेष में दशमेश स्पष्ट और मंगल-स्पष्ट घटावे—(यथा)—ल० तृ० शे०। शेष राशि में से जब गोचर का शनि आता है तब भ्रातृ कष्ट होता है।

(४) लग्नेश, तृतीयेश, दशमेश, भौम इन चारों स्पष्टों को जोड़ कर जो राश्यादि हो उसके नवांश राशि में जब गोचरस्थ शनि होता है उस काल में भ्रातृ-कष्ट होता है।

(५) लग्नेश, तृतीयेश, दशमेश और भौम को जोड़कर जो राश्यादि हो उसके द्रेष्काण राशि में जब गोचर का गुरु होता है, तब भ्रातृ कष्ट जानिये।

माता की मृत्यु का समय जानना—(१) जन्म के सूर्य स्पष्ट में से चन्द्रस्पष्ट को घटावें तो शेष के उस राशि में या त्रिकोण राशि में या उस शेष राशि के नवांश राशि में जब गोचर का शनि वा गुरु होगा तब माता की मृत्यु का समय जानना।

अथ कन्याजन्मनि मूलचक्रम्

शीर्षे	मुखे	कण्ठे	हृदये	बाह्वो	हस्ते	गुह्ये	जंघा	जान्वो	पादे	स्थानम्
४	६	५	५	५	४	९	४	४	१०	घटी
पशु ना	धन ना	धन ला	कुटिला	धनला.	दयावती	कामिनी	मातृना.	भ्रातृना.	वैधव्य	फलम्

कन्याजन्मनि नक्षत्रफलम्

जन्म नक्षत्र	मूल	आश्लेषा	ज्येष्ठा	विशाखा
फलम्	(१।२।३च.) श्वसुरहानि	(२।३।४च) सास नाश	ज्येष्ठ नाश	(४च) देवर नाश

सुतः सुता वा नियतं श्वसुरं हन्ति मूलजः। तदन्त्यपादजो नैव तथा श्लेषाद्यपादजः।

तिथिगण्डान्त—पूर्णा तिथियों के अन्त की ७ घड़ी, नन्दा तिथियों की शुरू की दो-दो घड़ी तिथि गण्डान्त होता है। यह गण्डान्त जन्म यात्रा विवाह में भयप्रद होता है।

अथ गण्डमूल नक्षत्राणि

अश्विनी	आश्लेषा	मघा	ज्येष्ठा	मूल	रेवती

उपरोक्त ये ६ नक्षत्र गण्डमूल कहलाते हैं, इन नक्षत्रों में उत्पन्न होने वाला बालक माता, पिता, कुल और अपने शरीर का नाश करने वाला होता है। यदि अपना शरीर नष्ट होने से बच जाए, तो धन तथा घोड़ों का स्वामी होता है।

गण्डमूल में उत्पन्न पुत्र के ६ मास अथवा २७ दिन तक पिता को दर्शन नहीं करने चाहिए, तत्पश्चात् शान्ति करके विधि से मुख देखना कल्याणप्रद है।

मूल और आश्लेषा नक्षत्र के चरण जन्मफल

मूल पाद फल		आश्लेषा पाद फल	
चरण	फल	चरण	फल
१	पितृनाश	४	पितृनाश
२	मातृनाश	३	मातृनाश
३	धननाश	२	धननाश
४	शान्ति से सुख	१	शान्ति से सुख

मूलजनने वृक्षविभाग फलम्

मूल	स्तम्भ	त्वचा	शाखा	पत्र	पुष्पे	फलम्	शिखा	विभाग
७	८	१०	११	१२	५	४	३	घटी
मूल नाश	वंश नाश	मातृ क्लेश	मातुल नाश	मन्त्री पदम्	मन्त्री पदम्	विपुल लाभ	अल्प जीव	फल

अथ मूलपुरुष चक्रम्

मूर्ध्नि	मुख	स्कन्धे	बाह्वो.	हस्ते	हृदये	नाभौ	गुह्ये	जान्वोः	पाद	स्थान
५	७	४	८	४	९	२	१०	६	६	घटी
राजा	पि. मृ.	बली	बली	दानी	मन्त्री	ज्ञानी	कामी	मतिमा,	मतिमा,	फलम्

अथ मूलनिवासचक्रम्

जन्ममासानुसारेण	वै. ज्ये. मार्ग. फा.	चैत्र, श्रा. का. पौ.	आषा. आ. माघ. भा.
जन्मलग्नानुसारेण	२।५।८।११	३।६।९।१२	१।४।७।१
मूलनिवासस्थानम्	पाताले	भूमी	स्वर्गे
फलम्	शुभम्	कुलनाशः	शुभम्

मूल का निवास मास व लग्नानुसार दोनों प्रकार से भूमि पर आवे तो महाभयप्रद होता है एक प्रकार से स्वल्पभय होता है। तृतीया, दशमी, षष्ठी शनिभौमसमन्विता। शुक्ला चतुर्दशी मूले जातः संहरते कुलम् ॥ यत्र गण्डे क्रूरयुते महादोषकरो भवेत्। शुभग्रहसभायोगे ईषच्छुभकरं भवेत् ॥ दिनक्षये व्यतीपाते व्याघाते विष्टिवैधृतौ। शूले गंडातिगंडे च परिघे यमघण्टके ॥ ब्रह्मदण्डे मृत्युयोगे प्राप्ते गंडदिने शिशुः। जातो हन्ति कुलं सर्वं तस्मात् कुर्वीत शान्तिकम् ॥

यथा सर्पविषश्चैव मन्त्रश्रवणाद्विलीयते। तथैव गंडदोषोऽपि विधानेन विलीयते ॥ रत्नैः शतौषधीमूलैः सप्तमृद्भिः प्रपूर्यते। शतच्छिद्रं घटं तस्मान्निःसृतेन जलेन हि ॥ बालकस्यापि तत्स्नाने विप्रैः सम्पादिते सति। जपहोमप्रदानेन कृतं स्यान्मांगलं ध्रुवम् ॥ विरुद्धावयवे मूले विधिरेव स्मृतो बुधैः। मुनीनां वचनं सत्यं मन्तव्यं क्षेममीप्सुभिः ॥

अथाभुक्तमूलविचार—ज्येष्टा नक्षत्र की अन्तिम चार घटी, किसी के मत से एक घटी एवं मूल नक्षत्र आदि की चार घटी विशेष आधी, अभुक्तमूल कहलाता है। इस

समय में जो बच्चा जन्म ले उसका परित्याग करदे या आठ वर्ष, असमर्थ हो तो ६ मास अथवा २७ दिन तक पिता मुख न देखे। धनगंडे दरिद्रोऽपि शान्तिं कुर्यात्स्वशक्तितः। अन्यथा नाशमाप्नोति चाभुक्तर्क्षे विशेषतः ॥

गण्डमूलात्पन्न बालक का जन्मकाल फल

दिन में	रात्रि में	सन्ध्या	प्रातः	समय
मू० ज्ये० पिता को भय	मू० श्ले० माता को भय	रे० अश्वि० शरीर भय	पशु हानि	फल

अथ पुरुष जन्मकुण्डल्यां भावस्थ-ग्रह-फलानि

भावः	सूर्य	चन्द्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	राहु	केतु
तनु १	सिरअंगपीड़ा	कान्तिमुख	रक्तकोप	सुखी	विद्वान्	सुखी	दुःखी	रोगी	सकाम
धन २	धननाश	सम्पत्तिवान्	ऋणी	धनी गुणी	धनागम	धनी	धनहानि	निर्धन	खल
सहज ३	नीरोगी	कीर्तिमान्	विक्रमी	अरिमर्दन	पापी	पापी	पराक्रमी	विक्रमी	शूर
सुहृत् ४	दुःखी	सुखभोगी	दुःखी	सुखी	सुखी	सुखी	दुःखी	मातृहा	दुःखी
सुत ५	सुतहानि	धनी पुत्रवान्	पुत्रहीन	अल्पपुत्र	प्रतापी	धीमान	पुत्रहीन	कुमति	मूर्ख
शत्रु ६	शत्रुनाश	अल्पायु	शत्रुनाश	रोगी	कामी	रोगी	शत्रुजित्	सबल	सबल
स्त्री ७	स्त्रीदुष्टा	सुभार्यावान्	स्त्रीनाश	धर्मज्ञ	सुभार्या	कामी	स्त्रीकुलटा	स्त्रीरोगी	स्त्रीहा
मृत्यु ८	अल्पायु	योगी	शरीरपी	गुणी	नीचस्व	नीच	नेत्ररोगी	रोगी	क्लेशयुक्त
धर्म ९	दुष्टमति	धर्मात्मा	पापरत	सुखी	धार्मिक	तपस्वी	दुष्टबुद्धि	दैन्ययुक्त	पापी
कर्म १०	शूर	तेजयुत	तेजस्वी	कीर्तिमान्	संपत्तिमान्	संपत्ति	पराक्रमी	मानी	पितृहानि
लाभ ११	धनी	धनी	धनी	धनी	सुलाभ	सुमति	धनवान	सुख्यात	धनी
व्यय १२	दुष्टस्वभाव	कामी	पतितदारहृ	दरिद्री	खल	रोगी	दुःखी	पतित	दुर्जन

अथ स्त्रीजन्मकुण्डल्यां भावस्थग्रहफलानि

भावः	सूर्य	चन्द्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	राहु	केतु
तनु १	क्रोधिनी	गतायुः	विधवा	सौभाग्या	सती	ससुखा	वन्ध्या	पुत्रहीना	दुःखिनी
धन २	दरिद्रा	बहुधन	वन्ध्या	धनाढ्या	धनाढ्या	सुभगा	दुःखिनी	दरिद्रा	दुःखार्त्ता
सहज ३	सुसुता	सुखिनी	विसहजा	पुत्रवती	सुसहजा	धनाढ्या	सुदक्षा	सवित्ता	रोगिणी
सुहृत् ४	सपीड़ा	दुर्भगा	दुःखार्त्ता	सुगृहा	सुखिनी	सुखिनी	हृद्रोगा	रोगार्त्ता	मातृहा
सुत ५	विपुत्रा	ससुखा	विपुत्रा	धीकांतियुत्ता	सगुणा	पुत्रवती	विपुत्रा	विपुत्रा	अपुत्रा
शत्रु ६	सुखिनी	सरोगा	अरोगा	सकोपा	सापदा	दरिद्रा	गुणज्ञा	सधना	धनयुता
पति ७	दुःखार्ता	पतिप्रिया	विधवा	पतिव्रता	कीर्तियुता	पतिप्रिया	विधवा	दुःखिता	विधवा
मृत्यु ८	विधवा	रोगिणी	विधर्मा	कृतघ्ना	सरोगा	विसुखा	दुःखिनी	विधवा	दुःखिनी
धर्म ९	धर्मज्ञा	सुखिनी	दुःखिनी	सुभोगा	पुत्राढ्या	धर्मरता	वन्ध्या	वन्ध्या	शोकयुक्त
कर्म १०	सुकर्मा	धर्मज्ञा	कुपुत्रा	सत्कर्मा	साध्वी	सधना	पापिनी	दुष्कर्मा	पापिनी
लाभ ११	सधना	गुणज्ञा	सलाभा	पतिव्रता	सुपुत्रा	सुपुत्रा	सुलाभा	नीरोगा	सुभगा
व्यय १२	क्रोधिनी	हीनांगी	खला	कृशांगी	सुव्यया	सुव्यया	मूढ़ा	दुष्टा	रोगिणी

अश्विनीजातस्य फलम्—अश्विनी नक्षत्र के प्रथम चरण में जन्म हो तो पिता को भय, द्वितीय में सुखैश्वर्य, तृतीय में मन्त्री तुल्य, चतुर्थ में नृपति समान होता है।

मघाफलम्—मघा के प्रथम चरण में जन्म हो तो माता या मातृपक्ष को हानि, दूसरे में पिता को भय, तीसरे में सुख, चतुर्थ चरण में धन विद्या लाभ होवे।

ज्येष्ठापाद फलम्—प्रथम चरण में बड़े भाई को नेष्ट, द्वितीय में छोटे का नाश, तृतीय में माता का नाश, चतुर्थ में अपने बाप का नाश होता है। ज्येष्ठांत्यपादजो ज्येष्ठं हन्ति बालो न बालिका। न बालिका तु मूलर्क्षे मातरं पितरं तथा।

रेवतीपाद फलम्—रेवती के प्रथम चरण में जन्म हो तो नृप समान दूसरे में मन्त्री या मुख्तार, तीसरे में सुख सम्पत्तियुक्त, चतुर्थ चरण में अनेक कष्ट हों।

अथ मातृसुखनाश योगाः—(१) पापग्रह युक्त चन्द्रमा सातवें भाव में होवे, (२) चन्द्रमा से सातवें पापयुक्त शुक्र होवे, (३) पाप ग्रहों के बीच चन्द्रमा हो अथवा चन्द्रमा से चौथे सातवें पापग्रह हों, (४) तीसरे अथवा सातवें स्थान में सूर्य होवे और लग्न में मंगल होवे, (५) चौथे भाव में शनि पापग्रहों से ही दृष्ट हो, इन पांचों में से एक भी योग मिले तो माता को भय हो, जप दान करना चाहिए।

पितृनाश योगाः—(१) सूर्य मंगल दशवें या नवमे गये हो (२) दशमेश रवि मंगल से युक्त हो, (३) शत्रु राशि का मंगल १०वें हो, (४) पापग्रह से युक्त सूर्य सातवें हो, इन चार योगों में से एक भी योग हो तो पिता को भय हो।

भ्रातृनाश योगाः—भ्रातृ ग्रह को ईश जो भौम संगत्रिक होय।
जाके ऐसे योग है भ्रातृहीन नर होय ॥

सन्तानसुख नाशयोगाः—गुरु ते पञ्चम गेह पति, जाय परे त्रिक भाव। ऐसा यो जो लखि परे, ताके पुत्र अभाव। पुत्र धर्म अरु लग्नपति जाय परे, त्रिक धान। जन्म समय या योग ते सदा पुत्र की हान।

रोगिणी स्त्रीयोगाः—शुक्र और सूर्य सप्तम, पंचम और नवम में हों तो उसकी स्त्री प्रायः रोगयुक्त रहती है।

नीचयोगा :—सहज सप्तम धन सदन में क्रूर बसे खग आई। भवन पांचवें गुरु बसै नीच जाति मनसाई ॥ सिंह लग्न जन्मे शिशु सप्तम शनि विकराल। म्लेच्छ होय कुछ दिवस में यदपि ब्रह्म को बाल। जिनके बुध भग राहु संग सप्तम भाव विराज। लहे सर्वदा राजसुख होवे वेश्यावाज।

जारज योगाः—भानुचन्द्रतनु ना लखै लग्नप लखै न लग्न। सो शिशु है परपुरुष को भाषन ज्योतिषमग्न ॥ रवि कुज गुरु तिथि अष्टमी चौथ चतुर्दशी सार। तीन उत्तर जन्म में तब शिशु कहो परार ॥

गोचर-ग्रहाणां द्वादशभाव-फल बोध-चक्रम्

ग्रह.	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२
सूर्यः	स्थानना.	भय	श्रीः	मानभग	दैन्य	विजयः	मार्गः	पीड़ा	मुक्तना.	सिद्धिः	धनलाभ	द्रव्यना.
चन्द्रः	अन्नलाः	धननाश	सुख	रोगः	कार्यनाश	धनला.	स्त्रीला.	रोगः	धर्मला.	सौख्यं	धनलाभ	धनना.
भौमः	शत्रुभीः	धननाश	धनलाभ	शत्रुभीः	धननाश	धनला.	द्रव्यना.	शत्रुभी.	शत्रुभी.	शोकः	धनलाभ	धनना.
बुधः	बन्धनं	धनलाभ	शत्रुभी.	पशुलाभ	सुखं	स्थानला	पीड़ा	धनला.	पीड़ा	सौख्यं	धनलाभ	धनना.
गुरुः	भय	धनलाभ	क्लेश	धननाशः	सुख	शोकः	राजमान	पीड़ा	सौख्य	दैन्यं	धनलाभ	पीड़ा
शुक्रः	शत्रुना.	धनलाभ	सौख्यं	धनलाभ	पुत्रलाभ	शत्रुभी.	शोक;	धनला.	वस्त्रला.	दुःख	धनलाभ	धनला.
शनिः	भय	धननाश	ऐश्वर्यं	शत्रुभीः	पुत्रनाशः	धनला.	दोषः	पीड़ा	धर्मना.	दौर्मन.	धनलाभ	धनना.
राहुः	हानिः	धननाश	धनलाभ	वैर	शोकः	श्रीः	कलहः	मृत्यु	दुःख	वैर	सुखं	शोकः
केतुः	रोगः	वैर	सुखं	भयं	सुखं	धनला.	कलहः	रोगः	पाप	शोकः	कीर्तिः	शत्रुभी.

उपरोक्त गोचर फल जन्म राशि या जन्मलग्न के अंश आदि से लेकर अग्रिम राशिके उतने अंश तक प्रथम भाव एवं द्वादश भावों के अंशों पर कल्पना करने से अधिक मिलता है। केवल राशि से फल में अधिक अन्तर रहता है।

अथ ग्रहाणामेकमे भोगफल-समयादि ज्ञानम्

सू.	चं.	मं.	बु.	वृ.	शु.	श.	रा के	ग्रहाः
मा.१	दि. २।	मा१॥	मा१	मा१२	मा. १	मा३०	मा १८	एकार्थभोग
आदौ.	अन्ते	आदौ	सदा	मध्ये	मध्ये	अन्ते	अन्ते	फलसमयः
दि. ५	घ. ३	दि. ८	दि. ७	मा. १	दि. ७	मा. ६	मा. ६	गंतव्यराशे प्राक्फलम्

अथ ग्रहतुष्ट्यर्थं धारणाय मणयः

सु.	चं.	मं	बु.	गु.	शु.	श.	रा	के.
माणिक्यम्	मुक्ताफलम्	प्रवालः	पन्ना	म पुष्परागा	हीरा	नीलम्	गोमेदम्	वैडूर्यम्
विद्रुमम्	रौप्यम्	विद्रुमम्	सुवर्णम्	मुक्ताफलम्	कहेम	वैडूर्यम्	लाजावर्तः	लाजावर्तः

पूतनाग्रसित लक्षण एवं शान्ति

बहुत मैले बिछौने पर अकेली जगह में छोटे बच्चे को सुला देने से पूतना नाम राक्षसी का उसमें प्रवेश होने से बच्चा बीमार हो जाता है। तब पूतना की बलि निकालने से अच्छा होता है। जब कभी बच्चा बैठे २ गिर पड़े, या यों मालूम हो कि किसी के पीटने से गिरा है और मूर्छा आ गई है अथवा एकाएक कोई रोग हो गया है तब जानो, कि उसे महापूतना ने ग्रसा है। यदि कोई लोभादि के वश में आकर बनदेवता या नगरदेवता का तिरस्कार कर दे तो उसके बालक में ऊर्ध्वपूतना प्रवेश कर लेती है। यदि कोई मनुष्य अपनी ऋतुस्नाता स्त्री का गमन करने के पश्चात् स्नान न करे या बिना ऋतु के संगम करके हाथ मुंह न धोवे और माता अपवित्रता में ही बालक के साथ सो जावे तो **बालकांता** नाम की राक्षसी का दोष होगा। बच्चे को इतर फुलेल और फूल माला पहिना कर बाहर जाने से रेवती ग्रही का दोष होता है। सिर खुले जूठे बालक को संध्या के समय सोने से भी रेवती का आवेश हो जाता है। संध्या के समय जमीन पर सोने से अथवा खेलने से बालक को पुष्प रेवती का दोष होता है। कदाचित् बालक खेलता २ गिर जाय अथवा उसे उल्टी हो या हाथ-पांव नहीं धुले हों तब उसे शुष्क रेवती का आवेश होता है। जूठा खाने और देवता के स्थान पर मलमूत्र करने से शकुनी ग्रही बालक को पकड़ लेती है। जो नित्य कर्म संध्या बंदनादि नहीं करते या जो लोग पक्षियों को पालते हैं जन्मान्तर में उनके बालकों पर शिशुमुण्डिका राक्षसी का दोष हो जाता है। फिर उसका पूजन और बलि धूपादि दान करने से शान्ति होती है।

चेष्टा— जिस बालक के नखों और दांतो में विकार हो, नींद नहीं आवे, डर लगे, मन को उद्वेग रहे, शरीर में दुर्गन्ध उठे, अनेक प्रकार की चेष्टा करे, बल अधिक हो जावे, उसे ग्रहाविष्ट जानना।

उद्वर्तनम्—दूर्वा, कुटकी, नीम के पत्ते, तज, इनका उबटना बालक के शरीर में मलकर पीछे पीपल के पत्ते मुलट्ठी, लसूड़े के पत्ते इनका काढ़ा बनाकर स्नान करावे ग्रह रोग दूर होगा।

सर्वबालग्रहशान्त्यर्थं देवालये ज्योनिर्दानं निवासश्च तत्र रात्रौ---ॐ हिनस्ति दैत्यतेजांसि स्वनेनापूर्य या जगत्। सा घण्टा पातु नो देवि पापेभ्यो नः सुतानिव॥ इत्यस्य जपः ततोऽनेनेव मन्त्रेण सदीपदधिमाषान्नबलिदाने घण्टाबन्धने च सर्वबालग्रहशान्तिः॥

अथ बाल रक्षा विधि (प्रयोगसारे)

यदि दुष्ट दृष्टि (नजरादिदोषों) के कारण बालक के शरीर में कोई रोग कष्ट हो जाय तो---ॐ वासुदेवो जगन्नाथः पूतनातर्जनो हरिः। रक्षति त्वरितं बालं मुञ्च मुञ्च कुमारकम् ॥१॥ कृष्ण! रक्ष शिशु शङ्ख मधुकैटभ-मर्दनः। प्रातः सङ्गव मध्याह्ने सायाह्ने सुच सन्ध्ययो ॥२॥ महानिशि सदा रक्ष कंसारिष्ट निषूदनः। यद्गोरजः पिशाचांश्च ग्रहान् मातृग्रहानपि ॥३॥ बालग्रहान्विशेषेण छिन्धि छिन्धि. महाभयान्। त्राहि त्राहि हरेनित्यं त्वद्रक्षाभूषितं शिशुम् ॥४॥

इन चार मंत्रों से अभिमंत्रित हुई गौ के गोबर की शुद्ध भस्म को बालक के मस्तक, कण्ठ, हृदयादि अंगों में लगाने से बालक का कष्ट दूर होगा।

समय में जो बच्चा जन्म ले उसका परित्याग करदे या आठ वर्ष, असमर्थ हो तो ६ मास अथवा २७ दिन तक पिता मुख न देखे। धनगडे दरिद्रोऽपि शान्तिं कुर्यात्स्वशक्तितः। अन्यथा नाशमाप्नोति चाभुक्तर्क्षे विशेषतः ॥

गण्डमूलात्पन्न बालक का जन्मकाल फल

दिन में	रात्रि में	सन्ध्या	प्रातः	समय
मू० ज्ये० पिता को भय	मू० श्ले० माता को भय	रे० अश्वि० शरीर भय	पशु हानि	फल

अथ पुरुष जन्मकुण्डल्यां भावस्थ-ग्रह-फलानि

भावः	सूर्य	चन्द्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	राहु	केतु
तनु १	सिरअगपीड़ा	कान्तिसुख	रक्तकोप	सुखी	विद्वान्	सुखी	दुःखी	रोगी	सकाम
धन २	धननाश	सम्पतिवान्	ऋणी	धनी गुणी	धनागम	धनी	धनहानि	निर्धन	खल
सहज ३	नीरोगी	कीर्तिमान्	विक्रमी	अरिमर्दन	पापी	पापी	पराक्रमी	विक्रमी	शूर
सुहृत् ४	दुःखी	सुखभोगी	दुःखी	सुखी	सुखी	सुखी	दुःखी	मातृहा	दुःखी
सुत ५	सुतहानि	धनी पुत्रवान्	पुत्रहीन	अल्पपुत्र	प्रतापी	धीमान	पुत्रहीन	कुमति	मूर्ख
शत्रु ६	शत्रुनाश	अल्पायु	शत्रुनाश	रोगी	कामी	रोगी	शत्रुजित्	सबल	सबल
स्त्री ७	स्त्रीदुष्टा	सुभार्यावान्	स्त्रीनाश	धर्मज्ञ	सुभार्या	कामी	स्त्रीकुलटा	स्त्रीरोगी	स्त्रीहा
मृत्यु ८	अल्पायु	योगी	शरीरपी	गुणी	नीचस्व	नीच	नेत्ररोगी	रोगी	क्लेशयुक्त
धर्म ९	दुष्टमति	धर्मात्मा	पापरत	सुखी	धार्मिक	तपस्वी	दुष्टबुद्धि	दैन्ययुक्त	पापी
कर्म १०	शूर	तेजयुत	तेजस्वी	कीर्तिमान्	संपत्तिमान्	संपत्ति	पराक्रमी	मानी	पितृहानि
लाभ ११	धनी	धनी	धनी	धनी	सुलाभ	सुमति	धनवान	सुख्यात	धनी
व्यय १२	दुष्टस्वभाव	कामी	पतितदारहृदरिद्री		खल	रोगी	दुःखी	पतित	दुर्जन

अथ स्त्रीजन्मकुण्डल्यां भावस्थग्रहफलानि

भावः	सूर्य	चन्द्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	राहु	केतु
तनु १	क्रोधिनी	गतायुः	विधवा	सौभाग्या	सती	ससुखा	वन्ध्या	पुत्रहीना	दुःखिनी
धन २	दरिद्रा	बहुधन	वन्ध्या	धनाढ्या	धनाढ्या	सुभगा	दुःखिनी	दरिद्रा	दुःखार्त्ता
सहज ३	सुसुता	सुखिनी	विसहजा	पुत्रवती	सुसहजा	धनाढ्या	सुदक्षा	सवित्ता	रोगिणी
सुहृत् ४	सपीडा	दुर्भगा	दुःखार्त्ता	सुगृहा	सुखिनी	सुखिनी	हृद्रोगा	रोगार्त्ता	मातृहा
सुत ५	विपुत्रा	ससुखा	विपुत्रा	धीकीर्तियुत्ता	सगुणा	पुत्रवती	विपुत्रा	विपुत्रा	अपुत्रा
शत्रु ६	सुखिनी	सरोगा	अरोगा	सकोपा	सापदा	दरिद्रा	गुणज्ञा	सधना	धनयुता
पति ७	दुःखार्ता	पतिप्रिया	विधवा	पतिव्रता	कीर्तियुता	पतिप्रिया	विधवा	दुःखिता	विधवा
मृत्यु ८	विधवा	रोगिणी	विधर्मा	कृतघ्ना	सरोगा	विसुखा	दुःखिनी	विधवा	दुःखिनी
धर्म ९	धर्मज्ञा	सुखिनी	दुःखिनी	सुभोगा	पुत्राढ्या	धर्मरता	वन्ध्या	वन्ध्या	शोकयुक्त
कर्म १०	सुकर्मा	धर्मज्ञा	कुपुत्रा	सत्कर्मा	साध्वी	सधना	पापिनी	दुष्कर्मा	पापिनी
लाभ ११	सधना	गुणज्ञा	सलाभा	पतिव्रता	सुपुत्रा	सुपुत्रा	सुलाभा	नीरोगा	सुभगा
व्यय १२	क्रोधिनी	हीनांगी	खला	कृशांगी	सुव्यया	सुव्यया	मूढ़ा	दुष्टा	रोगिणी

अश्विनीजातस्य फलम्—अश्विनी नक्षत्र के प्रथम चरण में जन्म हो तो पिता को भय, द्वितीय में सुखैश्वर्य, तृतीय में मन्त्री तुल्य, चतुर्थ में नृपति समान होता है।

मघाफलम्—मघा के प्रथम चरण में जन्म हो तो माता या मातृपक्ष को हानि, दूसरे में पिता को भय, तीसरे में सुख, चतुर्थ चरण में धन विद्या लाभ होवे।

ज्येष्ठापाद फलम्—प्रथम चरण में बड़े भाई को नेष्ट, द्वितीय में छोटे का नाश, तृतीय में माता का नाश, चतुर्थ में अपने बाप का नाश होता है। ज्येष्ठांघ्रपादजो ज्येष्ठं हन्ति बालो न बालिका। न बालिका तु मूलर्क्षे मातरं पितरं तथा।

रेवतीपाद फलम्—रेवती के प्रथम चरण में जन्म हो तो नृप समान दूसरे में मन्त्री या मुख्तार, तीसरे में सुख सम्पत्तियुक्त, चतुर्थ चरण में अनेक कष्ट हों।

अथ मातृसुखनाश योगाः—(१) पापग्रह युक्त चन्द्रमा सातवें भाव में होवे, (२) चन्द्रमा से सातवें पापयुक्त शुक्र होवे, (३) पाप ग्रहों के बीच चन्द्रमा हो अथवा चन्द्रमा से चौथे सातवें पापग्रह हों, (४) तीसरे अथवा सातवें स्थान में सूर्य होवे और लग्न में मंगल होवे, (५) चौथे भाव में शनि पापग्रहों से ही दृष्ट हो, इन पांचों में से एक भी योग मिले तो माता को भय हो, जप दान करना चाहिए।

पितृनाश योगाः—(१) सूर्य मंगल दशवें वा नवमे गये हो (२) दशमेश रवि मंगल से युक्त हो, (३) शत्रु राशि का मंगल १०वें हो, (४) पापग्रह से युक्त सूर्य सातवें हो, इन चार योगों में से एक भी योग हो तो पिता को भय हो।

भ्रातृनाश योगाः—भ्रातृ ग्रह को ईश जो भौम संगत्रिक होय।
जाके ऐसे योग है भ्रातृहीन नर होय ॥

सन्तानसुख नाशयोगाः—गुरु ते पञ्चम गेह पति, जाय परे त्रिक भाव। ऐसा यो जो लखि परे, ताके पुत्र अभाव। पुत्र धर्म अरु लग्नपति जाय परे, त्रिक धान। जन्म समय या योग ते सदा पुत्र की हान।

रोगिणी स्त्रीयोगाः—शुक्र और सूर्य सप्तम, पंचम और नवम में हों तो उसकी स्त्री प्रायः रोगयुक्त रहती है।

नीचयोगा:—सहज सप्तम धन सदन में क्रूर बसे खग आई। भवन पांचवें गुरु बसै नीच जाति मनसाई ॥ सिंह लग्न जन्मे शिशु सप्तम शनि विकराल। म्लेच्छ होय कुछ दिवस में यदपि ब्रह्म को बाल। जिनके बुध भग राहु संग सप्तम भाव विराज। लहे सर्वदा राजसुख होवे वेश्यावाज।

जांरज योगाः--भानुचन्द्रतनु ना लखै लग्नप लखै न लग्न। सो शिशु है परपुरुष को भाषन ज्योतिषमग्न ॥ रवि कुज गुरु तिथि अष्टमी चौथ चतुर्दशी सार। तीन उत्तर जन्म में तब शिशु कहो परार ॥

गोचर-ग्रहाणां द्वादशभाव-फल बोध-चक्रम्

ग्रह.	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२
सूर्य:	स्थानना.	भय	श्री:	मानभग	दैन्य	विजय:	मार्ग:	पीड़ा	मुकुना.	सिद्धि:	धनलाभ	द्रव्यना.
चन्द्र:	अन्नला:	धननाश	सुखं	रोग:	कार्यनाश	धनला.	स्त्रीला.	रोग:	धर्मला.	सौख्यं	धनलाभ	धनना.
भौम:	शत्रुभी:	धननाश	धनलाभ	शत्रुभी:	धननाश	धनला.	द्रव्यना.	शत्रुभी.	शत्रुभी.	शोक:	धनलाभ	धनना.
बुध:	बन्धनं	धनलाभ	शत्रुभी.	पणुलाभ	सुख	स्थानला	पीड़ा	धनला.	पीड़ा	सौख्यं	धनलाभ	धनना.
गुरु:	भयं	धनलाभ	क्लेश	धननाश:	सुखं	शोक:	राजमान	पीड़ा	सौख्य	दैन्यं	धनलाभ	पीड़ा
शुक्र:	शत्रुना.	धनलाभ	सौख्यं	धनलाभ	पुत्रलाभ	शत्रुभी.	शोक;	धनला.	वस्त्रला.	दु:ख	धनलाभ	धनला.
शनि:	भय	धननाश	ऐश्वर्यं	शत्रुभी:	पुत्रनाश:	धनला.	दोष:	पीड़ा	धर्मना.	दौर्मन.	धनलाभ	धनना.
राहु:	हानि:	धननाश	धनलाभ	वैर	शोक:	श्री:	कलह:	मृत्यु	दु:ख	वैर	सुखं	शोक:
केतु:	रोग:	वैर	सुखं	भयं	सुख	धनला.	कलह:	रोग:	पाप	शोक:	कीर्ति:	शत्रुभी.

उपरोक्त गोचर फल जन्म राशि या जन्मलग्न के अंश आदि से लेकर अग्रिम राशिके उतने अंश तक प्रथम भाव एवं द्वादश भावों के अंशों पर कल्पना करने से अधिक मिलता है। केवल राशि से फल में अधिक अन्तर रहता है।

अथ ग्रहाणामेकमे भोगफल-समयादि ज्ञानम्

सू.	चं.	मं.	बु.	बृ.	शु.	श.	रा के	ग्रहा:
मा.१	दि. २।	मा१॥	मा१	मा१२	मा. १	मा३०	मा १८	एकार्थभोग
आदौ.	अन्ते	आदौ	सदा	मध्ये	मध्ये	अन्ते	अन्ते	फलसमय:
दि. ५	घ. ३	दि. ८	दि. ७	मा. १	दि. ७	मा. ६	मा. ६	गंतव्यराशे: प्राक्फलम्

अथ ग्रहतुष्ट्यर्थं धारणाय मणय:

सू.	चं.	मं	बु.	गु.	शु.	श.	रा	के.
माणिक्यम्	मुक्ताफलम्	प्रवाल:	पन्ना	पुष्पराग	हीरा	नीलम	गोमेदम्	वैदूर्यम्
विद्रुमम्	रौप्यम्	विद्रुमम्	सुवर्णम्	मुक्ताफलम्	हीरकम्	इन्द्रनीलम्	लाजवर्त:	लाजवर्त:

पूतनाग्रसित लक्षण एवं शान्ति

बहुत मैले बिछौने पर अकेली जगह में छोटे बच्चे को सुला देने से पूतना नाम राक्षसी का उसमें प्रवेश होने से बच्चा बीमार हो जाता है। तब पूतना की बलि निकालने से अच्छा होता है। जब कभी बच्चा बैठे २ गिर पड़े, या यों मालूम हो कि किसी के पीटने से गिरा है और मूर्छा आ गई है अथवा एकाएक कोई रोग हो गया है तब जानो, कि उसे महापूतना ने ग्रसा है। यदि कोई लोभादि के वश में आकर वनदेवता या नगरदेवता का तिरस्कार कर दे तो उसके बालक में ऊर्ध्वपूतना प्रवेश कर लेती है। यदि कोई मनुष्य अपनी ऋतुस्नाता स्त्री का गमन करने के पश्चात् स्नान न करे या बिना ऋतु के संगम करके हाथ मुंह न धोवे और माता अपवित्रता में ही बालक के साथ सो जावे तो **बालकांता** नाम की राक्षसी का दोष होगा। बच्चे को इतर फुलेल और फूल मांला पहिना कर बाहर जाने से रेवती ग्रही का दोष होता है। सिर खुले जूठे बालक को संध्या के समय सोने से भी रेवती का आवेश हो जाता है। संध्या के समय जमीन पर सोने से अथवा खेलने से बालक को पुष्ण रेवती का दोष होता है। कदाचित् बालक खेलता २ गिर जाय अथवा उसे उल्टी हो या हाथ-पांव नहीं धुले हों तब उसे शुष्क रेवती का आवेश होता है। जूठा खाने और देवता के स्थान पर मलमूत्र करने से शकुनी ग्रही बालक को पकड़ लेती है। जो नित्य कर्म संध्या वंदनादि नहीं करते या जो लोग पक्षियों को पालते हैं जन्मान्तर में उनके बालकों पर शिशुमुण्डिका राक्षसी का दोष हो जाता है। फिर उसका पूजन और बलि धूपादि दान करने से शान्ति होती है।

चेष्टा— जिस बालक के नखों और दांतों में विकार हो, नींद नहीं आवे, डर लगे, मन को उद्वेग रहे, शरीर में दुर्गन्ध उठे, अनेक प्रकार की चेष्टा करे, बल अधिक हो जावे, उसे ग्रहाविष्ट जानना।

उद्वर्तनम्—दूर्वा, कुटकी, नीम के पत्ते, तज, इनका उबटना बालक के शरीर में मलकर पीछे पीपल के पत्ते मुलट्ठी, लसूड़े के पत्ते इनका काढ़ा बनाकर स्नान करावे ग्रह रोग दूर होगा।

सर्वबालग्रहशान्त्यर्थं देवालये ज्योतिर्दान निवासश्च तत्र रात्रौ---ॐहिनस्ति दैत्यतेजांसि स्वनेनापूर्य या जगत्। सा घण्टा पातु नो देवि पापेभ्यो न: सुतानिव॥ इत्यस्य जप: ततोऽनेनैव मन्त्रेण सदीपदधिमाषान्नबलिदाने घण्टाबन्धने च सर्वबालग्रहशान्ति:॥

अथ बाल रक्षा विधि (प्रयोगसारे)

यदि दुष्ट दृष्टि (नजरादिदोषों) के कारण बालक के शरीर में कोई रोग कष्ट हो जाय तो---ॐवासुदेवो जगन्नाथ: पूतनातर्जनो हरि:। रक्षतु त्वरितं बालं मुञ्च मुञ्च कुमारकम् ॥१॥ कृष्ण! रक्ष शिशु शङ्ख मधुकैटभ-मर्दन:। प्रात: सङ्गव मध्याह्ने सायाह्ने सुच सन्ध्ययो: ॥२॥ महानिशि सदा रक्ष कंसारिष्ट निषूदन:। यद्गोरज: पिशाचांश्च ग्रहान् मातृग्रहानपि ॥३॥ बालग्रहान्विशेषेण छिन्धि छिन्धि. महाभयान। त्राहि त्राहि हरेनित्यं त्वद्रक्षाभूषितं शिशुम् ॥४॥

इन चार मंत्रों से अभिमंत्रित हुई गौ के गोबर की शुद्ध भस्म को बालक के मस्तक, कण्ठ, हृदयादि अंगों में लगाने से बालक का कष्ट दूर होगा।

अथ बाल पूतना विधान—आगे लिखे बाल कष्टावली चक्रोक्त हर एक बलिदान के पीछे मार्जन शिखास्थानं-स्पर्श निम्न-लिखित मन्त्रों द्वारा एक ही प्रकार से होता है, बलिदान विधि तीन दिन निरन्तर करें । चौथे दिन पलास, अश्वत्थ, बिल्व, गूलर, मिल सके तो कपित्थ, इनके पत्रों को उबाल कर बालक को मन्त्र पाठपूर्वक स्नान कराना तदन्तर कल्याणार्थ यथा शक्ति भिक्षुकों तथा कुत्ते आदि जीवों को मिष्ठान्न भोजन कराना ।। तदनंतर ओं द्यौशांतिरन्तरिक्ष ०८ इत्यादि शांति मन्त्रों व मार्जन व मन्त्रों से कुशा से छींटे देने के अनन्तर बालक की शिखा या शिखा-स्थान-स्पर्श पूर्वक यह मन्त्र पढ़े—ओं रक्ष रक्ष महादेव नीलग्रीव जटाधर ! ग्रहस्तु सहितो रक्ष मुञ्च मुञ्च कुमारकम् ।। ओं सर्वमातर इमं ग्रह सहरतु हु रादय२ स्फोटय २ स्वाहा । गर्ज २ से २ गृह्ण २ आमर्दय २, हिम २, हुवः एवं सिद्धि रुद्रो ज्ञापय स्वाहा ।। इति रक्षा मन्त्रः ।।

बाल कष्टावली चक्रम्

किस समय कौन पूतना ग्रस्त करती है ?	मूर्ति निमर्णार्थ द्रव्य	पूजन द्रव्य	बलि विधान व समय	स्नान पूजा मार्जन मन्त्र	धूप
प्रथम दिन मास वर्ष में योगिनी	नदी के दोनों किनारों की मृत्तिका	श्वेत चन्दन तिलक, श्वेत पुष्प, ५ रंग की झंडी ५, ५ दीपक, ५ आटे के सतिये, कपुर, लोहवान	श्वेत भात, ५ पूर्ण पोली (सुहाली) १ प्रहर दिन चढ़े पूर्व दिशा में चौरास्ते पर रखना ।	ओं ब्रह्माविष्णुश्च रुद्रश्च स्कन्दी वै श्रवणस्तथा । रक्षन्तु त्वरितं बालं मुञ्च मुञ्च कुमारकम् ।	राई, खस, आक के फूल, बिल्ली और मनुष्य के बाल, निम्ब-पत्र, गौघृत
द्वितीय दिन मास वर्ष में सुनन्दना	एक सेर चावलों का आटा	१० दीपक, १० झण्डी, पुष्प चावलों के आटे के सतिये १०	भात एक सेर आटे के पूड़े मत्स्य व बकरे का मांस, संध्या समय पश्चिम दिशा में चौरास्ते पर रखना ।	ओं नमश्चामुण्डायै विच्चे ह्रांह्रां ह्रीं ह्रीं ह्रं ह्रं दुष्टाग्रहा गच्छन्तिवतः स्थानाद्राज्ञया स्वाहा	
तृतीय दिन मास वर्ष में पूतना	एक सेर चावलों का आटा	रक्त चन्दन, रक्त पुष्प, श्वेत ध्वजा, दीपक १०, गेहूं के आटे के सतिये १० ।	एक सेर लाल भात, आधे सेर पूर्ण पोली, (सुहाली) पश्चिम दिशा में किसी वृक्ष के नीचे ।	सुनन्दना विधानोक्त	लसुन, गौश्रृंग, सांप की कांचली, नीम के पत्ते, पुरुष और बिल्ली के बाल गौघृत
चतुर्थ दिन मास वर्ष में मुख मंडिका	तिल-चूर्ण एक सेर	श्वेत पुष्प श्वेत ध्वजा ५, दीपक, मिल सके तो अर्जुन वृक्ष के पुष्प	भात, सेर आटे के पूड़े आध सेर पूर्ण पोली, सायं, पश्चिम दिशा में वृक्ष के नीचे ।	सुनन्दना विधानोक्त	
पञ्चम दिन मास वर्ष में, बिडालिका	एक सेर चावलों का आटा	श्वेत चन्दन, श्वेत पुष्प, दीपक ५, श्वेत ध्वजा ५, गेहूं के आटे के सतिये ।	श्वेत भात, ७ पूड़ियां, सायंकाल पश्चिम दिशा में वृक्ष के नीचे	ओं भगवती ह्रींह्रीं ह्रं ह्रं मुञ्च रक्षां कुरु कुरु बलि गृह्ण गृह्णअस्त्र ठःठः चामुंडे सर्वार चण्डिकेठःठः स्वाहा ।	
षष्ठ दिन मास वर्ष में, षट्कारिका	नदी के दोनों किनारों की मिट्टी	श्वेत चन्दन, श्वेत पुष्प, दीपक ५, श्वेत ध्वजा ५ ।	भात, ५ मिठाई, ५ सुहाली,७पूड़ियां, १ प्रहर दिनचढ़े पूर्व में चौरास्ते पर	योगिनी विधानोक्त	
सप्तम दिन मास वर्ष में कालिका	चावलों का आटा एक सेर	श्वेत चन्दन, श्वेत पुष्प, दीपक ५, श्वेत ध्वजा ५ ।	भात, ७ पूड़ियां सायं काल पश्चिम में चौरास्ते पर मौन होकर	बिडालिका विधानोक्त	कूठ, गुग्गुल, राई, हाथीदांत, घृत ।
अष्टम दिन मास वर्ष में कामिनी	जल के दोनों किनारों की मिट्टी	रक्त चन्दन ५, रंग की झण्डी५ दीपक ५ ।	गेहूं की रोटी, मसूर की दाल, हरा साग छाग मांस संध्या में चौरास्ते पर	बिडालिका विधानोक्त	
नवम दिन मास वर्ष में, मदना	एक सेर गेहूं का आटा	चन्दन, पुष्प ५ दीपक, ५ रंग की झण्डी ५ ।	भात, मत्स्य मांस, पापड़ी, सुहाली उत्तर में प्रातः चौरास्ते पर	अं नमो भगवतेवासुदेवाय कृष्णाय मडल बलिमादाय हन२ हुंफट्स्वाहा	
दशम दिन मास वर्ष में, रेवती	एक सेर गेहूं का आटा	रक्त पुष्प, २५ झण्डी, २५ दीपक, २५ सतिये ।	गुड़ के घी भुने चावल, गौ घृत, सायं, दक्षिण में चौरास्ते पर	ओं नमो भगवते वैश्वदेवाय हन हु फट् स्वाहा	गौश्रृंग, लसुन, सांप की कांचली, निम्बपत्र, मनुष्य और बिल्ली के बाल, राई, गौघृत
एकादश दिन मास वर्ष में, सुदंशना	काले उड़दों का आटा एक सेर	श्वेत पुष्प, २५ दीपक, २५ अफेद झण्डी, २५ आटे के सतिये ।	श्वेत भात, ७ पूड़े, सुहाली ७, सायं व प्रातः दक्षिण में चौरास्ते पर	ओं नमो भगवते रावणाय चन्द्र हास वज्र हस्ताय ज्वल २ दुष्ट ग्रहादीन् ओं ह्रीं फट् स्वाहा	
द्वादश दिन मास वर्ष में, अद्भुता	चावलों का आटा एक सेर	१३ दीपक, १३ झण्डी, १३ सतिये आटे के ।	सुहाली, पूड़े ७, पूड़ियां ७, मत्स्य मांस, पापड़ी, सायंकाल दक्षिण में चौरास्ते पर ।	ओं नमो नारायणाय ज्वलद्धस्ताय हन हन शोषय २ मर्दय २ तापय२ हुं३ हन २ दुष्टानां ह्रांह्रं स्वाहा	

अथ नक्षत्र-कष्टावली

रोग नक्षत्र	रोगशांत्यर्थं दान	नक्षत्रपादवशाद् रोग दिनसंख्या १च	२च	३च	४च	रोगशांत्यर्थ जपनीयमन्त्राः	रोगनिवृत्त्यर्थ बलि
अश्विनी	भोजनदानम्	९	११	१	२०	मृत्युञ्जयमन्त्र जपः	घोड़ी के मुख में सात व्रीही धान्य देवे ।
भरणी	गो-अन्नादिदान	०	८०	४०	११	यमायतवेति मन्त्रः	हाथी के मुख में तिल चावल
कृत्तिका	स्वर्णदानम्	९	११	१६	२७	अग्निर्मर्धेति मन्त्रः	कछुए के मुख में घी दें
रोहिणी	घृतदानम्	३	९	१८	३०	ब्रह्मयवेति मन्त्रः	सर्प को दूध दही खिलावे
मृगशिरा	तिलदानम्	९	५	७	१०	इमं देवेति मन्त्रः	खरगोश को दूध पिलावे
आर्द्रा	गोदान	०	१८	०	०	नमस्ते रुद्रइति मन्त्रः	बकरी के मुख में रक्त डालें
पुनर्वसु	पीतलदानम्	७	१४	२	२१	अदितिर्द्यौ रितिमन्त्रः	सूअर को धान्य खिलावे
पुष्य	तैलान्नदानम्	६	७	१०	२१	बृहस्पतेति मन्त्रः	बकरे के मुख में दही डाले
आश्लेषा	गोऽजादिदानम्	०	०	४१	०	नमोऽस्तुसर्पेति मन्त्रः	बिलाव को दूध पिलावे
मघा	वस्त्राज्यदानम्	१५	७	१७	२०	पितृभ्य इति मन्त्रः	बन्दर को तिल उड़द खिलावे
पू. फा.	भोजनदानम्	०	१५	०	३०	भगप्रणेति मन्त्रः	ऊंट के मुख में शहद दे
उ. फा.	अन्नदानम्	७	१४	७	६०	दध्यावर्द्धेति मन्त्रः	गाय को शाक खिलावे
हस्त	तैलदानम्	१५	१७	१५	०	उदुत्यंजातवेदेति मन्त्रः	भैंसे को कमल के फूल खिलावे
चित्रा	दुग्धदानम्	११	९	९	१६	त्वष्टा तुरीगति मन्त्रः	बाघ के लिए तगर व धतूरे के फूल वन में रखे
स्वाती	गोघृतदानम्	६०	१७	३०	०	वायोरग्नेति मन्त्रः	भैंसे को गुड़ चावल खिलावे
विशाखा	गोस्वर्णदानम्	१५	०	४	१३	इंद्राग्नी इति मन्त्रः	बाघ के मुख में गुड़ भात की बलि दे
अनुराधा	गोघृतदानम्	६०	१२	३६	३०	नमोमित्रेति मन्त्रः	बकरे को कुलथी सहित भात गुड़ दे
ज्येष्ठा	तिलदानम्	६९	९	६	४	त्रातारमिन्द्रमितिमन्त्रः	बन्दरों को गुड़ तिल डाले
मूल	रौप्यपात्रदा	०	९	१५	६	मातापुत्रेति मन्त्रः	बिलाव को दूध पिलावे
पू. षा.	गोमुक्तादानम्	०	१५	२४	१०	आपो धर्मेति मन्त्रः	कछुए के मुख में नागरमोते की बलि दे
उ. षा.	भोजनदानम्	३०	२४	२६	१६	विश्वेदेवेति मन्त्रः	गौ को धान्य डाले
श्रवण	श्रीफलदानम्	६०	२४	६	९	विष्णोररा. मन्त्रः	भैंसे के मुख में रक्त मीठा की बलि दे
धनिष्ठा	अश्वान्नदानम्	१५	४	२०	२१	वसो पवित्रेति मन्त्रः	मनुष्य के मुख में दही अन्न की बलि दे
शतभिषा	भोजनान्नदानम्	४	४५	३	२२	वरुणस्तम्भेति मन्त्रः	गौ को चावल खिलावे
पू. भा.	भोजनदानम्	०	१२	२१	१९	अहिर्बुध्न्येति मन्त्रः	कौए के मुख में फल की बलि दे
उ. भा.	अन्नदानम्	१०	३	८	१५	अहिर्बुध्न्येति मन्त्रः	गाय को चावल खिलावे
रेवती	फल दा. कन्यापू.	१८	१०	९	२०	पूषन्तवेति मन्त्रः	हाथी के मुख में पूरी-पूओं की बलि दे

ज्वालामुखी योग

तिथि	१	५	८	९	१०
नक्षत्र	मूल	भ.	कृ.	रो.	श्लेषा

जन्मै सो जीवे नहीं बसै जो उजड़ जाय। चूड़ा पहिरै कामिनी चटपट विधवा होय। गये गए ना बहुरे कूए नीर सुकाय।

पुत्रोत्पत्ति का समय जानना—(१) जन्मलग्नेश व पुत्रेश के स्पष्ट को जोड़े। योगफल के राश्यादि और नवांश की राशि में या इन दोनों के त्रिकोण राशि में जब गोचर का गुरु होता है तब सन्तान उत्पन्न होती है।

(२) च० ल० गु० इन तीनों से पंचम स्थानेश या नवमस्थानेश को दशान्तर्दशा में सन्तानोत्पत्ति होती है।

विवाह स्त्रीसुख होने का समय जानना—(१) जन्म लग्नेश सप्तमेश को जोड़कर जो राशि हो उस राशि में जब गोचर का गुरु हो तब विवाह होता है।

(२) चन्द्र राशीश और अष्टमेश को जोड़े उस राशि में जब गोचर का गुरु आवे तब विवाह होता है।

(३) लग्नेश का नवांशेश जिस राशि में हो उस राशि से द्वितीय भाव में जब गोचर व गुरु चन्द्र होते हैं तब विवाह होता है।

(४) सा० चं० सप्तमेश की दशान्तर्दशा में विवाह होता है।

पिता के खतरे का समय जानना—(१) गुलिक स्पष्ट से सूर्य-स्पष्ट घटावें, शेष राशि के त्रिकोण में जब गोचर का शनि हो तब पिता की मृत्यु होती है।

(२) सूर्य से १।२।७।१२ भाव में जो पापग्रह हो तो उन की दशान्तर्दशा में पिता की मृत्यु होती है।

नोट—

इस कष्टावली में प्रत्येक नक्षत्र का जपनीय मन्त्र पृथक् पृथक् लिखा है वह न कर सके तो महामृत्युञ्जय ही करे। जिस नक्षत्र के जिस चरण में पहले रोग उत्पन्न हुआ है उस चरणानुसार कष्ट दिन जाने, शून्य से विशेष भय जाने, दान जप करे।

जिस नक्षत्र में रोग पैदा हुआ है उसे यहां कष्टावली में 'रोग नक्षत्र' का नाम दिया है। रोग नक्षत्र को जानकर इन कोष्ठकों में लिखा उपाय एवं यथाशक्ति दान करने से रोग शान्त होगा। 'रोग निवृत्यर्थ बलिदान'—वाले कालम में घोड़ी हाथी आदि के मुख में बलि देने के लिए लिखा है, वह गेहूं के आटे की वैसी ही आकृति बनाकर (मन में हाथी आदि की धारणा करके) उसके मुख में बलीद्रव्य देकर धूप-दीपादि करके आटे की आकृति को जल में प्रवाहित कर दें—ऐसा तीन दिन करें। साथ ही दान और जप भी करें।

रोगोत्पत्तौ कुयोगाः

(१) रोग के शुरु दिन में जन्मराशि नक्षत्र लग्न में या राशि व लग्न से आठवें चन्द्र वा यमघंट कुयोग हो।

(२) सूर्यवार को मघा, द्वादशी या भरणी अनुराधा नक्षत्र हो।

(३) सोमवार को आर्द्रा या उत्तराषाढा नक्षत्र हो।

(४) मंगलवार को कृ. मघा व शतभिषा या नन्दा (१।६।११) हो।

(५) बुधवार को अश्विनी व विशाखा या भद्रा (२।७।१२) आश्ले. हो।

(६) गुरुवार छठ व शतभिषा या ज्येष्ठा व मृग. या जया (३।८।१३) व मघा हस्त हो।

(७) शुक्रवार अष्टमी व अश्विनी या आश्लेषा श्रवण या रिक्ता ४।६।१४ आर्द्रा या धनिष्ठा हो।

(८) शनिवार को नवमी व पू.षा. या हस्त व पू.भा. या पूर्णा (५।१०।१५) व भरणी हो।

(९) सूर्य मंगल शनिवारों को ४।६।८।१२।१४।३० तिथि, भरणी कृत्ति आर्द्रा आश्ले. पूर्वा ३ विशा. ज्ये. धनि. शत. नक्षत्र हो तो मृत्युतुल्य कष्ट होता है।

परन्च जन्मपत्र में मारकेश का और भी विचार कर लेना। क्योंकि बिना मारकेश आये मृत्यु तो होती ही नहीं हां, ऐसे योग में कष्ट जरूर मृत्युतुल्य होता है। उपरोक्त योगों में से किसी भी एक योग में रोगारम्भ होते ही तुला दान, गोदान तथा मृत्युञ्जय जप करना कल्याणप्रद है।

अथ रोगत्रिनाड़ीचक्रम्

आर्द्रा	पू.फा.	उ.फा.	अनु.	ज्ये.	धनि.	शत.	भर.	कृ.	प्रथमा
पुन.	मघा	हस्त	विशा.	मूल.	श्रवण	पू.भा.	अश्वि	रो	मध्या
पुष्य	आश्ले	चित्रा	स्वा	पूषा	उ.षा.	उ.भा.	रेव.	मृ.	अन्त्या

सूर्य नक्षत्र दिन नक्षत्र और जन्म नक्षत्र व नाम नक्षत्र 'रोगत्रिनाड़ीचक्र' में एक ही नाड़ी पर हों तो असाध्य रोगी का मरण होता है, मरने को हो तो प्रतिदिन देखने से जिस दिन यह योग मिले उसी दिन निःसंदेह रोगी की मृत्यु कहे। यह रोगत्रिनाड़ीचक्र यात्रा तथा रण के समय भी वर्जित करना।

कालस्य मुखदंष्ट्रा ज्ञानम्

दिन नक्षत्र से नाम नक्षत्र ५।१३।२३ संख्या का हो तो काल का मुख होता है और उसी प्रकार १०—१८वां, नक्षत्र दंष्ट्रा (दाढ़) होती है। काल के मुख दाढ़ में जिस दिन गोचर में नक्षत्र प्राप्त हो उस दिन अत्यन्त रोगग्रस्त पुरुष की मृत्यु पर्यन्त हालत होती है। रोग पर, सर्पादि दर्शन पर, विग्रह-युद्ध में जाने पर काल के मुख दंष्ट्रा में नक्षत्र हो तो अशुभ होता है।

तिथिकष्टावलौ यन्त्रम्

ति.	तिथीश	कष्टदि	बलि	दान
१	अग्नि	१२	शर्कराज्यबलि	घृतनदान
२	ब्रह्मा	५	पायसबलि	भोजनदान
३	काम	७	घृतान्नबलि	रक्तवस्त्रदान
४	गणेश	१६	मोदकान्नबलि	मूंगादान
५	सर्प	२१	पायसबलि	दुग्धदान
६	स्कन्द	१२	मोदकान्नबलि	चित्रवस्त्रदान
७	सूर्य	८	पायसबलि	ताम्रपात्रदान
८	ईश्वर	१३	नानाभक्ष्यबलि	पीतवस्त्रदान
९	दुर्गा	१८	मिण्ठान्नबलि	रक्तवस्त्रदान
१०	यम	२५	कृशरान्नबलि	नीलवस्त्रदान
११	विश्वेदेव	७	मोदकान्नबलि	पीतवस्त्रदान
१२	विष्णु	७	मोदकान्नबलि	श्वेतवस्त्रदान
१३	काम	१०	दधिशर्करावलि	सुवर्णदान
१४	शिव	६०	मिष्टान्नबलि	क्षोद्रशाकभो.
१५	चन्द्र	३	दध्योदनबलि	रोप्यदान
३०	पितर	१८	सूपकान्नबलि	उत्तमान्नभोजन

वारकष्टावलौ यन्त्रम्

वा.	वारेश	क. दि.	बलि व दान
सू.	रुद्र	५	पायसबलि सूर्यदान
चं.	गौरी	८	नानाभक्ष्यबलि चन्द्रदान
मं.	स्कन्द	५	दुग्धबलि भौमदान
बु.	विष्णु	७	मुद्गान्नबलि बुधदान
बृ.	ब्रह्मा	५	घृतपक्वबलि गुरुदान
शु.	इन्द्र	७	तिलयवाज्यमधु बलि शुक्रदान
श.	यम	१५	माषान्नबलि शनिदान

कालांग चक्र से शुभाशुभ फलज्ञान

यदि किसी व्यक्ति के अङ्ग विशेष में पीड़ा कष्ट घाव फोड़ा आदि चर्मविकार किंवा वायु—विकारादिजन्य कोई कष्ट हो तो दैवज्ञ तात्कालिक प्रश्नकुण्डली लगाकर निम्नलिखित कालांग चक्र में दिए भावों के अनुसार उस 'पीड़ित-भाव' को देखे। यदि उस भाव में कोई अशुभ ग्रह हो, किंवा वह भाव खलदृष्ट, अस्त, नीच तथा शुभग्रह की दृष्टि से रहित हो तो समझें, कि उस अवयव में और विशेष कष्ट की सम्भावना है। शान्ति के लिए उस ग्रह की शान्ति करावे। यदि प्रश्नकुण्डली में पीड़ित भाव शुभग्रह से युक्त किंवा शुभ ग्रह दृष्ट हो तो रोग (कष्ट) शीघ्र निवृत्त हो जाएगा।

कालांक चक्र

भाव→	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२
अङ्ग→	सिर	मुख	भुजाएँ	हृदय	उदर	कटिभाग	बस्ति (मूत्राशय)	लिङ्ग गुदा	जंघाएँ	घुटने	पिण्डलियां	पाद-युगल

कुछ दैवज्ञ यहां भावों की जगह मेषादि राशियों की कल्पना करके इसी तरह से विचार करते हैं।

बाल-रक्षार्थ धूप

राई, लाख, नीम के पत्ते, बांस का छिलका, लहसुन, शिवजी पर चढ़े हुए फूल अगर, गाय का घी, इन सब को मिलाकर धूप देने से सब पूतना तथा अन्य बालग्रह दूर हो जाते हैं। धूप देते समय "खं सुदंनं खं हुं फट् स्वाहा"—इस मन्त्र का उच्चारण करे।

ग्रहगोचराद्यंदशा कमाद्यैग्रंहकृतानिष्ट-फल-शमनार्थं प्रत्येक-ग्रहाणां-दान-पदार्थाः												जप संख्या	जपनीय-मंत्राः	दानसमय	हवन-समिधः
सूर्य	माणिक	सुवर्ण	ताम्र	गेहूं	गुड़	घी	रक्तवस्त्र	रक्तपुष्प	केशर	मूंग रक्तगौ	रक्तचन्दन	७०००	ॐ ह्रां ह्रीं ह्रौं सः सूर्याय नमः	उदय	अर्क
चन्द्र	मोती	सुवर्ण	रजत	चावल	मिसरी	दही	श्वेतवस्त्र	श्वेतपुष्प	शंख	कपूंर श्वेतबैल	श्वेतचन्दन	११०००	ॐ श्रां श्रीं श्रौं सः चन्द्राय नमः	सन्ध्या	पलास
भौम	मूंगा	सुवर्ण	ताम्र	मसूर	गुड़	घी	रक्तवस्त्र	रक्तकनेर	केशर	कस्तूरीरक्तबैल	रक्तचन्दन	१००००	ॐ क्रां क्रीं क्रौं सः भौमाय नमः	घ. २शेषदिन	खदिर
बुध	पन्ना	सुवर्ण	कांसी	मूंग	खांड	घी	हरावस्त्र	सर्वंपुष्प	हाथीदांत	कपूंर शस्त्र	फल	१६०००	ॐ ब्रां ब्रीं ब्रौं सः बुधाय नमः	घ. ५शेषदिन	अपामार्ग
गुरु	पुखराज	सुवर्ण	कांसी	दालचने	खांड	घी	पीतवस्त्र	पीतपुष्प	हल्दी	पुस्तक घोड़ा	पीतफल	१६०००	ॐ ग्रां ग्रीं ग्रौं सः गुरवे नमः	संध्या	अश्वत्थ
शुक्र	हीरा	सुवर्ण	रजत	चावल	मिसरी	दूध	श्वेतवस्त्र	श्वेतपुष्प	सुगंध	दधि श्वेतघोड़ा	श्वेतचन्दन	६०००	ॐ द्रां द्रीं द्रौं सः शुक्राय नमः	सू. उ.	उदुम्बर
शनि	नीलम	सुवर्ण	लोहा	उदड़	कुलथी	तैल	कृष्णवस्त्र	कृष्णपुष्प	कस्तूरी	कृष्णांग भैंस	उपानह	२३०००	ॐ प्रां प्रीं प्रौं सः शनये नमः	मध्याह्न	शमी
राहु	गोमेद	सुवर्ण	सीसा	तिल	सरसों	तिल	नीलवस्त्र	कृष्णपुष्प	खड्ग	कंबल घोड़ा	धूप	१८०००	ॐ भ्रां भ्रीं भ्रौं सः राहवे नम	रात्री	दूर्वा
केतु	लसनी	सुवर्ण	लोहा	तिल	सप्तधान्य	तैल	धूम्रवस्त्र	धूम्रपुष्प	नारियल	कंबल बकरा	शस्त्र	१७०००	ॐ स्रां स्रीं स्रौं सः केतवे नमः	रात्री	कुशा
मुन्या	मोती	सुवर्ण	कांसी	चावल	सुवर्ण	घी	श्वेतवस्त्र	श्वेतपुष्प	कपूंर	मसरी श्वेतचन्दन	हाथीदांत	मुन्येशवत्	मुन्येशमन्त्रः	मुन्येशकाले	

नवग्रहों के व्रत की विधि

यदि किसी व्यक्ति को कोई ग्रह गोचर से या दशा-अन्तर्दशा से खराब चल रहा हो तो निम्नलिखित प्रकार से उस ग्रह का शास्त्रोक्त व्रत-विधान ब्रह्मचर्य पूर्वक करने से अशुभ फल निवृत्ति होती है।

रविवार के व्रत की विधि—सूर्य का व्रत रविवार को करे। यह व्रत शुक्लपक्ष के पहले (जेठे) रविवार से आरम्भ करके वर्ष पर्यन्त तीस या कम से कम १२ व्रत करे। उस रोज केवल गेहूं की रोटी घी लाल खाण्ड के साथ या गेहूं का गुड़ से बना दलिया या हलवा इलायची डाल कर दान करके शेष का दिन में ही सूर्यास्त से पहले भोजन करें। नमक बिलकुल न खावें। भोजन से पूर्व हो सके ता लाल वस्त्र पहनकर ऊपर चक्रोक्त बीज-मन्त्र की पांच माला जप करे। तन्दनतर सूर्य को गन्धाक्षत रक्त पुष्प-दूर्वायुक्त अर्घ्य प्रदान करे। अपने मस्तक में लाल चन्दन का तिलक करें। जब व्रत का अन्तिम रविवार हो तो हवन पूर्णाहुति के बाद ब्राह्मण भोजन करावे। ऐसा करने से सूर्य का अशुभ फल शुभ फल में परणित हो जावेगा। तेजस्विता बढ़ेगी। नेत्र रोग, चर्म रोग एव अन्य शारीरिक रोग भी शान्त होंगे।

सूर्य शान्ति का सरल उपचार :—लाल वस्तुओं का विशेष उपयोग जैसे चादर, परता तथा तांबे की अंगूठी का पहनना।

सोमवार केव्रत की विधि—चन्द्रमा का व्रत शुक्ल-पक्ष के प्रथम (जेठे) सोमवार से प्रारम्भ करके ५४ या १० व्रत करें। व्रत के दिन श्वेत वस्त्र धारण करके चक्र-लिखित बीज-मन्त्र को ११ माला या ३ माला जप करे। सफेद फूलों से पूजन करके सफेद चन्दन का तिलक करे। मध्याह्न के समय नमक के बिना दही—चावल, घी-खाण्ड का यथाशक्ति दान करके स्वयं भोजन करें। जब व्रत का अन्तिम सोमवार हो उस दिन हवन पूर्णाहुति करके खीर-खाण्ड से ब्राह्मण व बटुकों को भोजन करावे। इस व्रत के करने से व्यापार में लाभ, मानसिक कष्टों की शान्ति होती है, विशेष कार्य सिद्धयर्थ भी पूर्ण फलदायक होता है।

चन्द्र शान्ति का सरल उपचार :—सफेद जुराब, रूमाल, सफेद वस्त्र, दूध, दही का उपयोग, चांदी की अंगूठी पहनना।

मंगलवार के व्रत की विधि—यह व्रत शुक्ल पक्ष के प्रथम (जेठे) मंगलवार से प्रारम्भ करके २१ या ४५ व्रत करने चाहिए। हो सके तो यह व्रत आजीवन रखें। बिना सिला हुआ लाल वस्त्र धारण करके बीज-मन्त्र की १, ५ या ७ माला जप करे। नमक सेवन न करे, यह जरूरी है। उस दिन गुड़ से बने हलवे का या लड्डुओं का दान करे। और स्वयं भी खावें। गुड़ से बना कुछ हलवा आदि बैल को भी खिलावें। मंगलवार का व्रत ऋण-हर्ता तथा सन्तति—सुखप्रद है। जब व्रत का अन्तिम मंगलवार हो उस दिन हवन-पूर्णाहुति करके लाल वस्त्र, तांबा, मसूर, गुड़, गेहूं तथा नारियल का दान करे। ब्राह्मणों तथा बच्चों को मीठा भोजन करावे।

मंगल शान्ति का सरल उपचार :—लाल रंग की वस्तुओं का उपयोग रात को लाल वस्त्र पहनें, तांबे के बर्तन, तांबे की अंगूठी पहनना।

बुधवार का व्रत—यह व्रत शुक्ल पक्ष के प्रथम बुधवार (जेठे) से प्रारम्भ करें। २१ या ४५ व्रत करें। हरा वस्त्र धारण करके बीज-मन्त्र की १७ या तीन माला जप करना चाहिए। उस दिन भोजन में नमक-रहित खाण्ड, घी से बने पदार्थ जैसे मूंगी का बना हुआ हलवा, मूंगी की बनी मीठी पंजीरी या मूंगी के लड्डुओं का दान करे। फिर तीन तुलसीदल, गंगाजल या चरणामृत के साथ लेकर स्वयं भी उपरोक्त पदार्थ खावे। व्रत के अन्तिम बुधवार को हवन पूर्णाहुति करके अङ्गहीन भिक्षुक को मूंगीयुक्त भोजन कराकर हरा वस्त्र, मूंगी आदि का दान भी करें। इस व्रत से विद्या-धन-लाभ, व्यापार से तरक्की तथा स्वास्थ्य लाभ होता है। अमावस का व्रत करने से भी बुध ग्रह जन्म नेष्ट फल से मुक्ति मिलती है।

बुध शान्ति का सरल उपचार :—हरा रंग, हरे वस्त्र तथा शृंगार की अन्य वस्तुएं हरा रूमाल आदि रखना, कांसी के बर्तन में भोजन, बुधाष्टमी व्रत।

बृहस्पति के व्रत की विधि—यह व्रत शुक्ल पक्ष के प्रथम (जेठे) गुरुवार से आरम्भ करें। तीन वर्ष पर्यन्त या १६ गुरुवार व्रत करें। उस दिह पीत वस्त्र धारण करके बीज-मन्त्र की ११ या तीन माला जप करें। पीत पुष्पों से पूजन-अर्घ्य दानादि के बाद भोजन में चने के वेसन की बनी घी-खाण्ड से बनी मिठाई लड्डू या हल्दी से पीले या केसरी चांवल आदि ही खावें और यही दान करे। जब व्रत का अन्तिम गुरुवार हो तो हवन पूर्णाहुति के बाद ब्राह्मण व बटुकों को लड्डू भोजन करावे। स्वर्ण पीत-वस्त्र चने की दाल आदि का दान करे। यह व्रत-विद्यार्थियों के लिए बुद्धि तथा विद्या-प्रद है, धन की स्थिरता तथा यश-वृद्धि कर है। अविवाहितों के लिए स्त्री प्राप्तिप्रद सिद्ध होता है।

बृहस्पति शान्ति का सरल उपचार :—पीले वस्त्र रूमाल आदि पीले फूल धारण करना, सोने की अंगूठी पहनना।

शुक्र के व्रत की विधि—यह व्रत शुक्ल पक्ष के प्रथम (जेठे) शुक्रवार से प्रारम्भ होता है। ३१ या २१ व्रत करे। श्वेत वस्त्र धारण करके बीजमन्त्र की ३ या २१ माला जपें। भोजन में चावल, खाण्ड या दूध से बने पदार्थ ही सेवन करे। यही पदार्थ यथा-शक्ति संभव हो तो एकाक्षी (एक आंख वाले) भिक्षुक को या श्वेत गाय को दें। जब व्रत का अन्तिम शुक्रवार हो, हवन पूर्णाहुति के बाद खीर-खण्ड से बने पदार्थ ब्राह्मण बटुकों को खिलाये। चांदी, श्वेतवस्त्र, खाण्ड, चावल का दान करे। इस व्रत से स्त्री सुख एवं ऐश्वर्य की वृद्धि होती है।

शुक्र शान्ति का सरल उपचार :-सफेद वस्त्र, सफेद रूमाल आदि सफेद फूल, गाय को हरा घास या पेड़ा देना, शिव पूजन।

शनि के व्रत की विधि—यह व्रत शुक्ल पक्ष के प्रथम शनिवार से आरम्भ करे : व्रत ५१ या १९ करने चाहिए। व्रत के दिन काला वस्त्र धारण करके बीजमन्त्र की १९ या तीन माला का जप करे। फिर एक बर्तन में शुद्ध जल, काले तिल, काले फूल या लवंग (लौंग) गङ्गाजल तथा शक्कर थोड़ा दूध डालकर पश्चिम की ओर मुह करके पीपल-वृक्ष की जड़ में डाल दे। भोजन में उड़द के आटे का बना पदार्थ, पञ्जीरी कुछ तेल से पका हुआ पदार्थ कुत्ते व गरीब को दे तथा तैलपक्व वस्तु के साथ केला व अन्य फल स्वयं प्रयोग में लाना चाहिए। यही पदार्थ दान भी करे। व्रत के अन्तिम शनिवार को हवन पूर्णाहुति के बाद तेल में पकी हुई वस्तुओं को देने के बाद काला वस्त्र, केवल उड़द तथा देसी जूता, तेल लगाकर दान करे। इस व्रत से सब प्रकार की सांसारिक हैरानी दूर हो जाती है। झगड़े में विजय होती है। लोह-मशीनरी कारखाने वालों के व्यापार में उन्नति होती है।

शनि शान्ति का सरल उपचार :—घर के परदे, जूते, जुराब, घड़ी का पट्टा, रूमाल आदि काले रंग के धारण करें।

राहु केतु के व्रत की विधि—शुक्ल पक्ष के प्रथम (जेठे) शनिवार से यह व्रत शुरू करना चाहिए। यह व्रत १८ करे। काला वस्त्र धारण करके१८ या ३ बीजमन्त्र की माला जपे। तदनन्तर एक बर्तन में जल, दूर्वा और कुशा लेकर पीपल की जड़ में डाले। भोजन में मीठा चूरमा, मीठी रोटी समयानुसार रेवड़ी, भुग्गा, तिल के बने मीठे पदार्थ सेवन करे और यही दान में भी दे। रात को घी का दीपक जलाकर पीपल की जड़ में रख दे। इस व्रत से शत्रुभय दूर तथा राजपक्ष से विजय मिलती है।

राहु, केतु शान्ति का सरल उपचार :-नीला रूमाल, नीला घड़ी का पट्टा, नीला पेन, लोहे की अंगूठी पहनें।

ग्रहों के अरिष्ट-निवृत्त्यर्थ स्नान-विधि

यथा सिद्धौषधैः रोगाः नश्येयुर्मन्त्रतो भयम्।
तथा स्नान-विधानेन ग्रह-दोषः प्रणश्यति ॥

रवि ग्रह के दोष की शान्ति के लिए कभी-कभी व्रत के दिन बिल्ववृक्ष की जड़, देवदारु, मुलेठी, लाल फूल, केसर, गर्म पानी में उबाल कर स्नान करे। सोमवार के व्रत के दिन खिरनी की जड़, श्वेत, चन्दन, सिप्पी, पञ्चगव्य उबाल कर स्नान करे। ऐसे ही मंगल के दिन अनन्त मूल, रक्त चन्दन, मौलश्री, लाल फूल ये सब उबाल कर बुध के दिन गोबर, मधु, चावल, बिधारा उबाल कर, गुरु के दिन भारंगी, मुलेठी श्वेत सरसों, मालती पुष्प उबाल कर, शुक्र के दिन इलायची, मजीठ तथा शनि के दिन काले तिल, सौंफ, सुरमा, अमलबेत, सफेद बिनौला उबाल कर स्नान करे। ऐसे ही राहु केतु की शान्ति के लिए शनिवार के दिन देवदारु, सरसों तथा लोहवान उबाल कर स्नान करे, तो ग्रह शान्ति होती है।

नोट—स्नानोक्त कोई वस्तु उपलब्ध न हो तो जो वस्तु मिले, उससे ही स्नान करें।

सर्वग्रहाणां दोषोपशान्तये सामान्यमौषधि स्नानम्

लाजवन्ती (छुई-मुई), कूट, खिलां, कांगनी, जौ, सरसों, देवदारु, हल्दी, सर्वौषधि लोध इन औषधियों के जल एवं से सत्तीर्थोदक स्नान करने से सब ग्रहों की पीड़ा नष्ट होती है तथा पूर्व ही जो दान कह चुके हैं उनके करने से शान्ति होती है। गुरु, वचन, देवता ब्राह्मणों की वेदना, वेदादि श्रवण, साधुओं से बातें, मन की शुद्धता, जप, दान, होम तथा यज्ञ के करने से दुष्ट स्थानों में स्थित ग्रह पीड़ा नहीं करते (श्रीपतिः)॥

शनिविचार—अथ लघु कल्याणी (ढैया) फलम्—कल्याणी प्रददाति वा रविसुते राशेश्चतुर्थाष्टमे व्याधिः बन्धु-विरोध देशगमनं क्लेशं च चिन्ताधिकम्। मृत्युं चैव करोति चापि मनुजं दुःखादि वह्निभयं लोहं शस्त्रभयं सदैवासुखं कुर्यादसौ सर्वदा ॥१॥ अथ बृहत्-कल्याणी (साढ़ेसाती) फलम्...राशौ द्वादश (१२) मूर्ध्नि जन्म (१) हृदये पादौ द्वितीये (२) शनिः। नानाक्लेशकरोऽति दुर्जनभयं पुत्रान्पशून्पीडयेत्॥ हानिः स्यान्मरणं विदेश-गमनं सौख्यं च साधारणम्, रामाऋद्धिविनाशनं प्रकुरुते तुर्याष्टमे वाऽथवा ॥२॥

सप्तधान्य—उड़द १. मूंगी २. गेहूं ३. चने ४.जौ ५. धान्य (तंदुल) ६. कंगनी ७. अष्टगंध—अगर, कस्तूरी, कुंकुम कपूर, चन्दन, टोपीदार लौंग, गोरोचन देवदारु।

अष्टगंध धूप—अगर, छरीला, जटामासी, कपूर-कचरी, गुग्गुल, देवदारु गोघृत सफेद चन्दन।

नक्षत्र-राशिज्ञान चक्र

राशिज्ञाने विशेष:— नक्षत्र वा राशि में श और स में, व और ब में कोई भेद नहीं होता। जिसके नाम का पहला अक्षर संयुक्त हो, वहां प्रथमाक्षर ग्रहण करें। (संयोग जाक्षरे 'नाम्नि ग्राह्य तत्रादिमाक्षरम्)

राशय:	मेष			वृष			मिथुन			कर्क			सिंह			कन्या		
नक्षत्राणि	अश्विनी	भरणी	कृत्तिका	कृत्तिका	रोहिणी	मृगशिर	मृगशिर	आर्द्रा	पुनर्वसु	पुनर्वसु	पुष्य	आश्लेषा	मघा	पू. फा.	उ. फा.	उ. फा.	हस्त	चित्रा
प्रथमचरण	चू	ली	अ	०	ओ	वे	०	कु	के	०	हु	डी	मा	मो	टे	०	पू	पे
द्वितीय च०	चे	लू	०	ई	वा	वो	०	घ	को	०	हे	डू	मी	टा	०	टो	ष	पो
तृतीय च०	चो	ले	०	उ	वी	०	का	ङ	ह	०	हो	डे	मू	टी	०	पा	ण	०
चतुर्थ च०	ला	लो	०	ए	वू	०	की	छ	०	हि	डा	डो	मे	टू	०	पी	ठ	०

राशय:	तुला			वृश्चिक			धनु			मकर				कुम्भ			मीन		
नक्षत्राणि	चित्रा	स्वाती	विशाखा	विशाखा	अनुराधा	ज्येष्ठा	मूल	पू. षा.	उ. षा.	उ. षा.	अभिजित	श्रवण	धनिष्ठा	धनिष्ठा	शतभिषा	पू. भा.	पू. भा.	उ. भा.	रेवती
प्रथमचरण	०	रू	ती	०	ना	नो	ये	भू	भे	०	जू	खी	गा	०	गो	से	०	दू	दे
द्वितीय च०	०	रे	तू	०	नी	य	यो	धा	०	भो	जे	खू	गी	०	सा	सो	०	थ	दो
तृतीय च०	रा	रो	ते	०	नू	यी	भा	फा	०	जा	जो	खे	०	गू	सी	दा	०	झ	चा
चतुर्थ च०	री	ता	०	तो	ने	यू	भी	ढा	०	जी	खा	खो	०	गे	सू.	०	दी	ञ	चि

ध्यान दें,—नामों का प्रारम्भ ङ, ञ, ण इन अक्षरों से नहीं होता। यदि नक्षत्र के आधार पर इन अक्षरों से नाम प्रारम्भ हो रहा तो ङ की जगह ग, ञ की जगह द तथा ण की जगह पू से नाम प्रारम्भ करें। ऐसा करने से नक्षत्र भेद नहीं होता।

॥१॥ बहूनि यस्य नामानि नरस्य स्युः कथञ्चन। ततः पश्चाद्भवं नाम ग्राह्यं स्वर-विशारदैः ॥२॥ प्रसुप्तो भाषते येन येनागच्छति शब्दितः। तस्य नामाद्यवर्णो या मात्रा स स्वर एव हि ॥३॥ **अथ जन्मराशि-नामराश्यो: प्रधानता निर्णीयते**—विवाहे सर्व मांगल्ये यात्रादौ ग्रहगोचरे। जन्मराशेः प्रधानत्वं नामराशिं न चिन्तयेत् ॥४॥ देशे ग्रामे गृहे युद्धे सेवायां व्यवहारके॥ नामराशेः प्रधानत्वं जन्मराशिं न चिन्तयेत् ॥५॥ काकिण्यां वर्ग शुद्धौ च दाने द्यूते स्वरोदये। मन्त्रे पुनर्भूवरणे च नामराशेः प्रधानता ॥६॥ कुर्यात्षोडश कर्माणि जन्मराशौ बलान्विते। सर्वाण्यन्यानि कर्माणि नामराशौ बलान्विते ॥७॥ विवाह घटनं चैव लग्नजं ग्रहजं बलम्। नामभाच्चिन्तयेत् सर्वं जन्म न ज्ञायते यदा ॥८॥

अभिजित्-निर्णय—वैश्वप्रान्त्यांघ्रि: श्रुति-तिथि-भागतोऽभिजित्स्यात् ॥ उत्तराषाढ़ा का चौथा चरण श्रवण का पहला १५वां भाग जोड़कर उसके चार भाग करो। उसको अभिजित का एक चरण मानकर नाम रखने आदि के विचार में उपयोग करो। उत्तराषाढ़ा के तीन चरणों के ही चार भाग करके उत्तराषाढ़ा का एक-एक चरण मानो। श्रवण का १५वां भाग छोड़कर जो शेष रहे उसके चार भाग करो, उसको श्रवण १-१ चरण मानो। इस प्रकार को प्रायः सामान्य गणक नहीं जानते, एतदर्थ यहां लिखा गया है।

राशि ज्ञानम्—चूल अ मेष:, इ वो वृष:, क घ ङ छ ह मिथुनम् ॥
हीडो कर्क:, माटे सिंह:, टो प ण ठ पो कन्या ॥
राते तुला तो ना यू वृश्चिक ये धफढभे धनु:।
भोजा खागी मकर: गुसद कुम्भ: दीथझञची मीन: ॥

उपरोक्त राशि-ज्ञान में प्रत्येक राशि के आदि और अन्त का अक्षर लिया है और जहां जो अक्षर बदलता है, वहां वह भी ले लिया गया है। जैसे—मेष में पहला अक्षर 'चू' लेने से अश्विनी के तीन चरण (चू चे चो) का ग्रह होता है और 'ल' से (ला ली लू ले लो) पांचों का ग्रहण हुआ अर्थात् एक चरण (चौथा चरण) अश्विनी का और चतुर्थ चरण भरणी का ग्रहण हुआ और उसे कृत्तिका के प्रथम चरण इन नौ चरणों की एक राशि मेष हुई। इसी तरह अन्य राशियों का ज्ञान करें।

टिप्पणी—(१) जज्ञोर्ज्ञ: यथा ज्ञानचन्द्रस्य मकर-राशि:। कष-संयोगे क्ष:, यथा क्षेमचन्द्रस्य मिथुनराशि:। एवं श्वान्तारानस्य कुम्भराशि। (२) गर्भाधानं पुंसवनं सीमन्तोन्नयनं ततः। जातकर्माभिधेयं च निष्क्रम-प्राशने क्रमात्। चूडोपनयनं वेदव्रतानां च चतुष्टयम्। गोदान-मेखलोन्मोकौ विवाह: षोडशी क्रिया ॥

नोट—चन्द्रमा की राशि एवं नक्षत्र के अनुसार जातक का नाम रखने से फलितज्ञ को काफी सुभाता रहती है। नाम जानने से ही ज्योतिषी जातक के जन्म के समय चन्द्रमा की राशि एवं नक्षत्र जान लेता है तथा फलित-शास्त्र में काफी महत्त्वपूर्ण फलादेश चन्द्रमा की स्थिति पर ही निर्भर है। इसका एक वैज्ञानिक रहस्य भी है। निकटतम होने से चन्द्रमा का प्रभाव भू-स्थित-वनपति एवं प्राणियों पर अन्य सभी ग्रहों की अपेक्षा अधिक होता है। ज्वार भाटा लाने में भी चन्द्रमा की देन सूर्य की देन से दुगुनी है। चन्द्रमा का ज्वार-भाटांक (Tide Factor) सूर्य के ज्वार-भाटांक से दुगुना है। चन्द्रमा के भ्रमणकाल का स्त्री के मासिक-धर्म से साक्षात् सम्बन्ध है। आजकल वैज्ञानिकों ने कुछ प्रयोग भी किए हैं, जिससे अचर-जगत् (वनस्पति आदि) पर चन्द्रमा का प्रभाव स्पष्ट रूप से ज्ञात होता है। अतः जन्म-पत्र आदि के अभाव में चन्द्रमा की स्थिति से ही फलादेश करने की पारिपाटी फलितज्ञों में है।

नवीन-फलितवेत्ता जन्म-पत्र की अंग्रेजी तारीखों के हिसाब से भी फलादेश करने लग गए हैं। इस पद्धति में सायन सूर्य की राशि के आधार पर ही फलादेश होता है। चन्द्रमा की राशि के आधार पर फलादेश करना अधिक उपयुक्त है। अतः प्राचीन फलित-शास्त्रियों ने जन्म-कालीन चन्द्रमा की स्थिति को जन्म राशि के नाम से कहा है। हमारे ज्योतिष के अनुसार इसी का महत्त्व है।

शनि की साढ़ेसाती, ढैय्या आदि का विचार

जन्मकुण्डली में शनैश्चर का शुभग्रह से सम्बन्ध हो अथवा महादशा का अन्तर शुभ चल रहा हो, तो ढैय्या और साढ़ेसाती का अशुभ फल कम होता है। यदि चन्द्रशनि जन्म में अशुभ ग्रहों से युक्त हों तो साढ़ेसाती व ढैय्या महान् अशुभ, चिन्ता, अवनति, धन-हानि, झगड़ा, कार्य में विघ्न, रोजगार में कमी, व्यर्थ कलह, रोग, पशु पीड़ा आदि का कारण बनती है। यदि जन्म-कुण्डली में शनि अष्टमेश या मारकेश भी हो तो ढैय्या साढ़ेसाती विशेष अनिष्ट फलप्रद होती है। यदि जन्म में लग्नेश पंचमेश, नवमेश होकर ३, ६, ११ वें स्थित हो तो सुख-सम्पति मिलती है, व्यापारादि में लाभ होता है। शनि-अष्टकवर्ग में अधिक रेखाएं हों तो शुभ, कम-रेखाएं हों तो अशुभ फल निश्चित देता है। शान्त्यर्थ—सतनाजा को तेल का हाथ लगाकर पक्षियों को डालना चाहिए या शनिवार को तेल में मुख देखकर उसमें मिष्ठान्न, गुलगुले आदि बनाकर गरीबों को, भैंसे या कुत्ते को दें, या बन्दरों को गुड़-चने डालते रहें। अष्टगन्ध से शुभ मुहूर्त में बना हुआ शनियन्त्र धारण करना विशेष शान्तिप्रद है।

साढ़ेसाती में प्रत्येक राशि के लिए शनि का अशुभ फल इस प्रकार है :

मेष राशि वालों को बीच के अढ़ाई वर्ष खराब है। वृष को पहले अढ़ाई वर्ष खराब है। मिथुन को अन्त के अढ़ाई वर्ष खराब हैं। कर्क को बीच के अढ़ाई वर्ष खराब हैं। सिंह को पहले ५ वर्ष, उसमें भी मध्य के अढ़ाई वर्ष खराब हैं। कन्या को पहले ५ वर्ष, उसमें भी मध्य के अढ़ाई वर्ष विशेष अशुभ है। तुला का आखिर के अढ़ाई वर्ष खराब है। वृश्चिक को अन्तिम ५ वर्ष नेष्ट हैं, उसमें भी बीच के अढ़ाई वर्ष विशेष अशुभ है। धनु को प्रारम्भ के अढ़ाई वर्ष खराब हैं। मकर को पहले ५ वर्ष, उसमें भी पहले अढ़ाई वर्ष विशेष खराब है। कुम्भ को आदि अन्त के अढ़ाई-अढ़ाई वर्ष, विशेषतया अन्त के अढ़ाई वर्ष अधिक अशुभ हैं। मीन को पूरे साढ़े सात वर्ष नेष्ट हैं, उनमें भी अन्त के अढ़ाई वर्ष विशेष अशुभ फल वाले होते हैं।

सन् १९८२ में ई० ५ अक्तूबर को मेष के चन्द्रमा में शनि तुला में प्रविष्ट हुआ था, १९ दिस. १९८४ ई० तक शनि तुला में ही रहेगा; तत्पश्चात् २० दिस. १९८४ को वृश्चिक के चन्द्रमा में शनि वृश्चिक राशि में प्रविष्ट होगा। तुला एवं मकर के शनि का मेषादि राशियों के लिए साढ़ेसाती, ढैय्या निम्नलिखित हैं :—

तुलास्थ शनि का मेषादि राशियों के लिए शुभाशुभ फल

कर्क—(ढैय्या), तांबे के पाए, शुभ हैं।

कन्या—(साढ़ेसाती), लोहे के पाए, कष्टप्रद हैं।

तुला—(साढ़ेसाती), तांबे के पाए, शुभ हैं।

वृश्चिक—(साढ़ेसाती), सोने के पाए, हानिप्रद हैं।

मीन—(ढैय्या), चांदी के पाए, शुभ हैं।

वृश्चिक राशिगत शनि का मेषादि राशियों के लिए शुभाशुभ फल

सिंह—(ढैय्या), लोहे के पाए, कष्टप्रद हैं।

तुला—(साढ़ेसाती), चांदी के पाए, शुभ हैं।

वृश्चिक—(साढ़ेसाती), सोने के पाए, हानिप्रद हैं।

धनु—(साढ़ेसाती), लोहे के पाए, कष्टप्रद हैं।

मेष—(ढैय्या), लोहे के पाए, कष्टप्रद हैं।

गुरु का शुभाशुभ फल

वर्षारम्भ से—२१ दिसम्बर (१९८३ ई.) को गुरु धनु में आकर ९ जन. १९८५ ई. तक धनु में ही रहेगा। १० जन. १९८५ ई. को गुरु मकर में आकर संवत् के अन्त तक मकर में ही रहेगा। धनु एवं मकर के गुरु का गोचर फल इस प्रकार :—

धनु राशिस्थ गुरु का शुभाशुभ फल

मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
शुभ	अशुभ	शुभ	मध्यम	शुभ	अशुभ	मध्यम	शुभ	मध्यम	अशुभ	शुभ	मध्यम

मकरस्थ गुरु का शुभाशुभ फल

मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
मध्यम	शुभ	अशुभ	शुभ	मध्यम	शुभ	अशुभ	मध्यम	शुभ	मध्यम	अशुभ	शुभ

गुरु का विशेष फल—गुरु जब तक जिस राशि को शुभ फलप्रद होता है तब तक उस राशि वालों को विद्या व सन्तति की ओर से सुख, मित्र-बन्धु मिलाप, मान-वृद्धि खुशी, धन लाभ व शुभ यात्रादि अच्छे फल प्रदान करता है और जिन राशि वालों को अशुभ फलप्रद होता है, उन्हें धन-मान हानि व सन्तति की ओर से चिंता, वृथा यात्रा, शारीरिक कष्ट, बड़ों से वैमनस्य आदि अशुभ फलप्रद होता है।

शान्त्यर्थ—गुरुवार का व्रत करें, जप-दान करें, चिड़िया आदि पक्षियों को हल्दी से पीले किए हुए चावल डालें। गुरु शान्ति यन्त्र धारण करें।

राहु का शुभाशुभ फल

१३ जुलाई, १९८३ ई० को राहु वृष में आकर २८ जन. १९८५ ई० तक वृष में ही रहेगा। २९ जन. '८५ को राहु मेष में प्रविष्ट होकर वर्षान्त तक मेष में ही रहेगा।

वृष राशि के राहु का शुभाशुभ फल

मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
शुभ	अशुभ	अशुभ	शुभ	मध्यम	मध्यम	अशुभ	मध्यम	शुभ	मध्यम	अशुभ	शुभ

मेष के राहु का शुभाशुभ फल

मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
अशुभ	अशुभ	शुभ	मध्यम	मध्यम	अशुभ	मध्यम	शुभ	मध्यम	अशुभ	शुभ	अशुभ

राहु का विशेष फल—राहु जब जिस राशि को शुभ-फलप्रद होता है तब तक उस राशि वाले व्यक्ति को प्रिय मिलन, द्रव्य लाभ, स्वास्थ्य सुख, घर में संतोष, कुटुम्ब में वृद्धि आदि शुभ फल देता है। जिस राशि वालों को मध्यम होता है, उन्हें यदाकदा किंचित शत्रु भय, कुछ हानि, लाभ कम, वृथा कलह, द्रव्य चिन्ता आदि फल देता है और जिन राशि वालों का अशुभ होता है, उन्हें अकस्मात् हानि, चोर-रोग भय, खर्च अधिक, मित्र-बन्धु वियोग, गृह-कलह, अशुभ विचारों की ओर मन की दौड़ इत्यादि फल देता है।

शान्त्यर्थ—प्रत्येक मास के पहले बुधवार की रात को तैलपक्व भोज्य गरीबों को दें या कुत्तों को डालें। दुर्गा पाठ करें। राहु-शान्ति यन्त्र धारण करें।

राशि	वैशाख (१३ अप्रैल से १३ मई तक)	ज्येष्ठ (१४ मई से १३ जून तक)	आषाढ़ (१४ जून से १४ जुला. तक)
	बारह राशियों का मासिक फलादेश (सं. २०४१)		
मेष	स्थानान्तरण हो, बन्धनभय, सम्पत्ति सम्बन्धी विवाद में हानि, धन हानि, मन अशान्त, शिव पूजन से कल्याण अप्रैल १८, १९, २७ २८ २९ मई ७,८ अशुभ।	कलह से दूर रहें, क्रोध में कमी, वृथाव्यय, निजी जनों से अनबन, मन अशान्त, स्त्रीपक्ष से चिन्ता। मई १५, १६, २५, २६, जून ३, ४, ११, १२, १३ अशुभ।	सिर व नेत्र कष्ट, धन लाभ हो, राजभय, निजी जनों से मदद मिले, गुप्त चिन्ता, भाग्य साथ देगा। जून २१, २२, ३०, जुला. १, ९, १० अशुभ।
वृष	हानिभय, उदरविकार, उत्साह बना रहे, गुप्त चिन्ता, स्त्री कष्ट, परिश्रम के अनुरूप लाभ न हो। अप्रैल १३, २०, २१, २२, ३०, मई १, ९, १० अशुभ।	स्थानान्तर या कारोबार का विचार, यात्रा में कष्ट, शरीर कष्ट, शत्रुप्रबल, मनखिन्न, वैभव में मन लगे। मई १७, १८, १९, २७, २८, जून ५, ६ अशुभ।	वायु विकार, यात्रा हो, स्वतन्त्र कार्य में हानि, शत्रु हतोत्साह, बनते कार्य में बाधा। जून १४, १५, २३, २४, २५, जुला. २, ३, ११, १२ अशुभ।
मिथुन	द्रव्यलाभ, सन्तान द्वारा वृथाव्यय, नेत्र कष्ट, पैर में चोट का भय, मंगल, केतु दान से कल्याण आमदन अच्छी। अप्रैल ५, ६, १४, १५, २३, २४, मई २,३, ११, १२ अशुभ।	सन्तति कष्ट, पढ़ाई में मन न लगे, मासान्त में व्यय अधिक शरीर कष्ट। मई २०, २१, २९, ३०, ३१, जून ७, ८ अशुभ।	मन प्रसन्न, धन लाभ, वृथा कालक्षेप, असफल योजनाएं, स्त्री सुख, व्यय विशेष। जून १, ६, १७, २६, २७, जुला. ४, ५, ६, १३, १४ अशुभ।
कर्क	धन लाभ, सुख, वृथा विवाद, शत्रु वृद्धि, रक्तपित्तविकार, अशुभ समाचार, कारोबार ठीक, लाभ कम। अप्रैल १६, १७, २५, २६, मई ४, ५, ६, १३ अशुभ।	उन्नतिप्रद विचार, नई योजना, घरेलू झंझटों से मनखिन्न, चिन्ता, कारोबार में रुकावट, वृथाव्यय, नेत्र कष्ट। मई २२, २३, २४, जून १, २, ९, १० अशुभ।	सेहत ठीक, भाग्य साथ दे, कारोबार में रुकावटें, आय का नया साधन बने, मित्रों से अनबन, कलह भय। जून १८, १९, २०, २८, २९, जुला. ७,८ अशुभ।
सिंह	स्वास्थ्य लाभ, पराक्रम बढ़े, मित्रों से वैमनस्य, वंश-वृद्धि, अकस्मात कष्ट, धनहानि, कारोबार यथावत्। अप्रैल १८, १९, २७, २८, २९, मई ७, ८ अशुभ।	उत्साह वृद्धि, निजीजनों से अनबन, सन्तान के कारण व्यय, सुखलाभ, कारोबार में बाधा। मई १५, १६, २५, २६, जून ३, ४, ११, १२, १३ अशुभ।	अर्थ लाभ, पीड़ा कष्ट, सन्तति सुख, कारोबार ठीक, स्त्री से मनमुटाव। जून २१, २२, ३०, जुला. १, ९, १० अशुभ।
कन्या	उत्साह वृद्धि, शत्रु बढ़ें, धन सम्बन्धी नई योजना। अप्रैल, १३, २०, २१, २२, ३०, मई १, ९, १० अशुभ।	क्रोध बढ़े, वृथाकलह से बचें, हानि, मित्रों से मेल, विद्या में बाधा व सन्तति चिन्ता, कारोबार ठीक, चोर भय। मई १७, १८, १९, २७, २८, जून ५, ६ अशुभ।	अकारण विवाद, यात्रा सुख, हाथ तंग रहे, स्त्री सुख, निजीजन विरोध, नेत्र व सिर पीड़ा, चोर भय। जून १४, १५, २३, २४, २५, जुला. २, ३, ११, १२ अशुभ।
तुला	वायु-पित्त-विकार, आमदन अच्छी बन्धु मेल, विरोधी पक्ष प्रबल, यात्रा में चोरभय, कार्य में लाभ, अप्रैल ५, ६, १४, १५, २३, २४, मई २, ३, ११, १२ अशुभ।	समय अनुकूल नहीं, मन अशान्त, गृहकलह, चोर भय, स्त्री कष्ट, फजूल खर्च हो, शनि-मंगल दान से कल्याण। मई २०, २१, २९, ३०, ३१, जून ७, ८ अशुभ।	शत्रु प्रबल, रोग से कष्ट, निजीजनों से अनबन, पाप में मन लगे, आय से अधिक व्यय, शिव पूजन से कल्याण। जून १६, १७, २६, २७, जुला. ४, ५, ६, १३, १४ अशुभ।
वृश्चिक	सेहत ठीक, धन लाभ, विद्या, बुद्धि ठीक गृह कलह व वृथा विवाद से बचें। अप्रैल १६, १७, २५, २६, मई ४, ५, ६, १३ अशुभ।	सेहत गड़बड़, कुटुम्ब सुख, गुप्त शत्रुओं से सावधान, स्त्री से अनबन, व्यय विशेष, कर्जा बढ़े। मई २२, २३, २४, जून १२, ९, १० अशुभ।	हानि, रोग भय, धन लाभ, बन्धुजन कष्ट, सन्तान से सुख, शत्रु प्रबल, स्त्री सुख, चोट भय। जून १८, १९, २०, २८, २९, जुला. ७,८ अशुभ।
धनु	सेहत ठीक, धनलाभ, सन्तान सुख, रोग व शत्रु से कष्ट, राजाभय, इज्जत बनी रहे। अप्रैल १८, १९, २७, २८, २९, मई ७, ८ अशुभ।	वायु विकार, वृथाव्यय, निजी जन विवाद, सन्तान के कारण व्यय विशेष, विरोधी पक्ष कमजोर, कारोबार यथावत् स्त्री सुख। मई १५, १६, २५, २६, जून ३, ४, ११, १२, १३ अशुभ।	खुशी का समाचार, निजीजन कष्ट, सत्पुरुष से मेल, यात्रा में कष्ट, मासान्त में लाभ हो। जून २१, २२, ३०, जुला. १, ९, १० अशुभ।
मकर	सेहत ठीक, सुख लाभ, मान हानि भय, सन्तान कष्ट, वृथा कलेश, धन लाभ शुभ में कम। अप्रैल १३, २०, २१, २२, ३०, मई १, ९, १० अशुभ।	कारोबार कमजोर, हिस्सेदारी में बिगाड़, मित्रों से अनबन, सन्तति कष्ट, व विद्या में अड़चनें, खर्च विशेष। मई १७, १८, १९, २७, २८, जून ५, ६ अशुभ।	रोग शोक, वंशवृद्धि, शत्रु परास्त, कारोबार में वृद्धि या रद्दोबदल, स्त्री सुख। जून १४, १५, २३, २४, २५, जुला. २३, ११, १२ अशुभ।
कुम्भ	वायु विकार, आमदन ठीक, बन्धु सुख, घरेलू झंझट, कारोबार ठीक, अप्रैल ५, ६, १४, १५, २३, २४, मई २, ३, ११, १२ अशुभ।	रक्त-पित्त विकार, धन लाभ, बन्धु सुख, सितारा कमजोर। मई २०, २१, २९, ३०, ३१, जून, ७,८ अशुभ।	वैरवृद्धि, अशुभ समाचार, मित्र मिलाप, अर्थ लाभ होकर हाथ न लगे। पाप कर्म में मन। जून १६, १७, २६, २७, जुला. ४, ५, ६, १३, १४ अशुभ।
मीन	मन प्रसन्न, विलासिता में धन लगे, स्वतन्त्र कारोबार में हानि भय, बन्धुओं से अनबन, धन लाभ, अप्रैल १६, १७, २५, २६, मई ४, ५, ६, १३ अशुभ।	सेहत ठीक, धन लाभ होने पर भी जेब रिक्त, निजीजनों से अनबन, सन्तति चिन्ता, झगड़े से दूर रहें। चोर भय। मई २२, २३, २४, जून १, २, ९, १० अशुभ।	शत्रु से हानि, सेहत ठीक, अर्थलाभ, मान-धनहानि भय, सूर्य पूजा से कल्याण, शत्रु प्रबल, कारोबार कम, जून १८, १९, २०, २८, २९, जुला. ७,८ अशुभ।

बारह राशियों का मासिक फलादेश (सं. २०४१)

राशि	श्रावण (१५ जुलाई से १५ अगस्त तक)	भाद्रपद (१६ अग. से १५ सितं. तक)	आश्विन (१६ सित. से १५ अक्तू. तक)
मेष	वृथाव्यय सेहत अपेक्षाकृत ठीक, धनलाभ, बेइज्जती का भय, स्त्री कष्ट, मासान्त ठीक। जुला. १८, १९, २०, २८, २९, अग. ५, ६, १५ अशुभ।	नेत्र व शिर पीड़ा, सन्ततिसुख, शत्रु हतप्रभाव, स्त्रीपक्ष से चिन्ता, कारोबार ठीक, व्यय-आय का साधन। अग. १६, २४, २५, सित. १, २, ११, १२ अशुभ।	रुके काम बनें, कोष में कमी, बन्धुसुख, शत्रु कम, स्त्री कष्ट, कारोबार ठीक। सित. २०, २१, २२, २९, ३०, अक्तू. ८, ९, १० अशुभ।
वृष	यात्रा में कष्ट व चोरी भय, शत्रु से भय, शत्रु हतप्रभ, गुप्त चिन्ता, बनते काम में रुकावट। जुला. २१, २२, ३०, ३१, अग. ७, ८, ९ अशुभ।	वायुपीड़ा, वाहनसुख, विरोधीपक्ष कमजोर, राज्य पक्ष शुभ, स्त्री कष्ट। अग. १७, १८, १९, २६, २७, सित. ३, ४, ५, १३, १४, १५ अशुभ।	अकारण मन चिन्तित, सन्ततिपक्ष से चिन्ता, रोग भय, कारोबार यथावत्। सित. २३, २४, अक्तू. १, २, ११, १२ अशुभ।
मिथुन	स्वतन्त्र कार्य में हानि, वैभव में मन लगे, असफल योजनाएं बनें, पैर पर चोटभय, स्त्री सुख। जुला. १५, २३, २४, २५, अग. १, २, १०, ११ अशुभ।	सुख लाभ, कोष में वृद्धि, सन्तति सुख, पैर में चोट भय, स्त्री सुख, कारोबार ठीक। अग. २०, २१, २८, २९, सित. ६, ७ अशुभ।	शत्रु से भय, मानहानि भय, आमदन अच्छी, वृथा व्यय, उत्साह वृद्धि। सित. १६, १७, २५, २६, अक्तू. ३, ४, १३, १४ अशुभ।
कर्क	यात्रा में कष्ट भय, निजीजन पीड़ा, सम्पत्ति विवाद, शत्रु प्रबल, कारोबार में बाधा, व्यय अधिक। जुला. १६, १७, २६, २७, अग. ३, ४, १२, १३, १४ अशुभ।	सेहत ठीक, नेत्र कष्ट, मित्रों से मदद, विद्या व सन्तान से सन्तोष, रोग से मुक्ति। अग. २२, २३, ३०, ३१, सित. ८, ९, १० अशुभ।	धन लाभ, रोग भय, अशुभ समाचार, कारोबार ठीक। सित. १८, १९, २७, २८, अक्तू. ५, ६, ७, १५ अशुभ।
सिंह	सेहत गड़बड़, व्यय अधिक, निजीजन विरोध उत्साह प्रबल रहे, सम्पत्ति हानि, बुद्धि ठीक। जुला. १८, १९, २०, २८, २९, अग. ५, ६, १५ अशुभ।	स्वास्थ्य लाभ, कोषवृद्धि, सम्पत्ति लाभ, सुहृज्जन मिलन, अग. १६, २४, २५, सित. १, २, ११, ११ अशुभ।	राज भय, कारोबार में हानि, कार्यान्तर से लाभ, मान बना रहे। सित. २०, २१, २२, २९, ३०, अक्तू. ८, ९, १० अशुभ।
कन्या	कोष में कमी, घरेलू झंझट, मित्रमिलाप, सन्तति चिन्ता, व्यय अधिक। जुला. २१, २२, ३०, ३१, अग. ७, ८, ९ अशुभ।	वायु विकार, धन लाभ, उत्साह प्रभाव बढ़े, बन्धु सुख, स्त्री सुख, व्यय अधिक। अग. १७, १८, १९, २६, २७, सित. ३, ४, ५, १३, १४, १५ अशुभ।	यात्रा हो, शत्रु परास्त, धन लाभ, उत्साह प्रबल रहे, सत्पुरुष से मेल। सित. २३, २४, अक्तू. १, २, ११, १२ अशुभ।
तुला	नई उलझनें, मन अशान्त, बन्धुओं से मदद, यात्रा में चोर भय, शनि-मंगल दान करें। जुला. १५, २३, २४, २५, अग. १, २, १०, ११ अशुभ।	नई योजना, व्यय, योजना असफल, गुप्त चिन्ता, आमदन अच्छी, अग. २०, २१, २८, २९, सित. ६, ७ अशुभ।	बनते काम में बाधा, नेत्र व शिर पीड़ा, रोग कष्ट, घरेलू झंझटों में मन चिन्तित। सित. १६, १७, २५, २६ अक्तू. ३, ४, १३, १४ अशुभ।
वृश्चिक	रक्त-पित्त विकार, अर्थ लाभ, उत्साह क्षीण, सन्तति, स्त्री-सुख, रोग भय, कारोबार कुछ ठीक। जुला. १६, १७, २६, २७, अग. ३, ४, १२, १३ १४ अशुभ।	पित्तविकार, उदरव्याधि, अर्थलाभ, निजीजन विरोध, कारोबार ठीक, शनि का दान करें। अग. २२, २३, ३०, ३१, सितं. ८, ९, १० अशुभ।	उदरविकार, क्रोध बढ़े, कोष में कमी, गुप्त चिन्ता, खर्च विशेष बढ़े। सित. १८, १९, २७, २८, अक्तू. ५, ६, ७, १५, अशुभ।
धनु	सेहत ठीक, आर्थिक चिन्ता, सत्पुरुष से मेल, चोटभय, मासान्त में कारोबार ठीक। जुला. १८, १९, २०, २८, २९, अग. ५, ६, १५ अशुभ।	अरिष्ट भय, आर्थिक लाभ, बन्धु सुख, पैर में चोटभय, अग. १६, २४, २५, सितं. १, २, ११, १२ अशुभ।	कष्टभय, रोग व शत्रुवृद्धि, कारोबार कुछ ठीक, अचानक खर्च अधिक। सितं. २०, २१, २२, २९, ३०, अक्तू. ८, ९, १० अशुभ।
मकर	पित्त-वायु विकार, विवाद में जय, निजीजन कष्ट, चोट भय, वृथा खर्च, कारोबार में घाटा। जुला. २१, २२, ३०, ३१, अग. ७, ८, ९, अशुभ।	देह पीड़ा, द्रव्यलाभ, मन अशान्त, वायु रोग भय, कारोबार में आमदन, शुभ व्यय। अग. १७, १८, १९, २६, २७, सित. ३, ४, ५, १३, १४, १५ अशुभ।	नई योजनाएं, कारोबार में उलझन, कोष में कमी, शुभ व्यय। सित. २३, २४, अक्तू. १, २, ११, १२ अशुभ।
कुम्भ	आमदन अच्छी, उत्साह की कमी उपव्यय, घरेलू व कारोबार की चिन्ता। जुला. १५, २३, २४, २५, अग. १, २, १०, ११ अशुभ।	धन लाभ, सुख, शत्रुहानि, यात्रा में हानि, सूर्य पूजा से लाभ होगा, कारोबार ठीक। अग. २०, २१, २८, २९, सित. ६, ७ अशुभ।	रोगकष्ट, मान हानि भय, झगड़े से बचें, कारोबार ठीक। सित. १६, १७, २५, २६, अक्तू. ३, ४, १३, १४ अशुभ।
मीन	मनोबल प्रबल, आय-व्यय बराबर, उत्साह बना रहे, सन्तान व स्त्री की ओर से चिन्ता। जुला. १६, १७, २६, २७, अग. ३, ४, १२, १३, १४ अशुभ।	शरीर स्वस्थ, श्रेष्ठ खान-पान, धन लाभ, उत्साह वृद्धि, भाग्य प्रबल, व्यवसाय में लाभ। अग. २१, २३, ३०, ३१, सित. ८, ९, १० अशुभ।	क्लेश भय, यात्रा, वृथा व्यय, रोग से कष्ट, कारोबार में लाभ। सित. १८, १९, २७, २८, अक्तू. ५, ६, ७, १५ अशुभ।

बारह राशियों का मासिक फलादेश (सं० २०४१ वि०)

राशि	कार्तिक (१६ अक्तू. से १४ नवं. तक)	मार्गशीर्ष (१५ नवं. से १४ दिसं तक)	पौष (१५ दिसं. से १२ जन. १९८५ ई. तक)
मेष	फजूल खर्चा, यात्रा में कष्ट, गुप्त शत्रु से सावधान, रुके काम बनें । सूर्य-शनि दान से कल्याण । अक्तू. १८, १९, २६, २७, नवं. ४, ५, ६, १४ अशुभ ।	आय अच्छी परन्तु व्यय से हाथ तंग, मानहानि भय, वृथा विवाद से बचें, सेहत ठीक । नवं. १५, २२, २३, दिस. २, ३, ११, १२ अशुभ ।	स्वास्थ्य ठीक, आर्थिक स्थिति अपेक्षाकृत अच्छी, कार्य में मन न लगे, वृथा विवाद में व्यय, कारोबार ठीक । दिसं. २०, २१, २९, ३०, जन. ८, ९ अशुभ ।
वृष	नेत्र कष्ट, धन लाभ, शत्रु कमज़ोर, उलझनें बढ़ें, अपमान भय । अक्तू. २०, २१, २८, २९, नवं. ७, ८ अशुभ ।	वायु विकार, द्रव्य लाभ, सुखद समाचार, स्त्री कष्ट,कारोबार ठीक, मान बढ़े । नवं. १६, १७, २४, २५, २६, दिस. ४, ५, ६, १३, १४ अशुभ ।	कफ वायु विकार, कोष में कमी, मान हानि भय, विरोधी कमज़ोर, कारोबार अपेक्षाकृत ठीक । दिस. १५, २२, २३ ३१, जन. (१९८५ ई.) १, २, १०, ११ अशुभ ।
मिथुन	कफ-वायु विकार, सन्तति चिन्ता, मन अशान्त, उदर व्याधि, विरोधी प्रबल । अक्तू. २२, २३, ३०, ३१, नवं. १, ९, १०, ११ अशुभ ।	धन लाभ, कारोबार सम्बन्धी नई योजनाएं, मित्र मिलाप, मासान्त में धन-मान, हानि भय । नव. १८, १९, २७, २८ दिसं ७, ८ अशुभ ।	लाभ होकर हाथ न लगे, सन्तान हेतु विशेष खर्च, गुप्त चिन्ता, कष्ट भय । दिस. १६, १७ २४, २५, जन. ३, ४, १२ अशुभ ।
कर्क	रोग भय, वाहन से चोट भय, नई योजना, उत्साह बना रहे, आय-व्यय बराबर । अक्तू. १६, १७, २४, २५, नवं. २, ३, १२, १३ अशुभ ।	बन्धु सुख, वायु रोग से कष्ट, आय-व्यय बराबर, सम्मान बना रहे । नवं. २०, २१, २९, ३०, दिसं १, ९, १० अशुभ ।	धन लाभ, शत्रु सिर उठाए, अशुभ समाचार, स्त्री सुख, पक्षान्त में पुनः लाभ । दिसं. १८, १९, २६, २७, २८ जन. ५, ६, ७ अशुभ ।
सिंह	निजीजनों से विरोध, पराक्रम प्रबल, धन-लाभ, शरीर में पीड़ा, अचानक व्यय । अक्तू. १८, १९, २६, २७, नवं ४, ५, ६, १४ अशुभ ।	शत्रु भय, निजीजन विरोध, सुखद यात्रा, सन्तति सुख, कारोबार ठीक । नवं० १५, २२, २३, दिसं० २, ३, ११, १२ अशुभ ।	शुभ में व्यय, सम्पत्ति लाभ, उत्साह बना रहे, सन्तान से सन्तोष, शत्रु हतप्रभाव, कार्यान्तर का विचार । दिसं. २०,२१,२९,३०, जन. ८, ९ अशुभ ।
कन्या	नेत्र कष्ट व सिर पीड़ा, बन्धु सुख, लाभार्थ नया कार्यक्रम, स्वजन मिलाप । अक्तू. २०, २१, २८, २९, नवं. ७, ८ अशुभ ।	सेहत बिगड़े, क्रय-विक्रय में हानि, निजीजन सहयोग, शुभ यात्रा, सफल योजना, कारोबार ठीक । नवं, १६, १७, २४, २५, २६, दिसं. ४, ५, ६, १३, १४ अशुभ ।	अकस्मात धनहानि भय, निजीजनों से मनमुटाव, कोई उलझी समस्या हल हो, नई योजना । दिस. १५, २२, २३, ३१ जन. १, २, १०, ११ अशुभ ।
तुला	कार्यान्तर का विचार, चोर भय, उत्साह बना रहे, स्त्री को कष्ट, कारोबार में हानि भय । अक्तू. २२, २३, ३०, ३१, नवं. १, ९, १०, ११ अशुभ ।	उलझनपूर्ण समय है, स्वतन्त्र कारोबार में हानि भय, निजीजन सहयोग, रोग भय । नवं १८, १९, २७, २८, दिसं. ७, ८ अशुभ ।	निजीजनों से विरोध, मानसिक चिन्ता, उलझनें बढ़ें, आय से व्यय अधिक, शनियन्त्र धारण करें । दिस. १६, १७, २४, २५, जन. ३, ४, १२ अशुभ ।
वृश्चिक	राज पीड़ा, अग्नि-चोर-रोग-चोट भय, कारोबार में हानि, सूर्य-राहु-मंगल दान से लाभ । अक्तू. १६, १७, २४, २५, नवं, २, ३, १२, १३ अशुभ ।	कार्यान्तर का विचार, आय अच्छी, उत्साह बढ़े, मन चिन्तित रहे, रुके काम बनें । नवं. २०, २१, २९, ३०, दिसं १, ९, १० अशुभ ।	राज भय, धन लाभ होकर व्यय निजीजनों से सहयोग, शत्रु कम, रोग से कष्ट । दिस. १८, १९, २६, २७, २८, जन. ५, ६, ७ अशुभ ।
धनु	उपद्रवों से सावधान, पैर में चोट भय, आय होकर भी लाभ न हो । अक्तू. १८, १९, २६, २७, नवं. ४, ५, ६, १४ अशुभ ।	असफल योजना, विरोधी प्रबल, धन लाभ होकर हानि भय, नेत्र कष्ट, कारोबार कमज़ोर । नवं. १५, २२, २३, दिसं. २, ३, ११, १२ अशुभ ।	कारोबार कमज़ोर, स्थानान्तर व कार्यान्तर का विचार, लाभ हो, व्यय विशेष, स्त्रीकार । दिस. २०, २१, २९, ३०, जन. ८, ९ अशुभ ।
मकर	खर्च के अनेक कारण बनें, पित्त-नेत्र पीड़ा, नई योजना बने, वैभव में मन लगे । अक्तू. २०, २१, २८, २९, नवं. ७, ८ अशुभ ।	उत्साह पराक्रम, बढ़े, कोष में कमी, वृथा-यात्रा में कष्ट, कारोबार में लाभ । नवं. १६, १७, २४, २५, २६, दिसं. ४, ५, ६, १३, १४ अशुभ ।	मनोत्साह प्रबल, वैभव में मन लगे, पित्त-कफ-विकार, लाभ अच्छा, वृथा व्यय हो । दिस. १५, २२, २३, ३१, जन. १, २, १०, ११ अशुभ ।
कुम्भ	विजय लाभ, कोष में वृद्धि, समाज में प्रतिष्ठा बढ़े, निजीजनों से अनबन । अक्तू. २२, २३, ३०, ३१, नवं. १, ९, १०, ११ अशुभ ।	विरोधी प्रबल, अल्पलाभ, दूर देश यात्रा के कार्यक्रम, कारोबार में लाभ, सेहत ठीक । नवं. १८, १९, २७, २८ दिसं. ७, ८ अशुभ ।	सम्पत्ति विचार में हानि भय, स्त्री सुख, उत्साह बना रहे, कार्यान्तर की योजना, आय ठीक । दिसं. १६, १७, २४, २५, जन. ३, ४, १२ अशुभ ।
मीन	बन्धुओं से अनबन, शत्रु वृद्धि, उत्साह प्रबल, कार्यान्तर का विचार, लाभ ठीक । अक्तू. १६, १७, २४, २५, नवं० २, ३, १२, १३ अशुभ ।	सेहत ठीक, धन लाभ, बनते कार्य में बाधा, कारोबार में लाभ । नवं. २०, २१, २९, ३०, दिसं. १, २, ९, १० अशुभ ।	पराक्रम बना रहे, आर्थिक लाभ, विरोधी सिर उठायें, कारोबार ठीक आमदन अच्छी । दिस. १८, १९, २६, २७, २८, जन. ५, ६, ७ अशुभ ।

बारह राशियों का मासिक फलादेश (सं. २०४१)

राशि	माघ (१३ जन. सन् १९८५ ई. से ११ फर. तक)	फाल्गुन (१२ फर. से १३ मार्च तक)	चैत्र (१४ मार्च से १२ अप्रैल तक)
मेष	स्त्री चिन्ता, शरीर कष्ट, कारोबार ढीला, आय से व्यय अधिक। जन. (१९८५ ई.) १६, १७, २५, २६, २७, फर. ४, ५ अशुभ।	उदर विकार, अकारण क्रोध, ऐशो इशरत में खर्च विशेष, शत्रुओं से सावधान रहें, कारोबार में बाधा। फर. १२, १३, २२, २३, मार्च ३, ४, ५, १२, १३ अशुभ।	पाप वृद्धि, वृथा कलह से बचें, कारोबार अपेक्षाकृत ठीक, नेत्र कष्ट। मार्च २१, २२, ३०, अप्रै. ७, ८, ९ अशुभ।
वृष	उदर विकार, अर्थलाभ, बन्धुसुख, मन चिंतित, कारोबार ठीक। जन. १८, १९, २८, २९, फर. ६, ७ अशुभ।	स्त्री पक्ष से चिन्ता, कारोबार कमजोर, कर्जा चढ़े, शिव पूजन से कल्याण। फर. १४, १५, १६, २४, २५, २६, मार्च ६, ७ अशुभ।	सुख-धन लाभ, शरीर कष्ट, कारोबार कुछ ठीक, वाहनादि से चोट भय। मार्च १४, १५, २३, २४, अप्रैल १, २, १०, ११ अशुभ।
मिथुन	सन्तान हेतु व्यय, गुप्तशत्रु से हानि भय, कारोबार में बाधा। जन. (१९८५ ई.) १३, २०, २१, २२, ३०, ३१, फर. १, ८, ९ अशुभ।	मन चिंतित, सुख वित्त लाभ, घरेलु झंझट बढ़े, पाप वृद्धि, कारोबार ठीक। फर. १७, १८, २७, २८, मार्च ८, ९ अशुभ।	नेष्ट समाचार, हानि-लाभ-बराबर, मन चिंतित, सत्पुरुषों से मेल मुलाकात। मार्च १६, १७, २५, २६, २७, अप्रै. ३, ४, १२ अशुभ।
कर्क	मन प्रसन्न, बन्धुसुख, नई-नई योजना में बाधा, रोग भय। जन. १४, १५, २३, २४, फर. २, ३, १०, ११ अशुभ।	वायु पीड़ा, बनते कार्य में बाधा, स्त्री सुख, रोग कष्ट, कारोबार में अपेक्षाकृत लाभ। फर. १९, २०, २१, मार्च १, २, १०, ११ अशुभ।	वात-पित्त-पीड़ा, अर्थ लाभ, सन्तान हेतु विशेष व्यय हो, मशीनरी व कार्यान्तर से लाभ। मार्च १८, १९, २०, २८, २९, अप्रै. ५, ६ अशुभ।
सिंह	द्रव्यलाभ—सुख, निजीजन विरोध, चोट भय, मन चिंतित, कारोबार में रद्दोबदल। जन. १६, १७, २५, २६, २७, फर. ४, ५ अशुभ।	मित्रों से अनबन, शत्रु सिर उठावें, यात्रा में कष्ट, अकस्मात धन हानि, कारोबार ठीक। फर. १२, १३, २२, २३, मार्च ३, ४, ५, १२, १३ अशुभ।	सुख लाभ, शत्रु सिर उठायें, बनते काम में रुकावट, रोग भय, अचानक खर्च हो। मार्च, २१, २२, ३०, ३१, अप्रै. ७, ८, ९ अशुभ।
कन्या	धनहानि, अदम्य उत्साह, सम्पत्ति लाभ, सम्पत्ति चिन्ता, रोग भय। जन. १८, १९, २८, २९, फर. ६, ७ अशुभ।	अर्थलाभ, मनचिंतित, शत्रु कमजोर, स्त्री कष्ट, रोग भय। फर. १४, १५, १६, २४, २५, २६, मार्च ६, ७ अशुभ।	चोरी व ठगी से बचें, रोग से मुक्ति, धन लाभ, शुभ में व्यय, यात्रा में बाधा। मार्च १४, १५, २३, २४, अप्रै. १, २, १०, ११ अशुभ।
तुला	कफ विकार, विरोधी प्रबल, हानिभय, मित्र कष्ट, शनि-चन्द्र दान से शुभ। जन. १३, २०, २१, २२, ३०, ३१, फर. १, ८, ९ अशुभ।	हानि, रोग भय, स्वतन्त्र कार्य में हानि, वृथा व्यय, सन्तति चिन्ता, शत्रु प्रभाव, कारोबार ठीक। फर. १७, १८, २७, २८, मार्च ८, ९ अशुभ।	उदर विकार, कोष में कमी, निजीजनों से मन मुटाव, शत्रु हानि, लाभ होकर हानि भय हो। मार्च १६, १७, २५, २६, २७, अप्रै. ३, ४, १२ अशुभ।
वृश्चिक	अकस्मात् हानि, कोष में कमी, वैमनस्य बढ़े, घरेलु झंझट, शिव पूजन से कल्याण। जन. १४, १५, २३, २४, फर. २, ३, १०, ११ अशुभ।	गृह-क्लेश-चिन्ता, झगड़े से बचें, अपमान भय, आय से व्यय अधिक, शनि-चन्द्र दान से शुभ। फर. १९, २०, २१, मार्च १, २, १०, ११ अशुभ।	अग्नि-जल से भय, फजूल खर्च बढ़े, वंशवृद्धि-योग, शत्रु हतोत्साह। मार्च १८, १९, २०, २८, २९, अप्रै. ५, ६ अशुभ।
धनु.	आर्थिक समस्या उलझे, व्यापार में हानि भय, उत्साह बना रहे, वायु रोग, वृथा व्यय। जन. १६, १७, २५, २६, २७, फर. ४, ५ अशुभ।	धन लाभ हो, कष्ट शत्रु भय, कमर तोड़ खर्च, कारोबार ढीला, पीले चावल पक्षियों को डालें। फर. १२, १३, २२, २३, मार्च ३, ४, ५, १२, १३ अशुभ।	सेहत ठीक, वृथा व्यय, सन्तति चिन्ता, धन लाभ, कारोबार ढीला। मार्च २१, २२, ३०, ३१, अप्रै. ७, ८, ९ अशुभ।
मकर	अरिष्ट भय, वृथा क्लेश से बचें, कारोबार की चिन्ता, असफल योजना, मनोबल प्रबल रहे। जन. १८, १९, २८, २९, फर. ६, ७ अशुभ।	बन्धन भय, व्यापार में हानि भय, उत्साह बना रहे, मन उचाट, स्त्री सुख। फर. १४, १५, १६, २४, २५, २६, मार्च ६, ७ अशुभ।	सेहत ठीक, यात्रा में चोर भय, आय होकर हानि भय, स्त्री पक्ष शुभ, मित्रों से अनबन। मार्च १४, १५, २३, २४, अप्रै. १, २, १०, ११ अशुभ।
कुम्भ	क्रोध बढ़े निजीजन विवाद, शत्रु हत प्रभाव, राज भय, कारोबार सम्बन्धी उलझनें बनें। जन. १३, २०, २१, २२, ३०, ३१, फर. १, ८, ९ अशुभ।	स्थानान्तर का विचार बने, शुभ कार्य में खर्च, निजीजनों से अनबन, कारोबार में हानि। फर. १७, १८, २७, २८, मार्च ८, ९ अशुभ।	व्यापार में हानि, नेत्र कष्ट, उत्साह वृद्धि, शरीर शिथिल। मार्च १६, १७, २५, २६, २७, अप्रै. ३, ४, १२ अशुभ।
मीन	सेहत ठीक, दुर्घटना भय, आशानुरूप कारोबार में लाभ न हो, सामान्य ठीक। जन. १४, १५, २३, २४, फर. २, ३, १०, ११ अशुभ।	विलासिता में मन लगे, स्त्री सुख, मान-हानि-भय, व्यय अधिक हो, मासान्त में धन लाभ। फर. १९, २०, २१, मार्च १, २, १०, ११ अशुभ।	स्थानान्तरण योजना बने, शत्रु हतप्रभ, बन्धन भय, नेत्र व सिर पीड़ा, स्त्री सुख। मार्च १८, १९, २०, २८, २९, अप्रै. ५, ६ अशुभ।

अथ वर्षराजादि फल-विचार (सं० २०४१ वि०)

कल्पादि से गतवर्ष १९७२९४९०८५, सृष्टिसंवत् १९५५८८५०८५, श्री विक्रम संवत् २०४१, शक सं० १९०६, श्री कृष्णजन्म संवत् ५२२०, कलि संवत् ५०८५, श्री महावीर (जैन) निर्वाण संवत् २५०९-२५१०, श्रीबुद्ध संवत् २६०७-२६०८, हिजरी सन् १४०५-१४०६, फसली सन् १३९१-१३९२, ईस्वी सन् १९८४-८५।

वर्षारम्भ में गुरुमान से प्रभवादि संवत्सरों में, "ईश्वर" नामक संवत्सर है; इसका फल इस प्रकार है—

"ईश्वराब्दे ऽखिलान् जन्तून्, धात्री धात्रीव सर्वदा।
पोषयत्यतुलैश्चान्न-फल मासेक्षु-दोहिभिः॥"

अर्थात्—पृथ्वी पर सभी प्राणी सानन्द सन्तुष्ट रहें, धनधान्य फल आदि की फसल उत्तम होगी।

इसवर्ष का राजा (ग्रहपरिषद् के प्रधान) चन्द्र एवं मन्त्री शुक्र है। इसवर्ष सस्येश (चौमासी फसलों के स्वामी) सूर्य, धान्येश (शीतकालीन फसलों के स्वामी) शनि, मेघेश (वर्षापानी के स्वामी) गुरु, रसेश (गुड़, खांड, रसकस आदि के स्वामी) मंगल, नीरसेश (सर्वविध धातु तथा व्यापार आदि के स्वामी) सूर्य, फलेश (फल-फूल आदि के स्वामी) गुरु, धनेश (खजाने के स्वामी) सूर्य, दुर्गेश (सुरक्षा-प्रतिरक्षा आदि के स्वामी) गुरु हैं।

वर्ष में शान्ति, विग्रह आर्थिक-सामाजिक प्रगति आदि सर्वविध ज्ञान के लिए तो सभी पदाधिकारियों के गुणकर्म-स्वभाव के अनुसार सामूहिक विचार करना पड़ता है। यहां प्रत्येक पदाधिकारी का व्यक्तिगत फल ही अंकित किया गया है—

१. राजाचन्द्र का फल—मांगलिक-कार्य अधिक हों, वर्षा अधिक एवं धान्य की फसल उत्तम हो, प्रजा में परस्पर स्नेह सद्भाव रहे तथा शासकवर्ग का प्रभाव बढ़े; स्वास्थ्य बाबार्थ नई योजनाएं बनें।

२. मन्त्री शुक्र का फल—चूहा-टिड्डी दल, एवं अन्य प्रकार के खड़ी फसलों को हानि पहुंचे, अनाज तेज हो, कुछ भागों में जल से हानि हो।

३. सस्येश सूर्य का फल—ग्रीष्म धान्य महंगे हों, चोरी, ठगी की घटनाएं अधिक हों, शासकों में परस्पर मतवैमत्य रहे, वर्षा पर्याप्त, अन्नसम्पदा में वृद्धि हो।

४. धान्येश शनि का फल—शासकीय-कोष में कमी, कहीं युद्ध विभीषिका बने, फसल कम, रोग बढ़ें, वर्षा समयोचित न होने से कृषक वर्ग चिन्तित हो।

५. मेघेश गुरु का फल—वर्षा पर्याप्त, प्रजा में विलासिता बढ़े, शासक विवेक से काम लें, प्रजा में धन-धान्य समृद्धि हो।

६. रसेश मंगल का फल—इक्षु एवं दुग्ध आदि महंगे हों, किसी नेता को दुःखद स्थिति में उलझना पड़े, वर्षा किसी क्षेत्र में कम हो।

७. नीरसेश सूर्य का फल—तांबा आदि धातुएं तथा मोती माणिक्य आदि रत्न महंगे होंगे।

८. फलेश गुरु का फल—अन्नसम्पदा में वृद्धि हो, फल-फूल प्रचुरमात्रा में हों, मांगलिक शुभकार्य अधिक, बुद्धिजीवि-वर्ग सत्कर्मरत रहें।

९. धनेश सूर्य का फल—व्यापारीवर्ग लाभान्वित हो, पशुओं के व्यापार से विशेष लाभ मिले।

१०. दुर्गेश गुरु का फल—शासक न्याय परायण हो, सर्वत्र आनन्द मंगल हो, बुद्धिजीवी वर्ग आत्म रक्षार्थ शस्त्रधारण करें।

सूचना—यद्यपि वर्ष के इन दस अधिकारियों का साधारण फल तो सर्वत्र होता ही है, किन्तु विशेषकर राजा का फल काश्मीर, अफगानिस्तान एवं बराड़ देश में, मन्त्री का फल आन्ध्र, बाल्हीक, उज्जैन एवं मालवा में सस्येश का पौंड्र-विदर्भ में, धान्येश का गुजरात, नर्मदा के निकटवर्ती प्रदेशों एवं मध्य-प्रदेश में, मेघेश का मगध एवं बंगाल में, रसेश का कोंकण व गोआ में, नीरसेश का मालवा व बिहार में, धनेश का राजस्थान एवं मारवाड़ में, फलेश-दुर्गेश एवं राजा का फल सब जगह विशेष होता है।

नवमेघों में "संवर्त" नामक मेघ का फल—"संवर्तं वायुपीड़नम्"—आंधी तूफान आदि से जन-धन हानि होगी।

द्वादशनागों में "वृष" नामक नाग का फल—"वृषे तु ईतितो भयम्" कहीं अति-वर्षा, कहीं वर्षा का अभाव और कहीं टिड्डी दल, चूहा आदि से फसल को हानि पहुंचेगी।

रोहिणी का वास 'समुद्र' में है; फल—"समुद्रेतु महावृष्टि" वर्षा अत्यधिक होगी। बहुत जल में पैदा होने वाले अन्न चावलादि की उत्पत्ति अधिक होगी। न्यूनवर्षा वाले बागड़ आदि राजस्थानीय भू-भागों में भी आगे पीछे वर्षा से कृषक लोगों को सहारा मिलेगा।

संवत्सर का वास माली के घर है; फल—फलफूल काफी मात्रा में हों। बाग-बानी में तरक्की व प्रगति हेतु शासन नई योजनाएं बनाएगा।

संवत्सर का वाहन—"मृग" है—गतिविधियों में तीव्रता लाने की योजनाएं कार्यान्वित होंगी।

शनि की दृष्टि—वर्षारम्भ से वर्षान्त तक शनि स्वाती विशाखा अनुराधा नक्षत्रों पर ही विचरण करता है; अतः इस संवत् में शनि की दृष्टि पश्चिम में रहेगी। फल—पश्चिमी देशों में एवं पश्चिमी प्रान्तों में कहीं युद्ध, कहीं राजनैतिक अस्थिरता एवं कहीं अकाल की स्थिति किंवा भूकम्प आदि प्राकृतिक प्रकोप से जन-धन हानि होगी।

इसवर्ष माघकृष्ण में (केवल एक ही) सोमवती-अमावस है। भौमवती-अमावस्याएं वैशाख, आश्विन, फाल्गुन में तीन हैं। शनैश्चरी-अमावस श्रावण और पौष में दो ही हैं। बुधाष्टमियां ज्येष्ठकृष्ण एवं कार्तिकशुक्ल में दो ही हैं।

वर्षा आदि के विश्वामान—वर्षाविश्वा १७, धान्य १५, तृण १३, शीत १७, तेज ५, वायु ११, वृद्धि ७, क्षय ७, विग्रह १७, क्षुधा ५, तृषा ७, निद्रा ९, आलस्य १५, उद्यम ९, शांति १३, क्रोध ५, दम्भ ५, लोभ ३, मैथुन १५, रसनिष्पत्ति ९, फल-निष्पत्ति १३, उत्साह ११, उग्रता ५, पाप १५, पुण्य १५, व्याधि ९, व्याधिनाश १, आचार १३, अनाचार १५, मृत्यु ९, जन्म १५, देशोपद्रव १, देश-स्वास्थ्य ३, चोर-भय ७, चोरनाश १५, अग्निभय ११, अग्निशान्ति १३, उद्भिज्ज ९, जरायुज ३, अण्डज ११

बारह राशियों का मासिक फलादेश (सं. २०४१)

राशि	माघ (१३ जन. सन् १९८५ ई. से ११ फर. तक)	फाल्गुन (१२ फर. से १३ मार्च तक)	चैत्र (१४ मार्च से १२ अप्रैल तक)
मेष	स्त्री चिन्ता, शरीर कष्ट, कारोबार ढीला, आय से व्यय अधिक। जन. (१९८५ ई.) १६, १७, २५, २६, २७, फर. ४, ५ अशुभ।	उदर विकार, अकारण क्रोध, ऐशो इशरत में खर्च विशेष, शत्रुओं से सावधान रहें, कारोबार में बाधा। फर. १२, १३, २२, २३, मार्च ३, ४, ५, १२, १३ अशुभ।	पाप वृद्धि, वृथा कलह से बचें, कारोबार अपेक्षाकृत ठीक, नेत्र कष्ट। मार्च २१, २२, ३०, अप्रै. ७, ८, ९ अशुभ।
वृष	उदर विकार, अर्थलाभ, बन्धुसुख, मन चिंतित, कारोबार ठीक। जन. १८, १९, २८, २९, फर. ६, ७ अशुभ।	स्त्री पक्ष से चिन्ता, कारोबार कमजोर, कर्जा पड़े, शिव पूजन से कल्याण। फर. १४, १५, १६, २४, २५, २६, मार्च ६, ७ अशुभ।	सुख-धन लाभ, शरीर कष्ट, कारोबार कुछ ठीक, वाहनादि से चोट भय। मार्च १४, १५, २३, २४, अप्रैल १, २, १०, ११ अशुभ।
मिथुन	सन्तान हेतु व्यय, गुप्तशत्रु से हानि भय, कारोबार में बाधा। जन. (१९८५ ई.) १३, २०, २१, २२, ३०, ३१, फर. १, ८, ९ अशुभ।	मन चिंतित, सुख वित्त लाभ, घरेलु झंझट बढ़े, पाप वृद्धि, कारोबार ठीक। फर. १७, १८, २७, २८, मार्च ८, ९ अशुभ।	नेष्ट समाचार, हानि-लाभ-बराबर, मन चिंतित, सत्पुरुषों से मेल मुलाकात। मार्च १६, १७, २५, २६, २७, अप्रै. ३, ४, १२ अशुभ।
कर्क	मन प्रसन्न, बन्धुसुख, नई-नई योजना में बाधा, रोग भय। जन. १४, १५, २३, २४, फर. २, ३, १०, ११ अशुभ।	वायु पीड़ा, बनते कार्य में बाधा, स्त्री सुख, रोग कष्ट, कारोबार में अपेक्षाकृत लाभ। फर. १९, २०, २१, मार्च १, २, १०, ११ अशुभ।	वात-पित्त-पीड़ा, अर्थ लाभ, सन्तान हेतु विशेष व्यय हो, मशीनरी व कार्यान्तर से लाभ। मार्च १८, १९, २०, २८, २९, अप्रै. ५, ६ अशुभ।
सिंह	द्रव्यलाभ—सुख, निजीजन विरोध, चोट भय, मन चिंतित, कारोबार में रद्दोबदल। जन. १६, १७, २५, २६, २७, फर. ४, ५ अशुभ।	मित्रों से अनबन, शत्रु सिर उठावें, यात्रा में कष्ट, अकस्मात धन हानि, कारोबार ठीक। फर. १२, १३, २२, २३, मार्च ३, ४, ५, १२, १३ अशुभ।	सुख लाभ, शत्रु सिर उठायें, बनते काम में रुकावट, रोग भय, अचानक खर्च हो। मार्च, २१, २२, ३०, ३१, अप्रै. ७, ८, ९ अशुभ।
कन्या	धनहानि, अदम्य उत्साह, सम्पत्ति लाभ, सम्पत्ति चिन्ता, रोग भय। जन. १८, १९, २८, २९, फर. ६, ७ अशुभ।	अर्थलाभ, मनचिंतित, शत्रु कमजोर, स्त्री कष्ट, रोग भय। फर. १४, १५, १६, २४, २५, २६, मार्च ६, ७ अशुभ।	चोरी व ठगी से बचें, रोग से मुक्ति, धन लाभ, शुभ में व्यय, यात्रा में बाधा। मार्च १४, १५, २३, २४, अप्रै. १, २, १०, ११ अशुभ।
तुला	कफ विकार, विरोधी प्रबल, हानिभय, मित्र कष्ट, शनि-चन्द्र दान से शुभ। जन. १३, २०, २१, २२, ३०, ३१, फर. १, ८, ९ अशुभ।	हानि, रोग भय, स्वतन्त्र कार्य में हानि, वृथा व्यय, सन्तति चिन्ता, शत्रु प्रभाव, कारोबार ठीक। फर. १७, १८, २७, २८, मार्च ८, ९ अशुभ।	उदर विकार, कोप में कमी, निजीजनों से मन मुटाव, शत्रु हानि, लाभ होकर हानि भय हो। मार्च १६, १७, २५, २६, २७, अप्रै. ३, ४, १२ अशुभ।
वृश्चिक	अकस्मात् हानि, कोप में कमी, वैमनस्य बढ़े, घरेलु झंझट, शिव पूजन से कल्याण। जन. १४, १५, २३, २४, फर. २, ३, १०, ११ अशुभ।	गृह-क्लेश-चिन्ता, झगड़े से बचें, अपमान भय, आय से व्यय अधिक, शनि-चन्द्र दान से शुभ। फर. १९, २०, २१, मार्च १, २, १०, ११ अशुभ।	अग्नि-जल से भय, फजूल खर्च बढ़े, वंशवृद्धि-योग, शत्रु हतोत्साह। मार्च १८, १९, २०, २८, २९, अप्रै. ५, ६ अशुभ।
धनु.	आर्थिक समस्या उलझे, व्यापार में हानि भय, उत्साह बना रहे, वायु रोग, वृथा व्यय। जन. १६, १७, २५, २६, २७, फर. ४, ५ अशुभ।	धन लाभ हो, कष्ट शत्रु भय, कमर तोड़ खर्च, कारोबार ढीला, पीले चावल पक्षियों को डालें। फर. १२, १३, २२, २३, मार्च ३, ४, ५, १२, १३ अशुभ।	सेहत ठीक, वृथा व्यय, सन्तति चिन्ता, यश लाभ, कारोबार ढीला। मार्च २१, २२, ३०, ३१, अप्रै. ७, ८, ९ अशुभ।
मकर	अरिष्ट भय, वृथा क्लेश से बचें, कारोबार की चिन्ता, असफल योजना, मनोबल प्रबल रहे। जन. १८, १९, २८, २९, फर. ६, ७ अशुभ।	बन्धन भय, व्यापार में हानि भय, उत्साह बना रहे, मन उचाट, स्त्री सुख। फर. १४, १५, १६, २४, २५, २६, मार्च ६, ७ अशुभ।	सेहत ठीक, यात्रा में चोर भय, आय होकर हानि भय, स्त्री पक्ष शुभ, मित्रों से अनबन। मार्च १४, १५, २३, २४, अप्रै. १, २, १०, ११ अशुभ।
कुम्भ	क्रोध बढ़े निजीजन विवाद, शत्रु हत प्रभाव, राज भय, कारोबार सम्बन्धी उलझनें बनें। जन. १३, २०, २१, २२, ३०, ३१, फर. १, ८, ९ अशुभ।	स्थानान्तर का विचार बने, शुभ कार्य में खर्च, निजीजनों से अनबन, कारोबार में हानि। फर. १७, १८, २७, २८, मार्च ८, ९ अशुभ।	व्यापार में हानि, नेत्र कष्ट, उत्साह वृद्धि, शरीर शिथिल। मार्च १६, १७, २५, २६, २७, अप्रै. ३, ४, १२ अशुभ।
मीन	सेहत ठीक, दुर्घटना भय, आशानुरूप कारोबार में लाभ न हो, मासान्त ठीक। जन. १४, १५, २३, २४, फर. २, ३, १०, ११ अशुभ।	विलासिता में मन लगे, स्त्री सुख, मान-हानि-भय, व्यय अधिक हो, मासान्त में धन लाभ। फर. १९, २०, २१, मार्च १, २, १०, ११ अशुभ।	स्थानान्तरण योजना बने, शत्रु हतप्रभ, बन्धन भय, नेत्र व सिर पीड़ा, स्त्री सुख। मार्च १८, १९, २०, २८, २९, अप्रै. ५, ६ अशुभ।

अथ वर्षराजादि फल-विचार (सं० २०४१ वि०)

कल्पादि से गतवर्ष १९७२९४९०८५, सृष्टिसंवत् १९५५८८५०८५, श्री विक्रम संवत् २०४१, शक सं० १९०६, श्री कृष्णजन्म संवत् ५२२०, कलि संवत् ५०८५, श्री महावीर (जैन) निर्वाण संवत् २५०९-२५१०, श्रीबुद्ध संवत् २६०७-२६०८, हिजरी सन् १४०५-१४०६, फसली सन् १३९१-१३९२, ईस्वी सन् १९८४-८५ ।

वर्षारम्भ में क्रमान से प्रभवादि संवत्सरों में, "ईश्वर" नामक संवत्सर है; इसका फल इस प्रकार है—

"ईश्वराब्दे अखिलान् जन्तून्, धात्री धात्रीव सर्वदा ।
पोषयत्यतुलैर्धान्य-फल मासैश्च-व्रीहिभिः ॥"

अर्थात्—पृथ्वी पर सभी प्राणी सानन्द सन्तुष्ट रहें, धनधान्य फल आदि की फसल उत्तम होगी ।

इसवर्ष का राजा (ग्रहपरिषद् के प्रधान) चन्द्र एवं मन्त्री शुक्र है । इसवर्ष सस्येश (चौमासी फसलों के स्वामी) सूर्य, धान्येश (शीतकालीन फसलों के स्वामी) शनि, मेघेश (वर्षापानी के स्वामी) गुरु, रसेश (गुड़, खांड, रसकस आदि के स्वामी) मंगल, नीरसेश (सर्वविध धातु तथा व्यापार आदि के स्वामी) सूर्य, फलेश (फल-फूल आदि के स्वामी) गुरु, धनेश (खजाने के स्वामी) सूर्य, दुर्गेश (सुरक्षा-प्रतिरक्षा आदि के स्वामी) गुरु हैं ।

वर्ष में शान्ति, विग्रह आर्थिक-सामाजिक प्रगति आदि सर्वविध ज्ञान के लिए तो सभी पदाधिकारियों के गुणकर्म-स्वभाव के अनुसार सामूहिक विचार करना पड़ता है। यहां प्रत्येक पदाधिकारी का व्यक्तिगत फल ही अंकित किया गया है—

१. राजाचन्द्र का फल—मांगलिक-कार्य अधिक हों, वर्षा अधिक एवं धान्य की फसल उत्तम हो, प्रजा में परस्पर स्नेह सद्भाव रहे तथा शासकवर्ग का प्रभाव बढ़े; स्वास्थ्य लाभार्थ नई योजनाएं बनें ।

२. मन्त्री शुक्र का फल—चूहा-टिड्डी दल, एवं अन्य प्रकार के खड़ी फसलों को हानि पहुंचे, अनाज तेज हों, कुछ भागों में जल से हानि हो ।

३. सस्येश सूर्य का फल—ग्रीष्म धान्य महंगे हों, चोरी, ठगी की घटनाएं अधिक हों, शासकों में परस्पर मतवैमत्य रहे, वर्षा पर्याप्त, वन्यसम्पदा में वृद्धि हो ।

४. धान्येश शनि का फल—शासकीय-कोष में कमी, कहीं युद्ध विभीषिका बने, फसल कम, रोग बढ़ें, वर्षा समयोचित न होने से कृषक वर्ग चिन्तित हो ।

५. मेघेश गुरु का फल—वर्षा पर्याप्त, प्रजा में विलासिता बढ़े, शासक विवेक से काम लें, प्रजा में धन-धान्य समृद्धि हो ।

६. रसेश मंगल का फल—इक्षु एवं दुग्ध आदि महंगे हों, किसी नेता को दुःखद स्थिति में उलझना पड़े, वर्षा किसी क्षेत्र में कम हो ।

७. नीरसेश सूर्य का फल—तांबा आदि धातुएं तथा मोती माणिक्य आदि रत्न महंगे होंगे ।

८. फलेश गुरु का फल—वन्यसम्पदा में वृद्धि हो, फल-फूल प्रचुरमात्रा में हों, मांगलिक शुभकार्य अधिक, बुद्धिजीवि-वर्ग सत्कर्मरत रहें ।

९. धनेश सूर्य का फल—व्यापारीवर्ग लाभान्वित हो, पशुओं के व्यापार से विशेष लाभ मिले ।

१०. दुर्गेश गुरु का फल—शासक न्याय परायण हो, सर्वत्र आनन्द मंगल हो, बुद्धिजीवी वर्ग आत्म रक्षार्थ शस्त्रधारण करें ।

सूचना—यद्यपि वर्ष के इन दस अधिकारियों का साधारण फल तो सर्वत्र होता ही है, किन्तु विशेषकर राजा का फल काश्मीर, अफगानिस्तान एवं बराड़ देश में, मन्त्री का फल आन्ध्र, वाल्हीक, उज्जैन एवं मालवा में सस्येश का पौंड्र-विदर्भ में, धान्येश का गुजरात, नर्मदा के निकटवर्ती प्रदेशों एवं मध्य-प्रदेश में, मेघेश का मगध एवं बंगाल में, रसेश का कोंकण व गोआ में, नीरसेश का मालवा व बिहार में, धनेश का राजस्थान एवं मारवाड़ में, फलेश-दुर्गेश एवं राजा का फल सब जगह विशेष होता है ।

नवमेघों में "संवर्त" नामक मेघ का फल—"संवर्ते वायुपीड़नम्"—आंधी तूफान आदि से जन-धन हानि होगी ।

द्वादशनागों में "वृष" नामक नाग का फल—"वृषे तु ईतितो भयम्" कहीं अति-वर्षा, कहीं वर्षा का अभाव और कहीं टिड्डी दल, चूहा आदि से फसल को हानि पहुंचेगी ।

रोहिणी का वास 'समुद्र' में है; फल—"समुद्रेतु महावृष्टि" वर्षा अत्यधिक होगी। बहुत जल में पैदा होने वाले अन्न चावलादि की उत्पत्ति अधिक होगी । न्यूनवर्षा वाले बागड़ आदि राजस्थानीय भू-भागों में भी आगे पीछे वर्षा से कृषक लोगों को सहारा मिलेगा ।

संवत्सर का वास माली के घर है; फल—फलफूल काफी मात्रा में हों । बागवानी में तरक्की व प्रगति हेतु शासन नई योजनाएं बनाएगा ।

संवत्सर का वाहन—"मृग" है—गतिविधियों में तीव्रता लाने की योजनाएं कार्यान्वित होंगी ।

साम्पातिककाल साधन का उदाहरण— यहांहम १५ जुलाई १९६९ को भा.स्टै.टा. के अनुसार प्रातः १० घं. ४५ मि पर चम्बा (हि.प्र.) में सां.का. स्पष्ट करेंगे। अक्षांशादि सारणी में चम्बा के अक्षांश ३२ अं. २९ क. (उत्तर), रेखांश ७६ अं. १० क. (पूर्व) एवं स्टै. अन्तर—२५ मि. २० सै. है। स्टैण्डर्डअन्तर ऋण चिह्न वाला है, अतः इसे १० घण्टे ४५ मि. में से घटाने पर १० घं. १९ मि. ४० सै. चम्बा का स्थानीयमध्यमकाल हुआ। सां.का. कोष्ठक नं. (१) से सन् १९६९ ई. का सां.का. (६ घं. ४१ मि. २ सै.) लिया। इससे कोष्ठक नं. (२) से लिया गया १५ जुला. का सां.का. (१२ घं. ४८ मि.४९ सै.) जोड़ा तो १९ घं. २९ मि. ५१ सै. हुआ। चम्बा के रेखांश ७६ अं. १० क. के लिए कोष्ठक नं. (३) वाला संस्कार तो ० है। अब १९ घं. २९ मि. ५१ सै. में चम्बा का स्थानीयमध्यमकाल १० घं. १९ मि. ४० सै. जोड़ा तो २९ घं. ४९ मि. ३१ सै. हुए। इसमें कोष्ठक नं. (४) से स्थानीयमध्यमकाल के १० घं. २० मि. से उठाए गए १ मि. ४२ सै. जोड़ने पर २९ घं. ५१ मि. १३ सै. हुए। यहां घण्टे २४ से अधिक हैं अतः २४ घं. घटाएं तो ५ घं ५१ मि. १३ सै. अभीष्ट साम्पातिककाल हुआ।

साम्पातिककाल बनाते समय नीचे लिखी इन तीन बातों को भी ध्यान में रखें :—

[१] यदि धन (+) चिह्न वाले स्टैण्डर्डअन्तर (स्टै. अं.) के मिनटों को स्टैण्डर्ड टाईम में जोड़ने पर स्थानीयमध्यमकाल ४ घं. या इससे ज्यादा हो जाए तब उसमें २४ घण्टा घटा दें और ऊपर बतलाई विधि से प्राप्त साम्पातिककाल में २४ मि. जोड़ कर उसे शुद्ध साम्पातिककाल समझें। जैसे—कलकत्ता में २ जन. १९७४ ई. को २३ घंटा ५५ मि. (रात के ११ बजकर ५५ मि.) भा.स्टै.टा. पर साम्पातिककाल ज्ञात करना है। कलकत्ता का रेखांश

११ बजकर ५५ मि.) भा.स्टै.टा. पर साम्पातिककाल ज्ञात करना है। कलकत्ता का रेखांश

८८ अं. २४ क, (पूर्व) और स्टैं अन्तर+२३ मि. ३६ सै. है। स्थानीयमध्यमकाल बनाने के लिए २३ घं. ५५ मि. में २३ मि. ३६ सै. जोड़े तो २४ घं. १८ मि, ३६ सै. हुए। यह २४ घं. से ज्यादा हो गया है, अत: इसमें से २४ घं. घटाने पर ० घं. १८ मि. ३६ सै. स्थानीय-मध्यमकाल हुआ। अब सां.का. बनाने के लिए कोष्ठक नं. (१) से १९७४ के आगे लिखे ६ घं. ४० मि. १२ सै. में कोष्ठक नं. (२) से लिए गए २ जन के ० घं. ३ मि. ५७ सै. जोड़ने पर ६ घं. ४४ मि. ९ सै. हुए। इसमें कोष्ठक नं० (३) से कलकत्ता के रेखांश ८८ से प्राप्त—८ सै. चिह्न के अनुसार घटाए, तो ६ घं. ४४ मि. १ सै. हुए। इसमें स्थानीयमध्यमकाल जोड़ने पर ७ घं, २ मि. ३७ सै. हुए। इसमें कोष्ठक नं. (४) से स्थानीयमध्यमकाल के ० घं. १९ मि. द्वारा प्राप्त ३ सै. जोड़ने पर ७ घं. २ मि. ४० सै. हुए। क्योंकि स्टैं. टा. में स्टैं. अन्तर के मिनट जोड़ने पर स्थानीयमध्यमकाल २४ घं. से ज्यादा हो गया था। अत: उपरोक्त नियमानुसार इसमें ४ मि. और जोड़ने पर ७ घं. ६ मि. ४० सै. हमारा अभीष्ट साम्पातिककाल बना। लग्न और दशम को स्पष्ट करने के लिए इसी सां. का. का प्रयोग में लाइए।

[२] सां. का. बनाते समय दूसरी बात यह भी ध्यान में रखें, कि यदि स्टैं. टा. से (—) ऋण चिह्न वाले स्टैं. अन्तर के मिनटादि अधिक हों तो स्थानीयमध्यमकाल बनाने के लिए स्टैं. टा. में २४ घंटे जोड़ कर स्टैं. अन्तर घटाना चाहिए और ऐसी स्थिति में सां. का. कोष्ठक नं. (४) का प्रयोग नहीं करना चाहिए। जैसे—जयपुर में १५ मार्च १९७० को ० घं. १५ मि. (भा.स्टैं.टा.) पर साम्पातिककाल ज्ञात करना है। जयपुर के रेखांश ७५ अं. ५२ क. (पूर्व) और स्टैं. अं.—२६ मि. ३२ सै. है। यहां स्टैं.टा. के घं मि. से स्टैं. अं. ज्यादा है, अत: स्टैं.टा. में २४ घं जोड़ कर स्टै. अं. घटाने पर २३ घं. ४८ मि. २८ सै. स्थानीयमध्यमकाल बना। सां. का. के कोष्ठक नं. (१) से प्राप्त १९७० ई. के ६ घं. ४० मि. ५ सै. में कोष्ठक नं. (२) से प्राप्त १५ मार्च के ४ घं. ४७ मि. ४९ सै. जोड़ने पर ११ घं. २७ मि. ५४ सै. हुए। जयपुर के रेखांश ७६ (पूर्व) का कोष्ठक नं. (३) वाला संस्कार लगभग ० है। अब ११ घं. २७ मि. ५४ सै. में स्थानीयमध्यमकाल जोड़ा तो ३५ घं. १६ मि. २२ सै. हुए। क्योंकि हमारा स्टैं. टा. हमारे नगर के ऋण स्टैं. अं. से कम था, अत: यहां साम्पातिककाल कोष्ठक नं. (४) का प्रयोग हम नहीं करेंगे। इसलिए हमारा अभीष्ट साम्पातिककाल ११ घं. १६ मि. २२ सै. ही हुआ। यहां घंटे २४ से अधिक होने से उसमें से २४ घंटे घटा दिए गए।

[३] जैसाकि हम पहिले भी लिख चुके हैं—लीपइयर (२९ फरवरी वाले साल) में फरवरी के बाद के महीनों की किसी तारीख का सां. का. बनाना हो तो उस तारीख में एक जोड़ कर "साम्पातिककाल कोष्ठक नं. (२)" को प्रयोग में लाना चाहिए। जैसे—मान लीजिए, १५ मार्च सन् १९४४ को किसी नगर में सां. का. स्पष्ट करना है। "साम्पातिककाल कोष्ठक नं. (१)" में सन् १९४४ के आगे लिखे ६ घं. ३७ मि. १७ सै. मिले। क्योंकि हमारा सन् लीपइयर है और हमारी तारीख (१५ मार्च) फरवरी के बाद की भी है, इसलिए "साम्पातिककाल कोष्ठक नं. (२)" में से हम १५ मार्च की जगह १६ मार्च के घं. मि. सै. (४ घं. ५१ मि. ४५ सै.) ही लेंगे और इन्हें ही ६ घं. ३७ मि. १७ सै. में जोड़ेंगे। ध्यान रहे—यदि सन् १९४४ की १० फर. को हमें सां. का. स्पष्ट करना हो तो "साम्पातिककाल कोष्ठक नं. (२)" से १० फर. के घं. मि. सै. ही उठाने होंगे।

साम्पातिककाल से लग्नसाधन की विधि —

ऊपर दी गई विधि से आने गए अभीष्ट सां. का. (साम्पातिककाल) के घं. मि. को आगे दी गई लग्नसारणी के बाईं ओर वाले पहिले कालम में देखें। इसके आगे अभीष्ट नगर के अक्षांश के नीचे जो लग्न की अंश-कला लिखी है, उन्हें अलग नोट कर लें। क्योंकि सारणी में सां. का. ३०-३० मिनटों के अन्तर पर और लग्नसारणी ३-३ अंक्षांशों के अन्तर पर दी हुई है। अत: अधिकतर यहां सम्भव है कि आपको लग्नसारणी में अभीष्ट सां. का. के घं. मि. न मिलें, और यह भी अधिकतर सम्भव है कि आपको अभीष्ट अक्षांश वाली लग्नसारणी न मिले। ऐसी स्थिति में सारणी में अभीष्ट सां. का. के समीपतम (अभीष्ट सां. का. से कम) सां. का. के आगे और अपने अभीष्ट अक्षांश के समीपतम (अभीष्ट अक्षांश से कम) अक्षांश वाली लग्नसारणी में लिखी लग्न की अंश-कलाएं नोट करें—यह "स्थूलतम लग्न" है। अब ३० मि. में लग्न की गति सारणी से ही ज्ञात कीजिए, (अर्थात् यह ज्ञात कीजिए कि ३० मि. में लग्न कितना आगे बढ़ता है)। ३० मि. की लग्नगति की कलाओं को सां. का. के शेष मिनटों से गुणा करके ३० से भाग देने पर कलाएं मिलेंगी। इन्हें "स्थूलतम लग्न" में जोड़ देने से "स्थूललग्न" बन जाएगा। अब सारणी से ही ३ अक्षांशों की लग्न की गति मालूम करें। ३ अक्षांशों में लग्न घटता है तो यह "३ अक्षांशों की लग्नगति" ऋण, अन्यथा धन होगी। अपने अक्षांश की शेष अंश-कलाओं की कलाएं बना कर उन्हें "३ अक्षांशों की लग्नगति" की कलाओं से गुणा करके १८० से भाग देने पर कलाएं मिलेंगी। इन्हें "३ अक्षांशों की लग्नगति" के धन-ऋण चिह्न के अनुसार स्थूललग्न में जोड़ने या घटाने से सायनलग्न स्पष्ट होगा। इसमें से उस दिन के अयनांश घटा देने पर फलितोपयोगी निरयण लग्न स्पष्ट हो जाएगा।

दशमलग्न स्पष्ट करने की विधि — लग्नसारणी के दूसरे कालम में दशम (दशम-लग्न) दिया गया है। इससे सभी नगरों में दशमलग्न स्पष्ट किया जा सकता है (अर्थात्—दशम स्पष्ट करने के लिए अक्षांशों की जरूरत नहीं होती।) अभीष्ट सां. का. के घं.मि. के आगे सारणी में दशम (दशमलग्न) की अंश-कलाएं उठा लें। यह "स्थूलदशमलग्न" है। सां. का. के शेष मिनटों से दशमलग्न की ३० मि. की गति की कलाओं को गुणा करके ३० से भाग देने पर कलाएँ मिलेंगी। इन्हें 'स्थूलदशमलग्न" में जोड़ने पर इष्टकालिक सायनदशम होगा। इसमें से उसदिन का अयनांश घटा देने पर निरयण दशमलग्न स्पष्ट हो जाएगा।

लग्नसाधन का उदाहरण — चम्बा (हि. प्र.) में १५ जुलाई सन्.१९६९ को प्रात: १० घं. ४५ मि. (भा. स्टै. टा.) पर लग्न स्पष्ट करना है।

ऊपर हमने चम्बा में १५ जुलाई १९६९ को प्रात: १० घंटे ४५ मि. (भा. स्टैं. टा.) पर सां. का. ५ घं. ५१ मि. १३ सै. स्पष्ट किया है। चम्बा के अक्षांश ३२ अं. २९ क. हैं। लग्नसारणी में अक्षांश ३२ के नीचे सां. का. ५ घं. ३० मि.के आगे लग्न १७३ अं. ३४ क. लिखा है। यह "स्थूलतम लग्न" है। लग्नसारणी में अक्षांश ३२ के नीचे सां. का. ५ घं. ३० मि.के आगे १७३ अं. ३४ क. और सां. का. ६ घं ० मि. के आगे १८० अं. ० क. लिखा है। इन दोनों का अन्तर ६ अं. २६.क. (=३८६ क.) लग्न की ३० मि. की गति है। हमारे अभीष्ट सां. का. ५ घं. ५१ मि. और ५ घं. ३० मि. का अन्तर २१ मि. है। इन २१ मि. (सां. का. के शेष मिनटों) से लग्न की ३० मि० की गति कलाओं (३८६) को गुणा करके ३० का भाग देने पर २७०क. (=४ अं.३०क.) मिलीं। इन्हें "स्थूलतमलग्न" में जोड़ने पर १७८

लग्नसारणी (पूरे भारत के लिए) [भाग १ थ]

साम्पातिक काल	सभी स्थलों के लिए	अक्षांश ८° (उ.)	अक्षांश ११° (उ.)	अक्षांश १४° (उ.)	अक्षांश १७° (उ.)	अक्षांश २०° (उ.)
	दशम	लग्न	लग्न	लग्न	लग्न	लग्न
घं. मि.	अं. क.	अं. क.	अं. क.	अं. क.	अं. क.	अं. क.
०।०	०।०	९३।१२	९४।२४	९५।४०	९६।५६	९८।१४
०।३०	८।१०	१००।३	१०१।१५	१०२।२७	१०३।४१	१०४।५७
१।०	१६।१७	१०६।५४	१०८।३	१०९।११	११०।२४	१११।३६
१।३०	२४।१८	११३।४७	११४।५३	११५।५९	११७।६	११८।१४
२।०	३२।११	१२०।४३	१२१।४५	१२२।४७	१२३।५०	१२४।५२
२।३०	३९।५५	१२७।४५	१२८।४३	१२९।४०	१३०।३६	१३१।३२
३।०	४७।२८	१३४।५४	१३५।४५	१३६।३६	१३७।२७	१३८।१८
३।३०	५४।५१	१४२।१०	१४२।५५	१४३।३९	१४४।२२	१४५।६
४।०	६२।५	१४९।३३	१५०।१०	१५०।४६	१५१।२३	१५१।५८
४।३०	६९।१२	१५७।३	१५७।३१	१५८।०	१५८।२७	१५८।५५
५।०	७६।११	१६४।३८	१६४।५८	१६५।१७	१६५।३६	१६५।५४
५।३०	८३।७	१७२।१८	१७२।२८	१७२।३८	१७२।४७	१७२।५७
६।०	९०।०	१८०।०	१८०।०	१८०।०	१८०।०	१८०।०
६।३०	९६।५३	१८७।४२	१८७।३२	१८७।२२	१८७।१३	१८७।३
७।०	१०३।४९	१९५।२२	१९५।२	१९४।४३	१९४।२४	१९४।६
७।३०	११०।४८	२०२।५७	२०२।२९	२०२।०	२०१।३३	२०१।५
८।०	११७।५२	२१०।२७	२०९।५०	२०९।१४	२०८।३७	२०८।२
८।३०	१२५।९	२१७।५०	२१७।५	२१६।२१	२१५।३८	२१४।५४
९।०	१३२।३२	२२५।६	२२४।१५	२२३।२४	२२२।३३	२२१।४२
९।३०	१४०।५	२३२।१५	२३१।१७	२३०।२०	२२९।२४	२२८।२७
१०।०	१४७।४९	२३९।१७	२३८।१५	२३७।१३	२३६।१०	२३५।८
१०।३०	१५५।४२	२४६।१३	२४५।७	२४४।१	२४२।५४	२४१।४६
११।०	१६३।४३	२५३।६	२५१।५७	२५०।४७	२४९।३६	२४८।२४
११।३०	१७१।५०	२५९।५७	२५८।४५	२५७।३३	२५६।१९	२५५।३
१२।०	१८०।०	२६६।४८	२६५।३५	२६४।२०	२६३।४	२६१।४६

साम्पातिक काल	सभी स्थलों के लिए	अक्षांश ८° (उ.)	अक्षांश ११° (उ.)	अक्षांश १४° (उ.)	आक्षाश २६° (उ.)	अक्षांश ३०° (उ.)
	दशम	लग्न	लग्न	लग्न	लग्न	लग्न
घं. मि.	अं. क.	अं. क.	अं. क.	अं. क.	अं. क.	अं. क.
१२।०	१८०।०	२६६।४८	२६५।३५	२६४।२०	२६३।४	२६१।४६
१२।३०	१८८।१०	२७३।४१	२७२।२७	२७१।११	२६९।५३	२६८।३३
१३।०	१९६।१७	२८०।३९	२७९।२५	२७८।९	२७६।५०	२७५।२९
१३।३०	२०४।१८	२८७।४३	२८६।३०	२८५।१५	२८३।५७	२८२।३५
१४।०	२१२।११	२९४।५७	२९३।४६	२९२।३३	२९१।१६	२८९।५५
१४।३०	२१९।५५	३०२।२१	३०१।१४	३००।४	२९८।५०	२९७।३२
१५।०	२२७।२८	३०९।५८	३०८।५६	३०७।५१	३०६।४२	३०५।२८
१५।३०	२३४।५१	३१७।४९	३१६।५४	३१५।५५	३१४।५३	३१३।४५
१६।०	२४२।५	३२५।५४	३२५।७	३२४।१७	३२३।२३	३२२।२५
१६।३०	२४९।१२	३३४।१२	३३३।३५	३३२।५५	३३२।१२	३३१।२६
१७।०	२५६।११	३४२।४१	३४२।१५	३४१।४८	३४१।१८	३४०।४५
१७।३०	२६३।७	३५१।१८	३५१।५	३५०।५१	३५०।३६	३५०।१९
१८।०	२७०।०	०।०	०।०	०।०	०।०	०।०
१८।३०	२७६।५३	८।४१	८।५५	९।९	९।२४	९।४१
१९।०	२८३।४९	१७।१९	१७।४५	१८।१२	१८।४२	१९।१५
१९।३०	२९०।४८	२५।४८	२६।२५	२७।५	२७।४८	२८।३४
२०।०	२९७।५५	३४।६	३४।५३	३५।४३	३६।३७	३७।३५
२०।३०	३०५।९	४२।११	४३।६	४४।५	४५।७	४६।१४
२१।०	३१२।३२	५०।२	५१।४	५२।९	५३।१८	५४।३२
२१।३०	३२०।५	५७।३९	५८।४६	५९।५६	६१।१०	६२।२८
२२।०	३२७।४९	६५।३	६६।१४	६७।२७	६८।४४	७०।५
२२।३०	३३५।४२	७२।१७	७३।३०	७४।४५	७६।३	७७।२५
२३।०	३४३।४३	७९।२१	८०।३५	८१।५१	८३।१०	८४।३१
२३।३०	३५१।५०	८६।१९	८७।३३	८८।४९	९०।७	९१।२०
२४।०	०।०	९३।१२	९४।२५	९५।४०	९६।५६	९८।१४

अं ४ क. "स्थूल लग्न" हुआ। अब लग्न सारणी में ३२ अक्षांश और ३५ अक्षांश वाले कालमों में सां. का. ५ घं. ३० मि. के आगे क्रमश: १७३ अं. ३४ क. और १७३ अं. ४४ क. लिखा है। इन दोनों का अन्तर १० क हुआ. यह लग्न की "३ अक्षांश की गति" है। क्योंकि लग्न ३५ अक्षांश में बढ़ रहा है, अत: यह गति धन है। ३२ अक्षांश और चम्बा के अक्षांश ३२ अं. २९ क. का अन्तर २९ क. है। इससे ३ अक्षांश की लग्न की गतिकलाओं (१०) को गुणा करके १८० से भाग देने पर लब्धि १ क. मिली। क्योंकि ३ अक्षांशों की लग्नगति धन है अत: इसे "स्थूललग्न" में जोड़ने पर १७८ अं. ५ क. सायनलग्न हुआ। इसमें से इस दिन का अयनांश २३ अं. २६ क. घटा देने पर १५४ अं. ३९ क. (=५ रा. ४ अं. ३९ क.) निरयणलग्न बन गया।

[illegible] का उदाहरण :— १५ जुला. १९६९ ई. को प्रात: १० घं. ४५ मि. (भा. स्टें. टा.) पर ही चम्बा (हि. प्र.) में दशमलग्न स्पष्ट करना है। इस समय चम्बा में सां. का. ५ घं. ५१ मि. है। लग्नसारणी के दूसरे कालम में सां. का. ५ घं. ३० मि. के आगे दशमलग्न ८३ अं ७ क. है, यह "स्थूलदशमलग्न" है। सारणी में सां. का. ५ घं ३० मि. और ६ घं. ० मि. के आगे दशमलग्न क्रमश: ८३ अं. ७ क एवं ९० अं. ० क. है। इन दोनों का अन्तर ६ अं. ५३ क. (=४१३ क) है, यह ३० मि. की दशमलग्न की गति है। इन कलाओं को सां. का. के शेष मि. (५ घं. ५१ मि.—५ घं. ३० मि.=२१ मि.) से गुणा करके ३० का भाग देने पर २८९ क. (=४ अं. ४९ क.) मिलीं। इन्हें "स्थूल दशमलग्न" में जोड़ने पर ८७ अं ५६ क. सायनदशमलग्न स्पष्ट हुआ। इसमें से इस दिन का अयनांश २३ अं. २६ क घटा देने पर ६४ अं. ३० क. (=२ रा. ४ अं. ३० क.) इष्टकालिक निरयण दशमलग्न हुआ।

[illegible] दें :- यहां हमने सां का. के संकल्प और अवलोप की विकलाओं को अनावश्यक समझ कर छोड़ दिया है। क्योंकि लग्न और दशम में विकलाओं तक की सूक्ष्मता लाने का प्रयास वस्तुत: अर्थहीन है। कला तक की सूक्ष्मता भी लग्न में सम्भव नहीं है; इस तथ्य का विस्तारपूर्वक स्पष्टीकरण गणित द्वारा "अवकलासंख्य" में हमने किया है—वहां पढ़ें।

लग्नसारणी (पूरे भारत के लिये) [भाग २ य]

साम्पातिक काल	सभी स्थानों के लिए	अक्षांश २३° (उ.)	अक्षांश २६°(उ.)	अक्षांश २९° (उ.)	अक्षांश ३२° (उ.)	अक्षांश ३५° (उ.)	साम्पातिक काल	सभी स्थानों के लिए	अक्षांश २३° (उ.)	अक्षांश २६° (उ.)	अक्षांश २९° (उ.)	अक्षांश ३२° (उ.)	अक्षांश ३५° (उ.)
घं. मि.	दशम अं. क.	लग्न अं. क.	लग्न अं. क.	लग्न अं. क.	लग्न अं. क.	लग्न अं. क.	घं. मि.	दशम अं. क.	लग्न अं. क.	लग्न अं. क.	लग्न अं. क.	लग्न अं. क.	लग्न अं. क.
०।०	०।०	९९।३५	१००।५९	१०२।२६	१०३।५७	१०५।३४	१२।०	१८०।०	२६०।२५	२५९।१	२५७।३४	२५६।३	२५४।२६
०।३०	८।१७	१०६।१४	१०७।३४	१०८।५७	११०।२४	१११।५३	१२।३०	१८८।१०	२६७।१०	२६५।४३	२६४।१२	२६२।३३	२६०।५४
१।०	१६।१७	११२।४९	११४।४	११५।२२	११६।४३	११८।७	१३।०	१९६।१७	२७४।३	२७२।३४	२७१।०	२६९।२१	२६७।३३
१।३०	२४।१८	११९।२२	१२०।१३	१२१।४५	१२३।०	१२४।१७	१३।३०	२०४।१८	२८१।९	२७९।३९	२७८।२	२७६।१९	२७४।२९
२।०	३२।११	१२५।५६	१२७।०	१२८।७	१२९।१७	१३०।२५	१४।०	२१२।११	२८८।३०	२८६।५९	२८५।२२	२८३।३६	२८१।४७
२।३०	३९।५५	१३२।३१	१३३।२९	१३४।२९	१३५।३०	१३६।३२	१४।३०	२१९।५५	२९६।९	२९४।४०	२९३।४	२९१।३०	२८९।२९
३।०	४७।२८	१३९।९	१४०।०	१४०।५२	१४१।४५	१४२।४०	१५।०	२२७।२८	३०४।१०	३०२।४४	३०१।१२	२९९।२८	२९७।३८
३।३०	५४।५१	१४५।५०	१४६।३४	१४७।१८	१४८।४	१४८।५०	१५।३०	२३४।५१	३१२।३३	३११।१५	३०९।४८	३०८।१३	३०६।२५
४।०	६२।५	१५२।३४	१५३।१०	१५३।४७	१५४।२४	१५५।१	१६।०	२४२।५	३२१।२२	३२०।१३	३१८।५६	३१७।३०	३१५।५४
४।३०	६९।१२	१५९।२२	१५९।५०	१६०।१७	१६०।४६	१६१।१४	१६।३०	२४९।१२	३३०।३५	३२९।३९	३२८।३६	३२७।२५	३२६।४
५।०	७६।११	१६६।१३	१६६।३२	१६६।५०	१६७।९	१६७।२८	१७।०	२५६।११	३४०।९	३३९।३०	३३८।४५	३३७।५४	३३६।५५
५।३०	८३।७	१७३।६	१७३।१५	१७३।२५	१७३।३४	१७३।४४	१७।३०	२६३।७	३५०।०	३४९।४०	३४९।१६	३४८।४९	३४८।१९
६।०	९०।०	१८०।०	१८०।०	१८०।०	१८०।०	१८०।०	१८।०	२७०।०	०।०	०।०	०।०	०।०	०।०
६।३०	९६।५३	१८६।५४	१८६।४५	१८६।३५	१८६।२६	१८६।१६	१८।३०	२७६।५३	१०।०	१०।२०	१०।४४	११।११	११।४१
७।०	१०३।४९	१९३।४७	१९३।२८	१९३।१०	१९२।५१	१९२।३२	१९।०	२८३।४९	१९।५१	२०।३०	२१।१५	२२।६	२३।४
७।३०	११०।४८	२००।३८	२००।१०	१९९।४३	१९९।१४	१९८।४६	१९।३०	२९०।४८	२९।२५	३०।२१	३१।२४	३२।३५	३३।५५
८।०	११७।५५	२०७।२६	२०६।५०	२०६।१३	२०५।३६	२०४।५९	२०।०	२९७।५५	३८।३८	३९।४७	४१।४	४२।३०	४४।६
८।३०	१२५।९	२१४।१०	२१३।२६	२१२।४२	२११।५६	२११।१०	२०।३०	३०५।९	४७।२७	४८।४५	५०।१२	५१।४७	५३।३५
९।०	१३२।३२	२२०।५१	२२०।०	२१९।८	२१८।१५	२१७।२०	२१।०	३१२।३२	५५।५०	५७।११	५८।४८	६०।३२	६२।२२
९।३०	१४०।५	२२७।२९	२२६।३१	२२५।३१	२२४।३०	२२३।२८	२१।३०	३२०।५	६३।५१	६५।२०	६६।५६	६८।४०	७०।३४
१०।०	१४७।४९	२३४।४	२३३।०	२३१।५३	२३०।४५	२२९।३५	२२।०	३२७।४९	७१।३०	७३।१	७४।३८	७६।२४	७८।१९
१०।३०	१५५।४२	२४०।३८	२३९।२७	२३८।१५	२३७।०	२३५।४१	२२।३०	३३५।४२	७८।५१	८०।२१	८१।५८	८३।४१	८५।३१
११।०	१६३।४३	२४७।११	२४५।५६	२४४।३८	२४३।१७	२४१।५३	२३।०	३४३।४३	८५।५१	८७।२६	८९।०	९०।३९	९२।२६
११।३०	१७१।५०	२५३।४६	२५२।२६	२५१।३	२४९।३६	२४८।७	२३।३०	३५१।५०	९२।५०	९४।१७	९५।४८	९७।२४	९९।६
१२।०	१८०।०	२६०।२५	२५९।१	२५७।३४	२५६।३	२५४।२६	२४।०	०।०	९९।३५	१००।५९	१०२।२६	१०३।५७	१०५।३४

साम्पातिक काल कोष्ठक नं. १.

सन्	सां. का. घं. मि. सै.	सन्	सां. का. घं. मि. सै.	सन्	सां. का. घं. मि. सै.	सन्	सां. का. घं. मि. सै.	सन्	सां. का. घं. मि. सै.	सन्	सां. का. घं. मि. सै.	सन्	सां. का. घं. मि. सै.	सन्	सां. का. घं. मि. सै.
१९३६	६।३७।४	१९४३	६।३८।१५	१९५०	६।३९।२७	१९५७	६।४०।४०	१९६४	६।३७।५६	१९७१	६।३९।७	१९७८	६।४०।१९	१९८५	६।४१।३२
१९३७	६।४०।३	१९४४	६।३७।१७	१९५१	६।३८।३०	१९५८	६।३९।४३	१९६५	६।४०।५५	१९७२	६।३८।१०	१९७९	६।३९।२२	१९८६	६।४०।३५
१९३८	६।३९।६	१९४५	६।४०।१६	१९५२	६।३७।३३	१९५९	६।३८।४५	१९६६	६।३९।५७	१९७३	६।४१।१०	१९८०	६।३८।२४	१९८७	६।३९।३८
१९३९	६।३८।८	१९४६	६।३९।१९	१९५३	६।४०।३३	१९६०	६।३७।४७	१९६७	६।३९।०	१९७४	६।४०।१२	१९८१	६।४१।२३	१९८८	६।३८।४०
१९४०	६।३७।११	१९४७	६।३८।२२	१९५४	६।३९।३५	१९६१	६।४०।४७	१९६८	६।३८।३	१९७५	६।३९।१५	१९८२	६।४०।२६	१९८९	६।४१।३९
१९४१	६।४०।१०	१९४८	६।३७।२५	१९५५	६।३८।३८	१९६२	६।३९।५०	१९६९	६।४१।२	१९७६	६।३८।१७	१९८३	६।३९।२९	१९९०	६।४०।४१
१९४२	६।३९।१२	१९४९	६।४०।२४	१९५६	६।३७।४१	१९६३	६।३८।५३	१९७०	६।४०।५	१९७७	६।४१।१६	१९८४	६।३८।३२	१९९१	६।३९।४४

*साम्पातिक काल कोष्ठक नं. २

ता	जनवरी	फरवरी	मार्च	अप्रैल	मई	जून	जुलाई	अगस्त	सितम्बर	अक्तूबर	नवम्बर	दिसम्बर	ता.
↓	घं. मि. सै.	घं. मि. सै.	घं. मि. सै.	घं. मि. सै.	घं. मि. सै.	घं. मि. सै.	घं. मि. सै.	घं. मि. सै.	घं. मि. सै.	घं. मि. सै.	घं. मि. सै.	घं. मि. सै.	↓
१	०। ०। ०	२। २।१३	३।५२।३७	५।५४।५०	७।५३। ७	९।५२।२१	११।५३।३८	१३।५५।५०	१५।५८। ४	१७।५६।२१	१९।५८।३४	२१।५६।५०	१
२	०। ३।५७	२। ६। ९	३।५६।३३	५।५८।४७	७।५७। ४	९।५९।१७	११।५७।३४	१३।५९।४७	१६। २। ०	१८। ०।१७	२०। २।३१	२२। ०।४७	२
३	०। ७।५३	२।१०। ६	४। ०।३०	६। २।४३	८। १। ०	१०। ३।१४	१२। १।३१	१४। ३।४४	१६। ५।५७	१८। ४।१४	२०। ६।२७	२२। ४।४३	३
४	०।११।५०	२।१४। २	४। ४।२६	६। ६।४०	८। ४।५७	१०। ७।१०	१२। ५।२७	१४। ७।४०	१६। ९।५३	१८। ८। १	२०।१०।२४	२२। ८।४०	४
५	०।१५।४६	२।१७।५९	४। ८।२३	६।१०।३६	८। ८।५३	१०।११। ७	१२। ९।२४	१४।११।३६	१६।१३।५०	१८।१२। ७	२०।१४।२०	२२।१२।३६	५
६	०।१९।४३	२।२१।५५	४।१२।१९	६।१४।३३	८।१२।५०	१०।१५। ३	१२।१३।२१	१४।१५।३३	१६।१७।४६	१८।१६। ३	२०।१८।१७	२२।१६।३३	६
७	०।२३।३९	२।२५।५२	४।१६।१६	६।१८।२९	८।१६।४६	१०।१९। ०	१२।१७।१७	१४।१९।२९	१६।२१।४३	१८।२०। ०	२०।२२।१३	२२।२०।३०	७
८	०।२७।३६	२।२९।४८	४।२०।१२	६।२२।२६	८।२०।४३	१०।२२।५६	१२।२१।१४	१४।२३।२६	१६।२५।४०	१८।२३।५७	२०।२६।१०	२२।२४।२७	८
९	०।३१।३२	२।३३।४५	४।२४। ९	६।२६।२२	८।२४।३९	१०।२६।५३	१२।२५।१०	१४।२७।२३	१६।२९।३७	१८।२७।५४	२०।३०। ६	२२।२८।२३	९
१०	०।३५।२९	२।३७।४२	४।२८। ५	६।३०।१९	८।२८।३६	१०।३०।४९	१२।२९। ६	१४।३१।२०	१६।३३।३३	१८।३१।५०	२०।३४। ३	२२।३२।२०	१०
११	०।३९।२५	२।४१।३८	४।३२। २	६।३४।१६	८।३२।३२	१०।३४।४६	१२।३३। ३	१४।३५।१६	१६।३७।३०	१८।३५।४७	२०।३८। ०	२२।३६।१६	११
१२	०।४३।२२	२।४५।३५	४।३५।५९	६।३८।१३	८।३६।२९	१०।३८।४२	१२।३६।५९	१४।३९।१३	१६।४१।२६	१८।३९।४३	२०।४१।५६	२२।४०।१३	१२
१३	०।४७।१८	२।४९।३२	४।३९।५६	६।४२। ९	८।४०।२५	१०।४२।३९	१२।४०।५६	१४।४३। ९	१६।४५।२३	१८।४३।४०	२०।४५ ५२	२२।४४। ९	१३
१४	०।५१।१५	२।५३।२८	४।४३।५२	६।४६। ६	८।४४।२२	१०।४६।३५	१२।४४।५२	१४।४७। ६	१६।४९।१९	१८।४७.३७	२०।४९।४९	२२।४८। ६	१४
१५	०।५५।१२	२।५७।२५	४।४७।४९	६।५०। २	८।४८।१८	१०।५०।३२	१२।४८।४९	१४।५१। २	१६।५३।१६	१८।५१।३३	२०।५३।४५	२२।५२। २	१५
१६	०।५९। ८	३। १।२१	४।५१।४५	६।५३।५९	८।५२।१५	१०।५४।२८	१२।५२।४५	१४।५४ ५९	१६।५७।१२	१८।५५।३०	२०।५७।४२	२२।५५ ५९	१६
१७	१। ३। ४	३। ५।१८	४।५५।४२	६।५७।५५	८।५६।११	१०।५८।२५	१२।५६।४२	१४।५८।५५	१७। १। ९	१८।५९।२६	२१। १।३९	२२।५९।५६	१७
१८	१। ७। १	३। ९।१४	४।५९।३८	७। १।५२	९। ०। ८	११। २।२१	१३। ०।३८	१५। २।५२	१७। ५। ५	१९। ३।२२	२१। ५।३६	२३। ३।५३	१८
१९	१।१०।५७	३।१३।११	५। ३।३५	७। ५।४८	९। ४। ४	११। ६।१८	१३। ४।३५	१५। ६।४८	१७। ९। २	१९। ७।१९	२१। ९।३२	२३। ७।४९	१९
२०	१।१४।५४	३।१७। ८	५। ७।३१	७। ९।४५	९। ८। १	११।१०।१५	१३। ८।३२	१५।१०।४५	१७।१२।५८	१९।११।१५	२१।१३।२९	२३।११।४६	२०
२१	१।१८।५१	३।२१। ५	५।११।२८	७।१३।४१	९।११।५८	११।१४।१२	१३।१२।२९	१५।१४।४१	१७।१६।५५	१९।१५।१२	२१।१७।२५	२३।१५।४२	२१
२२	१।२२।४८	३।२५। १	५।१५।२५	७।१७।३८	९।१५।५५	११।१८। ८	१३।१६।२५	१५।१८ ३८	१७।२०।५१	१९।१९। ८	२१।२१।२२	२३।१९।३९	२२
२३	१।२६।४४	३।२८।५८	५।१९।२२	७।२१।३४	९।१९।५१	११।२२। ५	१३।२०।२२	१५।२२।३४	१७।२४।४८	१९।२३। ५	२१।२५।१८	२३।२३।३५	२३
२४	१।३०।४१	३।३२।५४	५।२३।१८	७।२५।३१	९।२३।४८	११।२६। १	१३।२४।१८	१५।२६।३१	१७।२८।४४	१९।२७। १	२१।२९।१५	२३।२७।३२	२४
२५	१।३४।३७	३।३६।५१	५।२७।१५	७।२९।२८	९।२७।४४	११।२९।५८	१३।२८।१५	१५।३०।२७	१७।३२।४१	१९।३०।५८	२१।३३।११	२३।३१।२८	२५
२६	१।३८।३४	३।४०।४७	५।३१।११	७।३३।२४	९।३१।४१	११।३३।५४	१३।३२।११	१५।३४।२४	१७।३६।३७	१९।३४।५४	२१।३७। ८	२३।३५।२५	२६
२७	१।४२।३०	३।४४।४४	५।३५। ८	७।३७।२०	९।३५।३७	११।३७।५१	१३।३६। ८	१५।३८।२०	१७।४०।३४	१९।३८।५१	२१।४१। ४	२३।३९।२१	२७
२८	१।४६।२७	३।४८।४०	५।३९। ५	७।४१।१७	९।३९।३४	११।४१।४७	१३।४०। ४	१५।४२।१७	१७।४४।३१	१९ ४२।४८	२१।४५। १	२३।४३।१८	२८
२९	१।५०।२३	३।५२।३७	५।४३। १	७।४५।१३	९।४३।३०	११।४५।४४	१३।४४। १	१५।४६।१४	१७ ४८।२८	१९।४६।४५	२१।४८।५७	२३।४७।१४	२९
३०	१।५४।२०		५।४६।५८	७।४९।१०	९।४७।२७	११।४९।४१	१३।४७।५७	१५।५०।११	१७।५२।२४	१९।५०।४१	२१ ५२।५४	२३।५१।११	३०
३१	१।५८।१६		५।५०।५४		९।५१।२४		१३।५१।५४	१५।५४। ७		१९।५४।३८		२३।५५। ७	३१
												२३।५९। ३	३२

*लीप इयर हो तो केवल फरवरी के बाद के महीनों में अभीष्ट तारीख में एक जोड़ कर कोष्ठक नं.२ को प्रयोग में लाइए।

साम्पातिक काल कोष्ठक नं. ३

पूर्व रेखांश →	३०°	३६°	४२°	४८°	५४°	६०°	६६°	७२°	७८°	८४°	९०°	९६°	१०२°	१०८°
सा. का. संस्कार (सैकण्ड)	+३१	+२७	+२३	+१९	+१५	+११	+७	+३	−१	−५	−९	−१३	−१७	−२१

साम्पातिककाल कोष्ठक नं. ४

मि. → / घं ↓	०	५	१०	१५	२०	२५	३०	३५	४०	४५	५०	५५
	मि. से.	मि. से.	मि. से.	मि. से.	मि. से.	मि. से.	मि. से.	मि. से.	मि. से.	मि. से.	मि. से.	मि. से.
०	०। ०	०। १	०। २	०। २	०। ३	०। ४	०। ५	०। ६	०। ७	०। ७	०। ८	०। ९
१	०।१०	०।११	०।११	०।१२	०।१३	०।१४	०।१५	०।१६	०।१६	०।१७	०।१८	०।१९
२	०।२०	०।२१	०।२१	०।२२	०।२३	०।२४	०।२५	०।२५	०।२६	०।२७	०।२८	०।२९
३	०।३०	०।३०	०।३१	०।३२	०।३३	०।३४	०।३४	०।३५	०।३६	०।३७	०।३८	०।३९
४	०।३९	०।४०	०।४१	०।४२	०।४३	०।४४	०।४४	०।४५	०।४६	०।४७	०।४८	०।४८
५	०।४९	०।५०	०।५१	०।५२	०।५३	०।५३	०।५४	०।५५	०।५६	०।५७	०।५७	०।५८
६	०।५९	१। ०	१। १	१। २	१। २	१। ३	१। ४	१। ५	१। ६	१। ७	१। ७	१। ८
७	१। ९	१।१०	१।११	१।११	१।१२	१।१३	१।१४	१।१५	१।१६	१।१६	१।१७	१।१८
८	१।१९	१।२०	१।२०	१।२१	१।२२	१।२३	१।२४	१।२५	१।२५	१।२६	१।२७	१।२८
९	१।२९	१।३०	१।३०	१।३१	१।३२	१।३३	१।३४	१।३४	·३५	१।३६	१।३७	१।३८
१०	१।३९	१।३९	१।४०	१।४१	१।४२	१।४३	१।४३	१।४४	१।४५	१।४६	१।४७	१।४८
११	१।४८	१।४९	१।५०	१।५१	१।५२	१।५३	१।५३	१।५४	१।५५	१।५६	१।५७	१।५७
१२	१।५८	१।५९	२। ०	२। १	२। २	२। २	२। ३	२। ४	२। ५	२। ६	२। ६	२। ७
१३	२। ८	२। ९	२।१०	२।११	२।११	२।१२	२।१३	२।१४	२।१५	२।१६	२।१६	२।१७
१४	२।१८	२।१९	२।२०	२।२०	२।२१	२।२२	२।२३	२।२४	२।२५	२।२५	२।२६	२।२७
१५	२।२८	२।२९	२।२९	२।३०	२।३१	२।३२	२।३३	२।३४	२।३४	२।३५	२।३६	२।३७
१६	२।३८	२।३९	२।३९	२।४०	२।४१	२।४२	२।४३	२।४३	२।४४	२।४५	२।४६	२।४७
१७	२।४८	२।४८	२।४९	२।५०	२।५१	२।५२	२।५२	२।५३	२।५४	२।५५	२।५६	२।५७
१८	२।५७	२।५८	२।५९	३। ०	३। १	३। २	३। २	३। ३	३। ४	३। ५	३। ६	३। ६
१९	३। ७	३। ८	३। ९	३।१०	३।११	३।११	३।१२	३।१३	३।१४	३।१५	३।१५	३।१६
२०	३।१७	३।१८	३।१९	३।२०	३।२०	३।२१	३।२२	३।२३	३।२४	३।२५	३।२५	३।२६
२१	३।२७	३।२८	३।२९	३।२९	३।३०	३।३१	३।३२	३।३३	३।३४	३।३४	३।३५	३।३६
२२	३।३७	३।३८	३।३=	३।३९	३।४०	३।४१	३।४२	३।४३	३।४३	३।४४	३।४५	३।४६
२३	३।४७	३।४८	३।४८	३।४९	३।५०	३।५१	३।५२	३।५२	३।५३	३।५४	३।५५	३।५६

अयनांश सारणी नं. १

इस्वी सन्	अयनांश अं. क. वि.	इस्वी सन्	अयनांश अं. क. वि.	इस्वी सन्	अयनांश अं. क. वि.
१९२१	२२।४५।१३	१९४५	२३। ५।१९	१९६९	२३।२५।२६
१९२२	२२।४६। ३	१९४६	२३। ६।१०	१९७०	२३।२६।१६
१९२३	२२।४६।५४	१९४७	२३। ७। ०	१९७१	२३।२७। ६
१९२४	२२।४७।४४	१९४८	२३। ७।५०	१९७२	२३।२७।५७
१९२५	२२।४८।३४	१९४९	२३। ८।४१	१९७३	२३।२८।४७
१९२६	२२।४९।२५	१९५०	२३। ९।३१	१९७४	२३।२९।३७
१९२७	२२।५०।१५	१९५१	२३।१०।२१	१९७५	२३।३०।२७
१९२८	२२।५१। ५	१९५२	२३।११।११	१९७६	२३।३१।१८
१९२९	२२।५१।५५	१९५३	२३।१२। २	१९७७	२३।३२। ८
१९३०	२२।५२।४५	१९५४	२३।१२।५२	१९७८	२३।३२।५८
१९३१	२२।५३।३६	१९५५	२३।१३।४२	१९७९	२३।३३।४८
१९३२	२२।५४।२६	१९५६	२३।१४।३२	१९८०	२३।३४।३९
१९३३	२२।५५।१६	१९५७	२३।१५।२३	१९८१	२३।३५।२९
१९३४	२२।५६। ७	१९५८	२३।१६।१३	१९८२	२३।३६।१९
१९३५	२२।५६।५७	१९५९	२३।१७। ३	१९८३	२३।३७। ९
१९३६	२२।५७।४७	१९६०	२३।१७।५३	१९८४	२३।३८। ०
१९३७	२२।५८।३७	१९६१	२३।१८।४४	१९८५	२३।३८।५०
१९३८	२२।५९।२८	१९६२	२३।१९।३४	१९८६	२३।३९।४०
१९३९	२३। ०।१८	१९६३	२३।२०।२४	१९८७	२३।४०।३०
१९४०	२३। १। ८	१९६४	२३।२१।१५	१९८८	२३।४१।२०
१९४१	२३। १।५८	१९६५	२३।२२। ५	१९८९	२३।४२।११
१९४२	२३। २।४९	१९६६	२३।२२।५५	१९९०	२३।४३। १
१९४३	२३। ३।३९	१९६७	२३।२३।४५		
१९४४	२३। ४।२९	१९६८	२३।२४।३६		

अयनांश सारणी नं. २

तारीख →	१	४	७	१०	१३	१६	१९	२२	२५	२८
	वि.	वि.	वि.	वि.	वि.	वि.	वि.	वि.	वि.	वि.
जनवरी	०	१	१	१	२	२	३	३	३	४
फरवरी	४	५	५	६	६	६	७	७	८	८
मार्च	८	९	९	१०	१०	१०	११	११	१२	१२
अप्रैल	१३	१३	१३	१४	१४	१५	१५	१५	१६	१६
मई	१७	१७	१७	१८	१८	१९	१९	२०	२०	२०
जून	२१	२१	२२	२२	२३	२३	२३	२४	२४	२५

तारीख →	१	४	७	१०	१३	१६	१९	२२	२५	२८
	वि.	वि.	वि.	वि.	वि.	वि.	वि.	वि.	वि.	वि.
जुलाई	२५	२५	२६	२६	२७	२७	२८	२८	२८	२९
अगस्त	२९	३०	३०	३१	३१	३१	३२	३२	३३	३३
सितम्बर	३४	३४	३४	३५	३५	३६	३६	३६	३७	३७
अक्टूबर	३८	३८	३९	३९	३९	४०	४०	४१	४१	४१
नवम्बर	४२	४२	४३	४३	४४	४४	४४	४५	४५	४६
दिसम्बर	४६	४७	४७	४७	४८	४८	४९	४९	४९	५०

भारत के प्रमुख-प्रमुख नगरों में लग्नों का समाप्तिकाल

इस पंचांग में जो पहले दैनिकलग्नसारणी दी गई है वह चण्डीगढ़ में लग्नों का समाप्तिकाल (भा. स्टै. टा.) बतलाती है। इसी सारणी से नीचे दिए गए कोष्ठक की सहायता से भारत के प्रमुख-प्रमुख नगरों में लग्नों का समाप्तिकाल (भा. स्टै. टा.) आसानी से इस प्रकार जाना जा सकता है :– दैनिक लग्नसारणी से अपनी अभीष्ट तारीख को चण्डीगढ़ में लग्न का समाप्ति काल जान लीजिए और उसमें अपने नगर के आगे और लग्न के नीचे इस कोष्ठक में लिखे मिनटों को चिन्ह के अनुसार जोड़ने या घटाने से उस नगर में लग्न का समाप्ति काल मालूम हो जाएगा। जैसे—मद्रास में ९ अप्रैल को मिथुन लग्न का समाप्तिकाल जाता है। ९ अप्रैल को चण्डीगढ़ में मिथुन का समाप्तिकाल १२ घं. ० मि. है, यह हमने दैनिक लग्न सारणी से ज्ञात किया। नीचे कोष्ठक में मद्रास के आगे, मिथुन के नीचे +१९ मिनट लिखे हैं। + होने से १९ मिनटों को १२ घं. ० मि. में जोड़ने पर १२ घं. १९ मि. मद्रास में ९ अप्रैल को मिथुनलग्न का समाप्ति काल (भा. स्टैं. टा.) बन गया।

नगर \ लग्न	मेष मि.	वृष मि.	मिथुन मि.	कर्क मि.	सिंह मि.	कन्या मि.	तुला मि.	वृश्चिक मि.	धनु मि.	मकर मि.	कुंभ मि.	मीन मि.
अजमेर	+१७	+१८	+१७	+१४	+१०	+६	+१	−१	०	+४	+८	+१२
अम्बाला	०	०	०	०	०	०	−१	−१	−१	०	०	०
अमृतसर	+७	+६	+६	+७	+८	+९	+१०	+१०	+१०	+९	+८	+७
अलवर	+७	+८	+७	+५	+२	−२	−५	−६	−६	−३	०	+४
अलीगढ़	+१	+२	+१	−१	−४	−८	−११	−१२	−१२	−९	−६	−२
अहमदाबाद	+३०	+३३	+३१	+२५	+१८	+११	+४	−१	+१	+८	+१५	+२३
आगरा	+१	+३	+२	−१	−४	−८	−११	−१३	−१३	−९	−६	−२
उज्जैन	+१८	+२१	+१९	+१३	+६	−१	−८	−१३	−११	−४	+३	+११
उदयपुर	+२४	+२६	+२५	+२०	+१४	+८	+२	−२	०	+५	+१२	+१८
इन्दौर	+१८	+२२	+२०	+१४	+५	−३	−१०	−१५	−१३	−६	+३	+१०
करनाल	+१	+१	+१	०	०	−१	−२	−२	−२	−१	−१	०
कलकत्ता	−३२	−२८	−३०	−३६	−४५	−५३	−६०	−६५	−६३	−५६	−४७	−४०
कांगड़ा	०	−१	−१	+१	+२	+३	+५	+६	+५	+४	+३	+१
कानपुर	−९	−५	−६	−९	−१३	−१७	−२२	−२४	−२३	−१९	−१५	−११
काशी	−१५	−१३	−१४	−१८	−२४	−२९	−३४	−३७	−३६	−३१	−२५	−२०
कुरुक्षेत्र	+२	+२	+२	+१	+१	०	−१	−१	−१	०	०	+१
कोटा	+१४	+१६	+१५	+११	+५	०	−५	−८	−७	−२	+४	+९
गुडगाव	+४	+४	+४	+२	०	−२	−४	−५	−५	−३	−१	+१
गुरदासपुर	+३	−२	−२	+४	+५	+६	+८	+९	+८	+७	+६	+४
गोरखपुर	−१८	−१७	−१८	−२१	−२५	−२९	−३४	−३६	−३५	−३१	−२७	−२३
ग्वालियर	+३	+५	+४	०	−४	−९	−१३	−१६	−१५	−११	−६	−२
चम्बा	−१	−२	−१	०	+२	+५	+७	+८	+७	+६	+३	+१
जम्मू	+४	+३	+४	+५	+७	+१०	+१२	+१३	+१२	+११	+८	+६
जयपुर	+११	+१२	+११	+८	+५	+१	−३	−५	−४	०	+३	+७
जालन्धर	+५	+५	+५	+६	+६	+६	+६	+६	+६	+६	+६	+५
जीन्द	+५	+६	+५	+४	+३	+१	०	−१	−१	+१	+२	+४
जैसलमेर	+३१	+३२	+३१	+२८	+२५	+२१	+१७	+१५	+१६	+२०	+२३	+२७
जोधपुर	+२३	+२५	+२४	+२०	+१६	+११	+७	+४	+५	+९	+१४	+१८
झांसी	+३	+५	+४	०	−६	−११	−१६	−१९	−१८	−१३	−७	−२
दिल्ली	+३	+३	+३	+१	−१	−३	−५	−६	−६	−४	−२	०
देहरादून	−५	−५	−५	−५	−५	−५	−६	−६	−६	−५	−५	−५
नागपुर	+८	+११	+१०	+२	−७	−१७	−२६	−३१	−२९	−२०	−११	−२
नाभा	+३	+३	+३	+३	+३	+३	+२	+२	+२	+३	+३	+३

नगर \ लग्न	मेष मि.	वृष मि.	मिथुन मि.	कर्क मि.	सिंह मि.	कन्या मि.	तुला मि.	वृश्चिक मि.	धनु मि.	मकर मि.	कुंभ मि.	मीन मि.
नैनीताल	−८	−७	−८	−९	−१०	−१२	−१३	−१४	−१४	−१२	−११	−९
पटियाला	+२	+२	+२	+२	+२	+२	+१	+१	+१	+२	+२	+२
पठानकोट	+१	+१	+१	+३	+४	+६	+८	+९	+८	+७	+५	+३
पटना	−२४	−२२	−२३	−२७	−३२	−३८	−४२	−४५	−४४	−३९	−३४	−२९
पुंछ	+४	+३	+४	+७	+१०	+१४	+१८	+२०	+१९	+१५	+१२	+८
प्रयाग	−११	−९	−१०	−१४	−१९	−२४	−२९	−३१	−३१	−२६	−२१	−१६
फरीदकोट	+८	+८	+८	+८	+८	+८	+८	+८	+८	+८	+८	+८
फिरोजपुर	+९	+९	+९	+९	+९	+९	+९	+९	+९	+९	+९	+९
बम्बई	+३६	+४१	+३८	+२९	+१८	+७	−४	−१०	−८	+३	+१४	+२५
बरेली	−६	−६	−६	−८	−१०	−१२	−१४	−१५	−१५	−१३	−११	−९
बंगलोर	+२६	+३३	+३०	+१७	०	−१६	−३२	−४०	−३७	−२२	−६	+११
बुलन्दशहर	०	०	०	−२	−४	−६	−८	−९	−९	−७	−५	−३
भटिण्डा	+८	+८	+८	+८	+८	+८	+७	+७	+७	+८	+८	+८
भरतपुर	+३	+५	+४	+१	−२	−६	−९	−११	−११	−७	−४	०
भुवनेश्वर	−१८	−१४	−१६	−२४	−३४	−४४	−५४	−५८	−५७	−४८	−३८	−२८
भोपाल	+११	+१४	+१२	+६	−१	−८	−१५	−२०	−१८	−११	−४	+४
मद्रास	+१५	+२२	+१९	+६	−११	−२७	−४३	−५१	−४८	−३३	−१७	०
मथुरा	+३	+५	+३	+१	−२	−६	−९	−१०	−१०	−७	−४	०
मण्डी (हि.प्र.)	−२	−३	−३	−२	−१	०	+२	+२	+२	+१	०	−१
मालेरकोटला	+४	+४	+४	+४	+४	+४	+३	+३	+३	+४	+४	+४
मेरठ	−१	०	−१	−२	−३	−५	−६	−७	−७	−५	−४	−२
रोपड़	+१	+१	+१	+१	+२	+२	+२	+२	+२	+२	+२	+१
रोहतक	+४	+५	+४	+३	+१	०	−२	−३	−३	−१	+१	+२
लखनऊ	−९	−८	−९	−१२	−१५	−१९	−२३	−२५	−२४	−२०	−१७	−१३
लुधियाना	+३	+३	+३	+३	+४	+४	+४	+४	+४	+४	+४	+३
शिमला	−२	−२	−२	−२	−१	−१	−१	−१	−१	−१	−१	−२
श्रीनगर (क)	+१	०	+१	+४	+७	+११	+१५	+१७	+१६	+१२	+९	+५
सहारनपुर	−१	−१	−१	−२	−२	−३	−४	−४	−४	−३	−३	−२
हरिद्वार	−४	−४	−४	−५	−५	−६	−७	−७	−७	−६	−६	−५
हिसार	+७	+८	+७	+६	+५	+३	+२	+१	+१	+३	+४	+६
हैदराबाद	+१५	+२१	+१८	+८	−५	−१७	−२९	−३५	−३३	−२२	−९	+३
होशियारपुर	+२	+१	+१	+२	+१	+४	+५	+५	+५	+४	+३	+२

अथ महर्षि-पराशरोक्त विंशोत्तरी महादशान्तर्दशा ज्ञान-चक्रम्

सूर्य दशा वर्ष ६				चन्द्रदशा वर्ष १०				भौमदशा वर्ष ७			
कृ.उ.फा.उ.षा.				रो.ह.श्रवण.				मृ.चि.ध.			
तन्मध्येऽन्तरम्				तन्मध्येऽन्तरम्				तन्मध्येऽन्तरम्			
ग्रह	व.	मा.	दि.	ग्रह	व.	मा.	दि.	ग्रह	व.	मा.	दि.
सू.	०	३	१८	च.	०	१०	०	मं.	०	४	२७
च.	०	६	०	म.	०	७	०	रा.	१	०	१८
म.	०	४	६	रा.	१	६	०	बृ.	०	११	६
रा.	०	१०	२४	बृ.	१	४	०	श.	१	१	९
गु.	०	९	१८	श.	१	७	०	बु.	०	११	२७
श.	०	११	१२	बु.	१	५	०	के.	०	४	२७
बु.	०	१०	६	के.	०	७	०	शु.	१	२	०
के.	०	४	६	शु.	१	८	०	र.	०	४	६
शु.	१	०	०	र.	०	६	०	च.	०	७	०

राहुदशा वर्ष १८				गुरुदशा वर्ष १६				शनिदशा वर्ष १९			
आ.स्वा.श.				पुन.वि.पू.भा.				पु.अनु.उ.भा.			
तन्मध्येऽन्तरम्				तन्मध्येऽन्तरम्				तन्मध्येऽन्तरम्			
ग्रह	व.	मा.	दि.	ग्रह	व.	मा.	दि.	ग्रह	व.	मा.	दि.
रा.	२	८	१२	बृ.	२	१	१८	श.	३	०	३
बृ.	२	४	२४	श.	२	६	१२	बु.	२	८	९
श.	२	१०	६	बु.	२	३	६	के.	१	१	९
बु.	२	६	१८	के.	०	११	६	शु.	३	२	०
के.	१	०	१८	शु.	२	८	०	र.	०	११	१२
शु.	३	०	०	र.	०	९	१८	च.	१	७	०
र.	०	१०	२४	च.	१	४	०	म.	१	१	९
च.	१	६	०	म.	०	११	६	रा.	२	१०	६
म.	१	०	१८	रा.	२	४	२४	बृ.	२	६	१२

बुधदशा वर्ष १७				केतुदशा वर्ष ७				शुक्रदशा वर्ष २०			
श्ले.ज्ये.रे.				म.मू.अश्विनी				पू.फा.पू.षा.भ.			
तन्मध्येऽन्तरम्				तन्मध्येऽन्तरम्				तन्मध्येऽन्तरम्			
ग्रह	व.	मा.	दि.	ग्रह	व.	मा.	दि.	ग्रह	व.	मा.	दि.
बु.	२	४	२७	के.	०	४	२७	शु.	३	४	०
के.	०	११	२७	गु.	१	२	०	र.	१	०	०
शु.	२	१०	०	र.	०	४	६	च.	१	८	०
र.	०	१०	६	च.	०	७	०	म.	१	२	०
च.	१	५	०	म.	०	४	२७	रा.	३	०	०
म.	०	११	२७	रा.	१	०	१८	बृ.	२	८	०
रा.	२	६	१८	बृ.	०	११	६	श.	३	२	०
बृ.	२	३	६	श.	१	१	९	बृ.	२	१०	०
श.	२	८	९	बु.	०	११	२७	के.	१	२	०

शिवोक्त योगिनी-दशाऽन्तर्दशा ज्ञानार्थं चक्रमिदम्

मंगला व. १			पिंगला व. २			धान्या व. ३			भ्रामरी व. ४		
चन्द्र			सूर्य			गुरु			मंगल		
आर्द्रा चि. श्र.			पुन. स्वा. ध.			पुष्य. वि. श.			अ., श्ले.ऽनु. पूभा.		
मं.	०	१०	पि.	१	१०	धा.	३	०	भ्रा.	५	१०
पि.	०	२०	धा.	२	०	भ्रा.	४	०	भ.	६	२०
धा.	१	०	भ्रा.	२	२०	भ.	५	०	उ.	८	०
भ्रा.	१	१०	भ.	३	१.०	उ.	६	०	सि.	९	१०
भ.	१	२०	उ.	४	०	सि.	७	०	सं.	१०	२०
उ.	२	०	सि.	४	२०	सं.	८	०	मं.	१	१०
सि.	२	१०	सं.	५	१०	मं.	१	०	पि.	२	२०
सं.	२	२०	मं.	०	२०	पि.	२	०	धा.	४	०

भद्रा व. ५			उल्का व. ६			सिद्धा व. ७			संकटा व. ८			दशा तथा वर्ष
बुध			शनि			शुक्र			केतु			दशेश ग्रह
मृ.म.ज्ये.उभा.			कृ.पू.फा.मू.रे.			रो.उ.फा.पू.षा.			ह.म.ह.उषा.			जन्म नक्षत्र
भ.	८	१०	उ.	१२	०	सि.	१६	१०	सं.	२१	१०	अन्तर्दशा मासादि
उ.	१०	०	सि.	१४	०	सं.	१८	२०	मं.	२	२०	शुभदशा — म.धा.भ्र.सि.
सि.	११	२०	सं.	१६	०	मं.	२	१०	पि.	५	१०	नष्टदशा — पि.भ्रा.उ.सं.
सं.	१३	१०	मं.	२	०	पि.	४	२०	धा.	८	०	
मं.	१	२०	पि.	४	०	धा.	७	०	भ्रा.	१०	२०	
पि.	३	१०	धा.	६	०	भ्रा.	९	१०	भ.	१३	१०	
धा.	५	०	भ्रा.	८	०	भ.	११	२०	उ.	१६	०	
भ्रा.	६	२०	भ.	१०	०	उ.	१४	०	सि.	१८	२०	

दशा का भुक्त-भोग्य

गत नक्षत्र की घट्यादि को ६० में से घटाकर इष्ट घटी पल जोड़ने से भयात होता है। ६० में से घटाए हुए अंकों में प्रवेश नक्षत्र घट्यादि जोड़ने से भभोग होता है। भयात और भभोग की घटियों को ६० से गुणा कर पल बना ले. भयात के पलों को दशा के वर्ष से गुणाकर भोग के पलों से भाग देवें। लब्धांक वर्ष, होगा। फिर शेषांक को १२ से गुणा करे, और भभोग के पलों से भाग दें। लब्धांक मास होगा। फिर ३० से गुणाकर करके भभोग के पलों से भाग दें, लब्धांक दिन होंगे। तत्पश्चात् ६० से गुणाकर भभोग के पलों का भाग दें, लब्धांक घटी, होगी। फिर शेष को ६० से गुणा कर भभोग के पलों से भाग दे लब्धि पल होगी। यह वर्षादि दशा का भुक्त होता है। इसको दशा के वर्षों में से घटाने पर भोग्य दशा प्राप्त होती है।

अथ वर्षकुण्डल्यां तन्वादिभावस्थ-ग्रहफलबोध चक्रम्

ग्रहा	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२
सूर्य	चिन्ता	नृप भी:	धनलाभ:	हानि:	कष्टम्	शत्रु नाश:	पीडा	कष्टम्	धर्मनाश:	सुखम्	धनला.	पीडा
चन्द्र	पीडा	धनलाभ:	हर्ष:	शत्रुनाश:	सुखम्	पीडा	कष्टम्	दु:खम्	भाग्योदय:	विजय:	धनला.	व्यय
भौम	व्रज.	धननाश:	जय:	व्यसनं	दुर्गति:	शत्रुनाश:	स्त्रीकष्टम्	पीडा	पुण्योदय:	राज्यला.	धनला.	विरोध
बुध	सौख्यम्	धनलाभ:	सुखम्	द्रव्यलाभ:	पुत्रलाभ:	कलह:	धनलाभ:	व्यग्रता	सुखम्	मानला.	सुखला.	विग्रह
गुरु	सुखम्	धनलाभ:	जय:	वाह. ला.	पुत्र.रा	कष्टम्	सुखम्	रोग:	धर्मलाभ	राज्यला.	धनला.	शोक
शुक्र	मानप्रा	धनप्राप्ति	कीर्तिला.	सुखला.	धनलाभ:	शत्रुभीति:	स्त्रीसुखम्	कष्टम्	धर्मोदय	मानला.	धनला.	व्यय
शनि	वातार्ति	पीडा	धनलाभ:	दु:खम्:	पुत्रप्री.	जय:	स्त्रीकष्टम्	रोग:	भाग्यहा.	धनहा:	धनला.	चिन्ता
राहु	शिरोर्ति	राजभी.	सुखम्	दु:खम्:	बुद्धि नाश	शत्रुनाश:	रोगभी:	कष्टम्	धर्महा.	विजय:	सुलाभ:	व्याधि
केतु	चिन्ता	क्लेश:	आरोग्यं	राजभी:	दुर्बुद्धि	सुखम्	क्लेश:	पीडा	भाग्यना.	धनला.	लाभ:	शोक:
मन्या	सुखम्	यशोऽर्थ:	पुष्टि:	दुखम्:	सुखाप्ति:	कष्टम्	व्यसनम्	दु:खम्	भाग्योद.	राज्यप्रा:	लाभ:	कष्टम

सूर्यसिद्धान्तीय वर्ष-प्रवेश सारिणी

गताब्द	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६	१७	१८	१९	२०
वार	१	२	३	५	६	०	१	३	४	५	६	१	२	३	४	६	०	१	२	४
घटी	१५	३१	४६	२	१७	३३	४८	४	१९	३५	५०	६	२१	३७	५२	८	२३	३९	५४	१०
पल	३१	३	३४	६	३७	९	४०	१२	४३	१५	४६	१८	४९	२१	५२	२४	५५	२७	५८	३०
विपल	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०

गताब्द	२१	२२	२३	२४	२५	२६	२७	२८	२९	३०	३१	३२	३३	३४	३५	३६	३७	३८	३९	४०
वार	५	६	०	२	३	४	५	०	१	२	४	५	६	०	२	३	४	५	०	१
घटी	२६	४१	५७	१२	२८	४३	५९	१४	३०	४५	१	१६	३२	४७	३	१८	३४	४९	५	२१
पल	१	३३	४	३६	७	३९	१०	४२	१३	४५	१६	४८	१९	५१	२२	५४	२५	५७	२८	०
विपल	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०

गताब्द	४१	४२	४३	४४	४५	४६	४७	४८	४९	५०	५१	५२	५३	५४	५५	५६	५७	५८	५९	६०
वार	२	३	५	६	०	१	३	४	५	६	१	२	३	४	६	०	१	३	४	५
घटी	३६	५२	७	२३	३८	५४	९	२५	४०	५६	११	२७	४२	५८	१३	२९	४४	०	१५	३१
पल	३१	३	३४	६	३७	९	४०	१२	४३	१५	४६	१८	४९	२१	५२	२४	५५	२७	५८	३०
विपल	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०

गताब्द	६१	६२	६३	६४	६५	६६	६७	६८	६९	७०	७१	७२	७३	७४	७५	७६	७७	७८	७९	८०
वार	६	१	२	३	४	६	०	१	२	४	५	६	०	२	३	४	५	०	१	२
घटी	४७	२	१८	३३	४९	४	२०	३५	५१	६	२२	३७	५३	८	२४	३९	५५	१०	२६	४२
पल	१	३३	४	३६	७	३९	१०	४२	१३	४५	१६	४८	१९	५१	२२	५४	२५	५७	२८	०
विपल	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०

सूचना— वर्षमित: वर्षमान सूर्यसिद्धान्तीय, वर्षमान से ८।। पल कम है। अतः सूक्ष्म-वर्ष-प्रवेश-कालिक इष्ट निकालने के लिए गताब्दों को ८।। से गुणा करके पलात्मक फल को सारिणी से साधित इष्ट में से घटा देना चाहिए। यही सूक्ष्मवर्षमानानुसारी इष्ट होगा, चाहो तो इस इष्ट पर भी फल अनुभव करें।

वर्षफल-साधन प्रकार:—(१) अभीष्ट संवत् (जिस संवत् का वर्ष करना हो) में से जन्म समय का संवत् हीन करने से जो शेष बचे वह गत वर्ष (गताब्द) जानें। स्मरण रहे कि मेषार्क प्रवेश के प्रथम और चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के अनन्तर का यदि वर्ष करना हो तो पिछाड़ी संवत् से करना (वर्षायनलग्नप्रवेशकमत्र सौगत्)। इस प्रकार गतवर्ष लाकर उसी गताब्द अंक के नीचे सारिणी में वारादि अंक हैं उनमें जन्म का वार, इष्ट, घड़ी पल जोड़ने से वर्षप्रवेश कालिक वारादि इष्ट ज्ञात हो जाता है। यदि नीचे घट्यादि अंक साठ से अधिक हो तो ६० का भाग देने से लब्धांक को ऊपर युक्त करते जाना। ऊपर से वारांक में सात से अधिक आजाय तो सात का भाग देकर लब्ध त्याग देने से वर्ष प्रवेश समय का स्पष्ट वारादि इष्ट होगा। (२) जिस दिन जन्म-समय के स्पष्ट सूर्यवत् वर्ष में सूर्य मिले उसी दिन वर्ष प्रवेश जानना। पंचांगों के अनुसार कभी-कभी वार नहीं मिलता। वहां पर वार को ठीक जाने। इस इष्ट के अनुसार पीछे लिखी स्वदेशीय लग्न सारिणी से लग्न साधन करके वर्ष कुण्डली लगाना। **मुन्थानयनप्रकार**:— गताब्दवृन्द में जन्मलग्न जोड़कर उसमें १२ का भाग देना, जो शेष बचे वह मुन्था जानना, यह मुन्था प्रतिदिन पांच कला चलती है।

मुद्दा दशा—गत वर्ष में जन्म नक्षत्र जोड़कर उसमें दो घटायें, ९ का भाग देने से जो शेष बचे सो दशा जाननी १ बचे तो सूर्य, २ से चन्द्रमा, ३ से मंगल, ४ से राहु, ५ से गुरु, ६ से शनि, ७ से बुध, ८ से केतु, ९ से शुक्र की दशा जानें।

दशा दिनानि—सूर्य के १८ दिन, चन्द्रमा के ३०, मंगल २१, राहु ५४, गुरु ४८, शनि ५७, बुध ५१, केतु २१, शुक्र ६० यह दशा के दिन हैं।

• **हर्ष स्थान बल**—सूर्य वर्ष लग्न से ९वें, चन्द्रमा ३, मंगल ६, बुध १, गुरु ११वें, शुक्र ५वें, शनि १२वें स्थान में हो तो ५ वर्ष बल देते हैं।

स्वोच्च बल—सू. १।५, चं. २।४, मं. १।८।१०, बु. ३।६, गु. ९।१२।४, शु. २।७।१२, श. १०।११।७ इन स्थानों में ५ बल देते हैं। **पुरुष स्त्री बल** स्त्रीग्रह (चं. बु. श. शु.) १।२।३।७।८।९ और पुरुषग्रह (सू. मं. बृ.) ४।५।६।१०।११।१२ वें स्थानों में ५ बल देते हैं। **दिनरात्रिबल**—दिन के वर्षेष्ट में पुरुषग्रह ५ बल देते हैं और रात्रि के इष्ट में स्त्रीग्रह ५ बल देते हैं।

त्रिराशिपति चक्र

मे.	वृ.	मि.	क.	सि.	क.	तु.	वृ.	ध.	म.	कु.	मी.	राशि
सू.	शु.	श.	शु.	गु.	चं.	बु.	म	श.	म.	गु.	चं.	दिनलग्नेश
बृ.	चं.	बु.	मं.	सू.	शु.	श.	शु.	श.	मं.	गु.	चं.	रात्रिलग्नेश

वर्ष में दृष्टि-ज्ञान और फल

वर्ष में जो ग्रह जिस भाव में पड़ा हो उस भाव से पांचवें ९वें भाग को प्रत्यक्ष मित्र दृष्टि से देखता है। **फल**—कार्य में शीघ्र सफलता, सुख, प्रेम, लाभ और जिन मनुष्यों के साथ पहिले शत्रुता होती है। उनसे प्रेम होता है। तीसरे ग्यारहवें गुप्तमित्र दृष्टि से देखता है। **फल**—कार्य कठिनता एवं गुप्त भाव से सफल हो पहले सातवें प्रत्यक्ष शत्रु दृष्टि होती है। **फल**—शत्रुता उत्पन्न करे, मित्र से वैर, धन हानि, बनते काम को बिगाड़ना आदि फल होते हैं। ४-१० गुप्तशत्रु दृष्टि से देखते हैं। **फल**—कार्य बड़ी कठिनता से सफल हो, गुप्तरूप से शत्रु भी उत्पन्न होते हैं।

अथ वर्षेश निर्णयः—जन्म लग्नेश १, वर्ष लग्नेश २, मुन्थेश ३, त्रैराशीश ४, समयेश ५, दिन में वर्षप्रवेश हो तो सूर्य जिस राशि पर हो उस राशि का स्वामी और रात्रि में हो तो चन्द्रराशि का स्वामी इन पांचों अधिकारियोंमें से जो सबसे बलवान हो और लग्न को देखे वह वर्षेश होगा, यदि पांचों में से कोई भी लग्न को न देखता हो तो उन में से जो अधिक बलवान् हो वही वर्षेश्वर होगा।। कई ग्रहों का बल समान हो तो जिसकी लग्न पर अधिक दृष्टि हो वह बल, दृष्टि, अधिकार यह तीनों समान हों तो मुन्थेश ही वर्षेश होगा। यदि चन्द्रमा वर्षेश प्राप्त हो तो जिससे वह इत्थशाल करे वा जिसकी राशि में बैठा हो वही वर्षेश होगा।। **फल**—वर्षेश ६।८।१२ व अस्तंगत हीन बली हो तो वर्ष में दुःख, शोक, चिन्ता, भय विशेष होगा। यदि बलिष्ठ होकर शुभ स्थान में सुयोग के साथ बैठा हो तो वर्ष में सुखस्वयं कीवृद्धि हो।

वर्ष में तबदीली का योग—वर्ष कुण्डली में लग्नेश-तृतीयेश या चतुर्थेश-नवमेश एक घर में हो या एक दूसरे को मित्र दृष्टि से देखे तो उस वर्ष तबदीली होगी। अगर वर्ष-लग्नेश वक्री हो और वह मित्र ग्रह से दृष्ट हो तो भी तबदीली होगी।

ग्रहशील-चक्र

रवि	चन्द्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	राहु	केतु	
३।१०	३।१०	३।१०	३।१०	३।१०	३।१०	०	३।१०	३।१०	ग्रहाणां एकपाद दृष्टि
५।९	५।९	५।९	५।९	०	५।९	५।९	५।९	५।९	द्विपाददृष्टि
४।८	४।८	०	४।८	४।८	४।८	४।८	४।८	४।८	त्रिपाददृष्टि
७	७	४।७।८	७	५।७।९	७	३।७।१०	७	७	सम्पूर्ण दृष्टि
च. म. गु.	र. बु.	र. बृ. च.	र. रा. शु.	र. च. म.	बु. रा. श.	बु. रा. शु.	बु. श. शु.	बु.	मित्र-ग्रहाः
बु.	मं. श. गु. शु.	शु. श.	मं. श. गु.	रा. श.	मं. गु.	गु.	गु.	०	समग्रहाः
श. रा. शु.	रा	बु. रा.	च.	बु. शु.	र. च.	र. च. मं.	र. चं. मं.	०	शत्रुग्रहाः
मेष १०	वृष ३	मकर २८	कन्या १५	कर्क ५	मीन २७	तुला २०	मिथुन १५	धनु १५	उच्चराशयः परमोच्चांशाः
तुला १०	वृश्चिक ३	कर्क २८	मीन १५	मकर ५	कन्या २७	मेष २०	धनु १५	मिथुन १५	नीचराशयः नीचांशाः
सिंह	कर्क	मे. वृश्चि	मि. क.	ध. मी.	वृष. तु.	म. कु	कन्या	मीन	स्वगृहाणि
सिंह	वृष	मेष	कन्या	धनु	तुला	कुम्भ	कर्क	मकर	मूलत्रिकोण
क्षत्रिय	वैश्य	क्षत्रिय	शूद्र	विप्र	विप्र	शूद्र निषाद	निषाद	निषाद	वर्ण
पुरुष	स्त्री	पुरुष	नपुमक	पुरुष	स्त्री	नपुसक	पुरुष	पुरुष	पुं. स्त्री. नपुसक
मध्याह्न	अपराह्न	मध्याह्न	प्रभात	प्रभात	अपराह्न	अपराह्न	अपरा.	अपरा.	समय
पूर्व	वायव्य	दक्षिण	उत्तर	ईशान	आग्नेय	पश्चिम	नैऋत्य	नैऋत्य	दिशा
सुवर्ण	रौप्य	सुवर्ण	कांस्य	सुवर्ण	रौप्य	लोह	लोह	लोह	धातु
चतुष्पद	बहुपद	चतुष्पद	द्विपद	द्विपद	द्विपद	भुजगपद	अपद	अपद	पाद
उग्र	सौम्य	उग्र	शुभ	शुभ	शुभ	पाप	पाप	पाप	सौम्यादि
सत्व	सत्व	तम	रज	सत्व	रज	तम	तम	तम	गुण
स्थिर	चर	चर	द्विस्व.	स्थिर	चर	पक्षिस्थिर	चर	पक्षी	चरादि
तिक्त	क्षार	कटु	सर्व रस	मधुर	अम्ल	कषाय	कषाय	कषाय	रस
पशु	जलभु.	दुग्ध	श्मशान	वाणी	जल	उत्कट	ऊषर	ऊषर	भूमि
पित्त	श्लेष्म	पित्त	समधातु	समधातु	कफशुक्र	वायु	धूम्र	वायु	पित्तादि
वृद्ध	युवा	युवा	युवा	वृद्ध	युवा	अतिवृद्ध	वृद्ध	वृद्ध	अवस्था
पाटल	गौरश्वेत	रक्त	नील	पीत	श्वेत	नील	धूम्र	धूम्र	रंग
मूल	जीव	धातु	जीव	जीव	मूल	मूल	धातु	धातु	धात्वादि
वन	जल	वन	ग्राम	ग्राम	ग्राम	सन्धि	विवर	विवर	स्थान

वर्ष में योगिनी के लिए जन्म-नक्षत्र संख्या में गताब्द जोड़ें ३ और जोड़ें ८ में शेष करें तो मंगलादि योगिनी दशा होती है।

वर्षेशाधिकारिणोबलेन मुद्दादशा

मं.	त्रि.	धा.	क्षा.	भ.	ब.	नि.	व.
०	०	१	१	१	२	३	३
१०	२०	०	१०	२०	०	२०	२०

गर्भ योग—वर्ष कुण्डली में लग्नेश पाँचवें या सातवें पड़ा हो वा पञ्चमेश और सप्तमेश लग्न में पड़ा हो तो उस वर्ष गर्भयोग होता है।

मुंथेश और चन्द्रमा बली होकर पाँचवें हो और पंचमेश भी बली हो तो गर्भ होता है।

जन्मपत्री न हो तो वर्ष बनाने की रीति

स्पष्ट प्रश्न लग्न की राशि को छोड़कर अंशादिक की कला करना, फिर उसमें १५०(डेढ़ सौ) का भाग देना। लब्ध जो राश्यादि चार फल आवे उसकी राशि के अंक में प्रश्न लग्न की राशि अंक मिलाना, यहमुथा का स्पष्ट लग्न जानना। और प्रश्नलग्न से चतुर्थ राशि का स्वामी जन्म लग्नेश जानना अर्थात् पंचाधिकारियों में जन्म लग्न पति के स्थान में प्रश्न लग्न से चतुर्थ राशि का स्वामी जो हो वह लिखना। प्रश्न पत्र पर वर्ष बनाने में इतना ही विशेष जानना। अन्य सर्व रीति में कुछ न्यूनाधिक नहीं है।

अरिष्ट योग—यदि जन्म लग्न ही वर्ष लग्न हो और जन्म नक्षत्र भी वर्ष में वही आ जाए तो यह द्विजन्मा वर्ष अशुभ है। वर्ष में गुरु चन्द्र शुभ नहीं तो अशुभ कष्ट भयप्रद होता है। वर्ष में गुरु चन्द्र शुभ हो तो अशुभ फल नहीं होगा।

आवश्यक मुहूर्त

कोई भी कार्य हो, बह शास्त्र-समस्त शुभ-मुहूर्त में करें, तो अवश्य सफल हो कर सुखप्रद होता है। गया-गोदावरी यात्रा में, नवरात्र कृत्य में एवं चातुर्मास्य व्रत में गुरु-शुक्रास्त का दोष नहीं होता। शुक्ल पक्ष की द्वितीया एवं कृष्णपक्ष की प्रतिपदा सर्व-कार्यों में शुभ मानी है। प्रथम वार देव दर्शन एवं प्रथम तीर्थयात्रा में गुरु शुक्रास्त अवश्य विचार्य है।

चन्द्र-शुद्धि—अपनी राशि से ४, ८, १२वीं छोड़ अन्य राशियां हों तो चन्द्र-शुद्धि समझें। अभिषेक निषेक, यज्ञोपवीत तथा विवाह में द्वादशस्थ चन्द्र पुरुष को ग्राह्य है। कन्या को १२ चन्द्र का निषेध है।

तारा शुद्धि—अपने नक्षत्र से इष्ट दिन के नक्षत्र तक की संख्या में ९ का भाग देकर २।४।६।८ या ९ शेष बचे तो ताराशुद्धि समझें।

गर्भाधान संस्कार का मुहूर्त

शुभ तिथियां—१, २, ३, ५,७, १०,११,१२,१३। **शुभ-नक्षत्र**—तीनों उत्तरा, मृ. ह.अनु.रो.स्वा.श्र.ध.श.। **शुभ लग्न**—जब लग्न और ४, ५, ७, ९, १० स्थानों में शुभ-ग्रह हों, ३, ६, ११ स्थानों में पापग्रह हों, सूर्य मंगल या गुरु लग्न को देखते हों, विषम राशि के नवांशक में चन्द्रमा हो, रजोदर्शनकाल से पहली चार रात्रि छोड़ १६ रात्रि तक समरात्रि में गर्भ हो तो पुत्र, विषम में कन्या होती है।

चित्रा, पुन., पुष्य, अश्विनी गर्भाधान के लिए मध्यम है।

गर्भाधान के लिए अशुभ-काल

भद्रा, ४, ६, ८, ९, १४, १५, ३० तिथियां, संक्रांति का दिन; सन्ध्याकाल, मंगल, रवि, शनिवार, रजोदर्शनकाल की पहली चार रात्रियां, ज्येष्ठा, रेवती और आश्लेषा नक्षत्रों के अन्त की दो घड़ी, मूल, अश्विनी और मघा के आदि की २ घड़ी निधन तारा, जन्म नक्षत्र मूल, भरणी, अश्विनी, रेवती, मघा-नक्षत्र, ग्रहण के दिन व्यतिपात वैधृति-योग, माता-पिता के श्राद्ध का दिन, दिन का समय, परिघ योग का आधा भाग, जन्मराशि से अष्टमलग्न पापयुक्त-लग्न तथा नक्षत्र गर्भाधान के लिए वर्जित हैं।

गर्भ के मासों के स्वामी

मास	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०
स्वामी	शुक्र	मंगल	गुरु	सूर्य	चन्द्रमा	शनि	बुध	गर्भाधान समय का लग्नेश	चन्द्रमा	सूर्य

स्त्री पुरुष के चन्द्रबल की विशेषता

विवाह और गर्भाधान संस्कार में स्त्री का चन्द्रबल रखना चाहिए, और अन्य कर्मों में पति का चन्द्रबल देखना चाहिए, यह सदा स्मरण रखें।

पुंसवन का मुहूर्त—यह गर्भाधान के तीसरे मास में गुरु, रवि, मंगलवार को मृ. पुन. पु. ह. मूल और श्रवण नक्षत्र में १, २, ३, ५, ७, १०, ११, १३, १५ तिथियों में जब लग्न से १, ४, ५, ७, ९ और १० स्थानों में शुभग्रह और ३, ६, ११ स्थानों में पापग्रह हों तब शुभ होता है। तीनों उत्तरा, रोहणी और रेवती नक्षत्र तथा सोम, बुध और शुक्रवार भी शुभ हैं।

सीमन्त संस्कार का मुहूर्त—गर्भाधान से छठे या आठवें मास में, जब मास का स्वामी बली हो तब पुंसवन के मुहूर्त में कही गई तिथियों, वारों नक्षत्रों और लग्नों में सीमन्त शुभ होता है।

सीमन्तजातकादीनि प्राशनान्तानि यानि च। न दोषो मलमासस्य मौढ्यस्य गुरु-शुक्रयोः॥

गर्भ-रक्षा के लिए विष्णुपूजा—गर्भाधान के आठवें मास में श्रवण, रोहिणी और पुष्य नक्षत्र में, शुभलग्न, वार और तिथियों में जब लग्न से आठवां स्थान शुद्ध हो तब विष्णु की पूजा करनी चाहिए।

मेधा-जनन संस्कार—बालक उत्पन्न होने के अनन्तर नाल काटने से पहले दाहिने हाथ की अनामिका अंगुली के अग्रभाग में सुवर्ण लगाकर सुवर्ण सहित अंगुली से शहद और गौ के घी को मिलाकर 'ॐ भूस्त्वयि दधामि, ॐ भुवस्त्वयि दधामि, ॐ स्वस्त्वयि दधामि, ॐ, भूर्भुवः स्वः सर्वं त्वयि दधामि" इन चारों मन्त्रों से बालक को थोड़ा-थोड़ा चार बार मधु चटावें। ऐसा करने से बालक बुद्धिमान् और यशस्वी होता है।

स्तन पान कराने या सूतिका पथ्य का मुहूर्त—रिक्तामा, भद्रा, व्यतिपात, वैधृति को छोड़कर शुभ तिथियां हों, वार चं. बु. गु. श. हों, नक्षत्र-मृग. पुन. पु. श्र. रे. म. हों, तब स्तनपान कराना शुभ है। आगे अन्नप्राशन में कही गई तिथि नक्षत्रों में सूतिकापथ्य शुभ है।

प्रसूता स्त्री के स्नान का मुहूर्त—रेवती, तीन-उत्तरा, रो, मृ, ह, स्वा, अश्विनी और अनुराधा नक्षत्रों में रवि गुरु और भौम वारों में, १,२,३,५, ७, १०, ११, १३, १५ तिथियां शुभ हैं। आर्द्रा पुन. पु. श्र. म. भ. कृ. वि. मू. और चित्रा नक्षत्र तथा शनि और बुधवार त्याज्य हैं अन्य नक्षत्र और वार मध्यम हैं।

प्रसूतास्त्री के जलपूजन का मुहूर्त—मास समाप्त होने पर बुध, गुरु या चन्द्रवार की ४, ९, १४ तिथियों को छोड़ कर अन्य तिथियों में, श्र. पुन. पु. मृ. ह. मू. अनु. नक्षत्रों में जलपूजन उत्तम है। परन्तु गुरु और शुक्र के अस्त में चैत्र, पौष या अधिक मास में (मास पूरा होने पर भी) जलपूजन नहीं करना चाहिए।

जातकर्म और नामकरण का मुहूर्त—संक्रान्ति का दिन, भद्रा और व्यतिपात को छोड़कर १, २, ३, ५, ७, १०, ११, १२, १३ तिथियों में जन्मकाल से ११वें या १२वें दिन सोम, बुध और शुक्रवार को मृ. रे. चि. अनु. तीनों उत्तरा. रो. ह. अश्विना पुष्य, अभि, स्वा. पुन. श्र. ध. श. नक्षत्रों जब लग्न से १, ४, ५, ७, १० स्थानों में शुभग्रह तथा ३, ६, ११ स्थानों में पापग्रह हों, तब शुभ होता है।

अथ दोला (झूला) आरोहण मुहूर्त

सूर्यनक्षत्र से चन्द्रनक्षत्र तक गिनें				
५	५	५	५	७
नैरुज्य	मरण	कृशता	व्याधि	सौख्य

जन्मदिन से १०।१२।१६।१८।३२ दिन शुभवार में, मृ. रे. चि. अनु. ह. अश्वि. पुष्य. अभि. तीनों उत्तरा. रो. नक्षत्रों में ४।९।१४।३० इनसे रहित तिथियों में १।४।५।६।७।९।१० इन लग्नों में शुभग्रह से युक्त होने पर १।४ ११वें शुभ ग्रह हों ३।६।११वें पापग्रह हों तो उत्तम होता है।

निष्क्रमण मुहूर्त—स्वा. अश्वि. पुन. ह. मू. पु. अनु. श्र. रो. ध. नक्षत्रों में भौम.-शनि को छोड़ कर अन्य वारों में, रिक्ता अमा भद्रादि से रहित शुभ दिन में तीसरे चौथे मास में शुभ है। शीघ्रता होवे तो १२वें दिन बालक का निष्क्रमण करें। इसी दिन सूर्य और नक्षत्र पूजन पूर्वक सूर्य नक्षत्रों का दर्शन करावें।

भूम्युपवेशन मुहूर्त—पांचवें महीने में पृथ्वी वराह का पूजन करके भौम के पूर्णबल में तीनों उत्तरा. रो. मृ. ज्ये. अनु. अश्वि. ह. पुष्य. अभि. इन नक्षत्रों में, ४।६।१४।३० इन तिथियों को छोड़कर स्थिरलग्न में शुभदिन में बालक के करधनी का द्विसूत्र बांध कर पृथ्वी पर बैठावें।

भूम्युपवेशन के लिए मन्त्र—"रक्षैन वसुधे देवि सदा सर्वगत शुभे। आयुः प्रमाण सकलं निक्षिपस्व हरिप्रिये! इति॥" इसी समय बालक के सामने पुस्तक, कलम, वस्त्र, शस्त्र, स्वर्ण, चांदी, तुला आदि वस्तु रखे, जिसको बालक ग्रहण करे, उससे उसकी आजीविका होती है।

अन्नप्राशन का मुहूर्त—जन्ममास से ६, ८, १० या १२वें मास में पुत्र का और ५, ७, ९ या ११वें में कन्या का भद्रादि-दोष रहित १, २, ५, ७, १०, १३, १५ तिथियों में सोम, बुध, गुरु और शुक्रवार को म. रे. चि. अनु. ह. अश्वि. पु. अभि. स्वा. पुन. श्र. ध. श. तीनों उत्तरा, रोहिणी नक्षत्रों में, जन्मराशि या जन्मलग्न से आठवें लग्न या नवांशक तथा मेष वृश्चिक और मीन लग्न को छोड़ कर ऐसे लग्न में कि १, ३, ४, ५, ७, ९, १० स्थानों में शुभग्रह हों या शुभग्रह की दृष्टि हो, ३, ६, १२ स्थानों में पापग्रह हों दशम स्थान पापग्रह-रहित हो, १, ६, ८ स्थान में चन्द्रमा न हो तो शुभ होता है। किसी किसी के मत से जन्म-नक्षत्र अनु. शत-तारका और स्वाती अशुभ है।

कर्णवेध का मुहूर्त—चैत्र पौष देवशयन (आषाढ़ शुक्ल ११ से कार्तिक शुक्ल ११ तक) जन्ममास, जन्मनक्षत्र ४, ९, १४ तिथियां, जन्मतारा क्षयतिथि और समवर्षों को छोड़कर जन्म से १२वें दिन या १६वें दिन, ६वें ७वें, ८वें मास या विषम वर्षों में सोम, बुध, गुरु, शुक्रवार को, श्र. ध. पुन. मृ. रे चि. अनु. ह. अश्वि पु. अभि. नक्षत्रों में जब लग्न से अष्टम स्थान शुद्ध हो, १, ४, ५, ७, ९, १० स्थानों में शुभ ग्रह हों, ३, ६, ११ स्थानों में पाप ग्रह हों तुला, वृष, धनु, या मीन लग्न में बृहस्पति हो तो कर्णछेदन श्रेष्ठ है। इस संस्कार के समयपर करने से मनुष्य के हानिया (आन्त्रवृद्धि) जैसे भयानक रोग की जड़ ही कट जाती है।

कन्या का नासिका छेदन का मुहूर्त—कर्णवेधोक्त नक्षत्रों में तथा उत्तरा ३, शत. स्वा. में शुभ तिथ्यादिक शुक्लपक्ष में दिनके प्रथमप्रहर के समय नासिका-वेध शुभ है।

मुण्डन मुहूर्त—गर्भाधानकाल से या जन्मकाल से विषम अर्थात् ३ रे ५वें, ७वें वर्ष में (मनु जी के मत में प्रथम वर्ष में भी) चैत्र को छोड़कर उत्तरायण सूर्य में चन्द्र, बुध, गुरु और शुक्रवार, लग्न तथा नवांशक में, जन्मराशि या जन्मलग्न से अष्टम लग्न को छोड़ २, ३, ५, ७, १०, ११, १३ तिथियों में संक्रान्ति के दिन को छोड़ कर जब लग्न से आठवां स्थान शुद्ध (ग्रह रहित) हो, ३, ६, ११ स्थानों में पापग्रह हों, ज्ये. मृ.. रे. चि. स्वा. पुन. श्र. ध. शत. ह. अश्वि. पुष्य और अभिजित नक्षत्रों में शुभ है। लड़के की माता को पांचमास का गर्भ हो तो मुण्डन निषिद्ध है, परन्तु ५ वर्ष में अधिक अवस्था के बालक के लिए निषेध नहीं है। जेठे लड़के का मुण्डन ज्येष्ठ मास में नहीं करना चाहिए।

मुण्डन कर्म में विशेष—स्व-कुल शिष्टाचारानुसार पूर्वोक्त नक्षत्र तिथ्यादि शुभ समय में अपने अपने इष्टदेव के स्थानों में मुण्डन तथा कर्णवेध का होना देखा जाता है, सो "यथाकुलधर्मं वा" इस स्मृति के स्मरण से ठीक ही है।

क्षौर बनवाने का मुहूर्त—मुण्डन के लिए जो तिथियां और नक्षत्र शुभ बतलाए गये हैं, वे ही हजामत बनवाने के लिए शुभ हैं। वर्जित काल शनि, रवि, भौमवार, हजामत में नौवें दिन, सन्ध्याकाल, ४, ८, ९, १४, १५, ३० तिथियां, संक्रान्ति का दिन, रात्रि में बिना आसन, संग्राम में, यात्रा करने के दिन, स्नान करके, शरीर में उबटन लगवाकर या भोज के पीछे हजामत बनवाना अशुभ है।

विशेष फल—यज्ञ विवाह, मृतक कर्म में, कारागार से छूटने पर, ब्राह्मण और राजा की आज्ञा से किसी भी समय हजामत बनवाई जा सकती है। किसी आचार्य का मत है कि जो लोग राजकार्य से नियुक्त हैं वे रूपजीवी जैसे नट, भांड आदि किसी दिन हजामत बनवा सकते हैं। वर्णभेद से क्षौर का वार—ब्राह्मण रविवार को, क्षत्रिय सोमवार को, वैश्य और शूद्र शनिवार को क्षौरोक्त तिथ्यादि में हजामत बनवा सकते हैं।

अक्षरारम्भ का मुहूर्त—जन्म से ५वें या ७वें वर्ष में उत्तरायण सूर्य में गणेश, विष्णु सरस्वती और लक्ष्मी का पूजन करके सोम, बुध, गुरु और शुक्रवार को ह., अश्वि., पुष्य, अभि. श्र. स्वा. रे. पुन. आर्द्रा. चित्रा, अनुराधा नक्षत्रों के बुरे योगों और भद्रा को छोड़ कर २, ३, ५, ६, १०, ११, १२ तिथियों में (शुक्लपक्ष उत्तम) अक्षरारम्भ शुभ होता है। लग्न में मेष, कर्क, तुला, और मकर राशियां नहीं होनी चाहिएं।

विद्यारम्भ का मुहूर्त—उत्तरायण में (कुम्भ का सूर्य छोडकर) रवि, बुध, गुरु और शुक्रवार को २, ३, ५, ६, १०, ११, १२ तिथियों में म., आर्द्रा, पुन., हस्त, चि., स्वा., श्र. ध. शत., अश्विनी, मू., तीनों उत्तरा, रो, पुष्य, आश्ले., अनु., रेवती नक्षत्रों में, जब लग्न से १, ४, ५, ७, ९, १० स्थान में शुभ ग्रह हों तो विद्यारम्भ शुभ है।

फारसी अंग्रेजी विद्यारम्भ का मुहूर्त—सूर्य, भौम, शनिवार हों, ४।९।१४ तिथि हों, ज्ये. आश्ले. म. तीनों पूर्वा. भ. कृ. वि. आर्द्रा उ. षा. शत. नक्षत्र शुभ हैं।

सीने पिरोने (सूचि कर्म) का मुहूर्त—अश्वि. पु. चि. अनु. ध. ये नक्षत्र, सूर्य, बुध, चन्द्र, बृ. श. ये वार, १।२।३।५।६।७।८।१०।११।१३।१५ ये तिथियां शुभ हैं।

यज्ञोपवीत संस्कार का मुहूर्त—यज्ञ और उपवीत इन दो शब्दों से यज्ञोपवीत बना है। देवताओं की पूजा, संगति (सम्मेलन या कान्फ्रेंस) और जिसमें दान हो, उसे यज्ञ कहते हैं। उपवीत का अर्थ है पिरो देने वाला अर्थात् देवपूजा, सम्मेलन और दान के साथ पुरुष को मिला देने वाला संस्कृत (तन्तु-धागा-विशेष) यह यज्ञोपवीत का अर्थ हुआ। बालक की गुरु, चन्द्र शुद्धि देखकर जन्म से या गर्भ से (गर्भाज्जनेर्वा इति पारस्करमन्वादीनां मते विकल्पः) ब्राह्मण आठवें वर्ष, क्षत्रिय ११वें, वैश्य १२वें, इन वर्षों में यदि न किया जाए तो ब्राह्मण १६ तक, क्षत्रिय २२ तक और वैश्य २४ वर्ष तक संस्कार कर सकते हैं। उसके बाद सावित्री पतित व्रात्य संज्ञा वाले होते हैं। माघादि पांच मासों में देवशयनी से पूर्व ह. अश्वि. पुष्य. अभि. ३उत्तरा, रो., आश्ले., स्वा., श्र., ध., मू., मृ., रे., चि., अनु., तीनों पूर्वा, आर्द्रा वेध रहित इन नक्षत्रों में (क्षत्रिय वैश्यों के लिए पुनर्वसु भी ग्राह्य हैं) सू. चं. बु, (बुधास्त हो तो बुधवार त्याज्य) श. गुरुवार को, शुक्ल २।३।१०।११।१२ तथा कृष्ण २।३।५ तिथियों में शुभ है। किन्तु सोपपदा तिथी जैसे आषाढ़ शुक्ल १०, ज्येष्ठ शुक्ल २, पौष शुक्ल ११, माघशुक्ल १२ को और संक्रांति दिन को तथा रोग बाण को छोड़कर मध्यान्ह से पहले शुभ है। शु. गु. चं. और लग्नेश, ६।८ वें स्थान में, चं. श. १२वें स्थान में, और १।५।८वें में पापग्रह अशुभ है। शुभग्रह ६।८।१२ स्थानों के सिवाय अन्य स्थानों में, पापग्रह ३।६।११ स्थानों में, वृष या कर्क का सम्पूर्ण चन्द्रमा; लग्न में हो तो शुभ होता है। गुरु शुक्र के बाल्य, वृद्धत्व, अस्त के समय को छोड़कर उपनयन शुभ है। यदि गोचराष्टक वर्ग से बालक से उपनयन संस्कार के लिए समय शुद्धि न मिले। अथवा सिंह, मकर विना अशुभ स्थान में गुरु हो तो सौर चैत्र में उपनयन संस्कार किया जा सकता है ऐसी शास्त्र की आज्ञा है।

योनि-नाड्यादि-ज्ञान चक्र

सांझे व्यापार (साझेदारी) में परस्पर अशुभ षडष्टक तथा गण-दोष नहीं होना चाहिए।

